हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • रविवार • 12.05.2024 • वर्ष : 14 • अंक : 288 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

# शहजादे को अपनी उम्र से भी कम सीटें मिलेंगी इंडी वाले अपनी हार मान चुके हैं : पीएम मोदी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चतरा :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चतरा के सिमरिया में जनसभा को संबोधित कर रहे हैं। पीएम ने कहा कि आज की भीड़ बता रही है 4 जून के नतीजे। इंडी अलायंस वाले अपनी हार मान चुके हैं। पीएम मोदी ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि शहजादे को अपनी उम्र से भी कम सीट मिलने जा रही है। उन्होंने कहा कि जेएमएम और कांग्रेस के ठिकानों से नोटों के पहाड़ निकल रहे हैं। यहां मंत्री, मंत्री का पीएस, पीएस का भी नौकर भ्रष्टाचार में डूबा है। यहां नोटों के पहाड़ उगाने का काम जेएमएम और कांग्रेस ने किया है। बेशर्मी देखिए इतने नोट निकलने के बाद शर्म से आंख झूक जानी चाहिए, लेकिन इन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता। कर्मचारियों के घरों से करोड़ों निकल रहे हैं। मालिकों के घर से कितना निकलेगा।




प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि ऐसे लोगों पर कौन कार्रवाई कर सकता है। आपका बेटा मोदी ये काम करेगा। पीएम ने कहा कि ये लोग देश की संपत्ति मुसलमानों को देना चाहते हैं। ये आपका आरक्षण अपने वोट बैंक को देना चाहते हैं। आंध्रप्रदेश में इन लोगों ने यही किया। ओबीसी के वोट मुलसमानों को दे दिए।

**इंडी आई तो एससी-एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण नहीं बचेगा**

बाबा साहेब आंबेडकर धर्म के नाम पर आरक्षण के पक्ष में नहीं थे। लेकिन, कांग्रेस और इंडी गठबंधन वाले धर्म के नाम पर आरक्षण देने की कोशिश में है। अगर ऐएममए, कांग्रेस और आरजेडी की चली तो एससी-एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण नहीं बचेगा। ये इनका आरक्षण छीनकर मुसलमानों को दे देंगे।

**अयोध्या के राजकुमार राम को आदिवासियों ने भगवान बनाया, इसलिए हम उनकी भी पूजा करते हैं : पीएम मोदी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चतरा के सिमरिया में जनसभा को संबोधित कर रहे हैं। पीएम ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस और उसके साथियों को आपकी भावनाओं की जरा भी परवाह नहीं है। 500 साल के इंतजार के बाद अयोध्या में भगवान राम का मंदिर बना। अनके पीढ़ियों के बलिदान के बाद बना। कौन हिंदुस्तानी होगा जिसको आनंद नहीं होगा। जब अयोध्या से बनवास के लिए राजकुमार राम ने प्रस्थान किया था न 14 साल के लिए, तब तो वे अयोध्या के राजकुमार थे। लेकिन 14 साल बाद बनवास के बाद वापस आये तो मयार्दा पुरुषोत्तम राम बने। अब जरा सोचिए कि राजकुमार राम मयार्दा पुरुषोत्त्म राम कैसे बने। वे 14 साल के आदिवासियों के बीच रहे। आदिवासियों ने अयोध्या के राजकुमार को भगवान बना दिया।

**बीजेपी ने एक आदिवासी बेटी को देश की राष्ट्रपति बनाया**

पीएम ने आगे कहा कि हम प्रभु राम की भक्ति करते है। हम आदिवासियों की भी पूजा करते हैं। कांग्रेस झामुमो और उनके सहयोगियों को आदिवासियों का हित, गौरव बर्दाश्त नहीं होता। भारतीय जनता पार्टी ने एक आदिवासी बेटी को देश की राष्ट्रपति बनाया। द्रौपदी मुर्मू जी आपके यहां गर्वनर रह चुकी हैं। आप उनको जानते हैं। वे आज देश के सर्वश्रेष्ठ पद पर हैं। एक आदिवासी बेटी को राष्ट्रपति किसने बनाया। एक आदिवासी बेटी को राष्ट्रपति आप सबके एक वोट ने बनाया।

# देश को तानाशाही से बचाने की जरूरत : केजरीवाल

एजेंसी

**नई दिल्ली :** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जेल से बाहर आने के बाद पहली बार शनिवार को पत्रकार वार्ता की। इसमें उन्होंने देश को तानाशाही से बचाने की अपील करते हुए कहा कि भाजपा सरकार आने के बाद प्रधानमंत्री मोदी अपनी राजनीतिक विरासत अमित शाह को सौंप देंगे। राउज एवेन्यू स्थित पार्टी कार्यालय में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, सांसद संजय सिंह और दिल्ली सरकार के मंत्रियों सहित अन्य नेता मौजूद थे। इस दौरान अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सत्ता में वापसी के साथ एक देश, एक नेता वाली स्थिति बन जाएगी। वे देश के सभी विपक्षी नेताओं को जेल में डाल देंगे जैसे उन्हें जेल में डाला गया। उन्होंने ममता बनर्जी, तेजस्वी यादव, उद्धव ठाकरे और एमके स्टालिन का नाम लेते हुए कहा कि इन्हें जेल में डाला जाएगा। मुख्यमंत्री केजरीवाल ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी पार्टी के नेताओं को ही साइडलाइन कर दिया है। उन्होंने मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को पद से हटा दिया। वे जल्द ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी पद से हटा देंगे। उन्होंने भाजपा में 75 वर्ष की आयु के नियम का हवाला देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी 75 साल का होने के बाद अगले साल पद छोड़ देंगे और अमित शाह को प्रधानमंत्री बनायेंगे। असल में भाजपा को वोट देने का मतलब है अमित शाह को प्रधानमंत्री के लिए वोट करना। मुख्यमंत्री ने कहा कि जेल से बाहर आकर उन्होंने कई नेताओं, विशेषज्ञों और जनता से बात की है। इससे उनका अंदाजा है कि भाजपा गठबंधन को 220 से 230 सीटें आयेंगी। उनकी हर राज्य में सीटें कम होंगी। इससे इंडिया गठबंधन अपनी सरकार बनाएगा। मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा कि उन्हें पद से प्यार नहीं है लेकिन पद पर बने रहना उनकी मजबूरी है। असल में वे भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं।

# 20 साल तक बीजेपी ने पलामू को विकास से वंचित रखा अबकी बार जनता देगी वोट का चोट : कल्पना सोरेन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू :** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन शनिवार को पलामू के चिनियां प्रखंड पहुंचीं और राजद प्रत्याशी ममता भुइयां के समर्थन में चुनावी सभा किया। कल्पना सोरेन ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यहां की बेटी व बहु को जनता ने स्वीकार कर लिया है। यह जन सैलाब दिख रहा है कि इसका छाप ऐसा होना चाहिए कि यह कभी नहीं मिटे। आपके सांसद ने यहां अपना मुंह भी नहीं दिखाया। आपकी बेटी आपके पास रहेंगी। ईवीएम का नंबर और तारीख याद कर लीजिये और 13 मई को वोट के रूप में छाप दीजिये। कल्पना सोरेन ने कहा कि जुमले वाली सरकार को करारा जवाब देना है। जो एमपी बने हैं, उनहोंने आपकी आशाओं को, आपकी आकांक्षाओं को बर्बाद किया है। हेमंत जी को भी इनलोगों ने साजिश के तहत जेल भेजा है। लोकसभा चुनाव को लेकर इनलोगों ने खेला खेला है। झारखण्ड के हेमंत जी ने जब अपनी एक लाख 26 हजार करोड़ का राजस्व की मांग की तो इनलोगों को दर्द हो गया और उन्हें जेल भेज दिया। इन पैसों से हम स्कूल बनाते, घर बनाते, सिचाई के लिए काम करते ये पैसा आपका था आपका पैसा मांगा तो जेल के अंदर भेज दिया। बीस वर्षों से भाजपा ने शासन किया है। लेकिन आज झारखण्ड का हाल जस का तस है। जब केंद्र की सरकार हमारे झारखंड का पैसा रोक कर दूसरे राज्यों को दे देते हैं। अबुवा आवास बीस लाख लोगों को दिया जाएगा, हरा कार्ड केंद्र सरकार ने कटवा दिया, पेंशन के लिए लोग तड़प रहे थे तो सर्वजन पेंशन योजना चलाई। छात्रवृति के लिए जो काम किए हैं वो आज तक नहीं हुआ है। कल्पना सोरेन ने पलामू में जनसभा को संबोधित करने के बाद एक ट्वीट भी किया है जिसमें लिखा है माँ गढ़देवी की पावन धरती गढ़वा में आज पलामू लोकसभा क्षेत्र से राजद (इंडी गठबंधन) की उम्मीदवार ममता भुंइया जी के चुनावी कार्यक्रम में शामिल हुई। भाजपा ने 20 वर्षों तक पलामू प्रमंडल को संसाधनों और मूलभूत अधिकारों से वंचित रखा था। हेमन्त जी ने पलामू प्रमंडल समेत झारखण्ड राज्य के लिए कई लोक-कल्याणकारी योजनाओं को चलाया तो डर कर तानशाही ताकतों ने उन्हें जेल में डाल दिया। संविधान बदलने की सोच रखने वाली तानशाही ताकतों को पलामू लोकसभा क्षेत्र की जनता वोट की चोट से जवाब देगी। इस चुनाव में पलामू लोकसभा की जनता अपनी उस उम्मीदवार को चुनेगी जो उनके हक-अधिकार, उनकी बात संसद तक पहुंचाएगी। आप सभी से आग्रह है 13 मई के दिन ममता जी को अपना आशीर्वाद देकर इंडी गठबंधन को मजबूत करें।



# ट्रेन खराब होते ही गांव वालों में मच गई चावल की लूट, 4 लोग गिरफ्तार



**रामगढ़ :** रामगढ़ जिले के अरगड्डा और कुज्जू रेलवे स्टेशन के बीच बरवाटांड़ में अचानक एक मालगाड़ी ट्रेन खराब हो गई। जिसमें चावल लदा था। ट्रेन पटरी से उतर गयी थी। ट्रेन खराब होने की सूचना जैसे ही ग्रामीणों को हुई लोग चावल लूटने पहुंचने लगे। गांव वालों ने ट्रेन की बोगी का ढक्कन तोड़ दिया और चावल लूट लिया। हजारीबाग आरपीएफ की टीम ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है और 60 बोरा चावल जब्त किया है। स्टेशन मास्टर की नजर पड़ी बताया जाता है कि आठ मई को चावल लेकर जा रहे ट्रेन की इंजन में अचानक कुछ खराबी आ गयी। इसके कारण ट्रेन को कुछ देर के लिए बरवाटांड़ के पास रोकना पड़ा। जैसे ही लोगों को ट्रेन में चावल लोड होने की सूचना मिली, लोग दो बोगियों को खोल कर करीब 115 बोरा चावल लूट कर फरार हो गये। घटना की सूचना मिलने पर आरपीएफ ने सरैयाटांड़ व बरवाटांड़ में छापामारी अभियान चलाकर 60 से 70 बोरा चावल को बरामद कर लिया। जब ट्रेन कुज्जू रेलवे स्टेशन जा रही थी तो स्टेशन मास्टर की नजर बोगी पर पड़ी। तब जाकर चरही आरपीएफ को मामले की सूचना दी गई। ट्रेन चरही पहुंची तो आरपीएफ ने देखा कि दो बोगियों से चावल गायब है, जिसके बाद रेलवे सुरक्षा बल ने आसपास के गांव में अलग-अलग घरों में छापेमारी की।




## झामुमो के पूर्व विधायक जयप्रकाश वर्मा हुए निलंबित

**रांची :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने गिरिडीह के पूर्व विधायक जयप्रकाश वर्मा को पार्टी से निलंबित कर दिया है। इस संबंध में झामुमो के महासचिव विनोद कुमार पांडे ने शनिवार को पत्र जारी कर कहा है कि लोकसभा चुनाव के दौरान जयप्रकाश वर्मा ने कोडरमा सीट से नामांकन कर महागठबंधन धर्म के विपरीत कार्य किया है। पार्टी के अध्यक्ष शिबू सोरेन के निर्देश पर जयप्रकाश वर्मा को पार्टी के सदस्यता से निलंबित किया गया है।

## गिरिडीह में नरेन्द्र मोदी की रैली 14 को

**रांची :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 14 मई को झारखंड के गिरिडीह जिले के बिरनी में रैली करेंगे। इस दौरान मोदी की सुरक्षा में चप्पे-चप्पे पर हथियाबंद जवान तैनात रहेंगे। इसके लिए दो हजार अतिरिक्त सुरक्षाकर्मियों की तैनाती होगी। इसमें 50 इंस्पेक्टर, 280 एसआई और एएसआई, 1146 लाठी बल, 50 यातायात पुलिसकर्मी, दो बीडीएस की टीम, दो हिट टीम, तीन डॉग स्कवाईड सहित इको की आधा दर्जन टीमें तैनात रहेंगी।

# आप सरकार की ओर से बहस करने वाले वकीलों का भुगतान केंद्र सरकार करे : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को आदेश जारी किया है कि वो आप सरकार की पैरवी करने वाले वकीलों को भुगतान करे। कोर्ट ने आगे कहा कि इसे प्रतिष्ठा का विषय ने बनायें। कहा कि केजरीवाल सरकार का बचाव करने वाले वकीलों का बिल रोकना उचित नहीं है। बता दें कि इस मामले में केजरीवाल सरकार की ओर से याचिक दाखिल की गयी है। याचिका में कहा गया है कि दिल्ली के उपराज्यपाल और केंद्र सरकार वकीलों की नियुक्ति में हस्तक्षेप कर रहे हैं। ये वकील दिल्ली सरकार का कोर्ट में बचाव करते आये हैं। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने मौखिक तौर पर कहा कि वकीलों के बिल का भुगतान किया जाना आवश्यक है।

**क्या कहा सॉलिसिटर जनरल ने**

सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा है कि इस मामले को प्रतिष्ठा का मुद्दा न बनाएं और बिलों का भुगतान जल्द किया जाये। दूसरी ओर मामले की सुनवाई कर रही जस्टिस संजीव खन्ना की बेंच ने अगली सुनावई के लिए 22 जुलाई की तारीख निर्धारित की है। केजरीवाल सरकार के वकीलों ने दलील दी है कि आम आदमी पार्टी की सरकार खुद का बचाव कोर्ट में कैसे करें। उनके वकीलों का बिल तक रोका दिया जा रहा है।



**क्यों उठा भुगतान का मामला**

यह मामला इसलिए उठ रहा है, क्योंकि दिल्ली सरकार ने केंद्र के खिलाफ याचिका दायर की है। जस्टिस खन्ना की अगुवाई वाली बेंच ने हालांकि इस मामले में शुक्रवार को कोई आदेश पारित नहीं किया। लेकिन सॉलिसिटर जनरल से कहा कि जहां तक बिल का सवाल है, तो उसे नहीं रोका जा सकता है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा इस मामले को और बेहतर तरीके से समझन की जरूरत है। इसके लिए समय चाहिये।

## मल्लिकार्जुन खड़गे ने पटना में की बैठक कांग्रेस के दो नेताओं ने दिया इस्तीफा

**पटना :** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण की वोटिंग से पहले कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे शनिवार को बिहार की राजधानी पटना पहुंचे। यहां उन्होंने पार्टी के सहयोगी दलों के नेताओं के साथ बैठक कर भाजपा को मात देने की रणनीति तय की। हालांकि, कांग्रेस की बैठक के बीच ही कांग्रेस के दो नेताओं ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया। बिहार प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता विनोद शर्मा और अरविंद ठाकुर ने कांग्रेस के सभी पदों के साथ पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया है। दोनों नेताओं ने अपना इस्तीफा राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को भेज दिया है। विनोद शर्मा ने कहा कि राष्ट्रहित और राज्यहित में दुखी मन से पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहा हूं। कांग्रेस ने बिहार में जंगलराज-2 की शुरूआत के लिए राजद के सामने घुटने टेक दिए हैं। भारत तेरे टुकड़े होंगे का नारा लगाने वाले को दिल्ली में लोकसभा का उम्मीदवार बनाया गया है।

# तीसरी बार बनाएं मोदी सरकार, सबकी बदलेगी किस्मत : मनीष जायसवाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** संसदीय चुनाव की दुदुंभी बजने के पहले और बाद बतौर सदर विधायक मैंने सदैव जनता का साथ निभाया। एनडीए से टिकट की घोषणा के बाद से संसदीय क्षेत्र हजारीबाग के विभिन्न क्षेत्रों में अनवरत 70 दिनों से बिना आराम किए 18-20 घंटे जन-जन की बात सुनी। अगर धरातल पर जनसमस्याओं का समाधान करना है, तो लोकसभा चुनाव में 20 मई को मतदान अवश्य करें और मुझे संसद भेज कर अपना साथ दें। संसद भवन में उन जनसमस्याओं के निदान के लिए मुखर बन कर आवाज उठाएंगे। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने क्षेत्र में मतदाताओं से जनसंपर्क के दौरान यह बात कही। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि तीसरी बार मोदी सरकार बनाएं। सभी लोगों की किस्मत बदलेगी, अगर एनडीए को देशभर में 400 सीटों का आंकड़ा पार करा दें। उन्होंने कहा कि इन 70 दिनों में मैंने हजारीबाग सदर के अलावा मांडू, बरही, बड़कागांव और रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के हर वर्ग, हर तबके के लोगों से रू-ब-रू हुआ और उनकी समस्याओं को करीब से जाना। मन में यही संकल्प है कि अगर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता ने उन्हें अपने संसदीय क्षेत्र के प्रतिनिधित्व का मौका दिया, तो जिस तरह बतौर विधायक हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र का विकास कर कायापलट की, वैसे ही पूरे संसदीय क्षेत्र में लोगों की परेशानियां दूर होंगी। रोजी-रोजगार के अवसर पैदा करेंगे और हर हाथ को काम मिलेगा। शिक्षा के क्षेत्र में भी संसदीय क्षेत्र आगे बढ़ेगा। संसाधनों का सही इस्तेमाल कर प्रगति की गाथा लिखेंगे। विस्थापन का मुद्दा अब दबेगा नहीं। उन्होंने कहा कि लोग मोदी जी और एनडीए गठबंधन की सरकार की ओर आशा भरी निगाहों से देख रहे हैं। उनकी उम्मीदों को हम कैसे तोड़ सकते हैं। स्वच्छ राजनीति से देश को दुनिया के मानचित्र पर विश्वगुरु बनाने का सपना विश्व की सबसे बड़ी पार्टी एनडीए गठबंधन ही कर सकती है। उन्होंने मोदी सरकार के अब तक किए गए कार्यों से लोगों को अवगत कराया और भविष्य का विजन भी बताया। उन्होंने कहा कि यह चुनाव महापर्व है, जिस पर देश को गर्व है, इस बार दिनभर मतदान है। अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। हर काम छोड़कर मतदान को प्राथमिकता दें, तभी देश का लोकतंत्र पहले से कहीं अत्याधिक मजबूत होगा ।

## एक नजर

### करंट लगने से चार वर्षीय मासूम की मौत

**गिरिडीह :** जिले के गावां थाना इलाके के बिरने गांव में 440 वोल्ट के जर्जर तार टूट कर गिरने से शनिवार को चार वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। बच्चे की मौत के बाद परिजनों ने बिजली ऑफिस के सामने शव को सड़क पर रख कर गावां तिसरी मुख्य मार्ग को घंटों जाम कर दिया है। हालांकि गावां पुलिस के काफी समझाने के बाद लोगों ने जाम हटा लिया। घटना के बाबत बताया गया है कि गावां थाना क्षेत्र के बीरने गांव निवासी सुधीर यादव का चार वर्षीय पुत्र प्रिंस कुमार अपने घर के पीछे खेत में खेल रहा था। इसी दौरान 440 वोल्ट का जर्जर बिजली का तार अचानक टूट कर उस पर गिर गया। बच्चे को करंट की चपेट में आता देख आस-पास के ग्रामीणों ने किसी तरह उसे वहां से निकाल कर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गावां ले गए, जहां चिकित्सक ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

### निजी विद्यालय संघ की हुई बैठक

**चौपारण :** प्रखण्ड के नया सवेरा एकेडमी चौपारण में शनिवार को निजी विद्यालय संघ की प्रखंड इकाई की अतिआवश्यक बैठक संघ के अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह के अध्यक्षता में समपन्न हुई। बैठक का संचालन संघ के उपाध्यक्ष नंदकिशोर प्रजापति व कोसाध्यक्ष मदन कुमार राणा ने किया। बैठक में सर्वप्रथम संघ ने नर्सरी से लेकर आठवीं तक के स्कूल संचालित करने के अध्यादेश के लिए राज्य सरकार को धन्यवाद एवं आभार ब्यक्त किया। ततपश्चात बैठक में संघठन के मजबूती के लिए सभी संचालको ने अपने-अपने विचारों को रखा और संघ के निर्णय के साथ चलने की बात कही। सभी स्कूल संचालको ने संघठन की मजबूती के लिए कोष एकत्रित करने पर भी जोर दिया और संघठन से जुड़े सभी स्कूलों को एक सप्ताह के अंदर निर्धारित राशि को कोसाध्यक्ष के पास जमा करने को कहा गया। साथ ही संघठन से जुड़े सभी स्कूलों को एक सर्टिफिकेट देने का भी निर्णय संघ द्वारा लिया गया। इसके अलावा जो स्कूल संघठन से अबतक नहीं जुड़े पाए हैं उन्हें भी जोड़ने का निर्णय लिया गया। साथ ही संघठन से जुड़े किसी भी स्कूल के आफत विपत के समय हर सम्भव साथ देने का निर्णय लिया गया। बैठक में संघ के सचिव अशोक गुप्ता, अरबिंद कुमार, सियाराम शर्मा, धीरेन्द्र सिन्हा, दीपक कुमार शर्मा, बैंजु राणा, नकुल साव, निरंजन धनमूर्ति सहित अन्य विद्यालय प्रभारी उपस्थित थे।

### स्वीप कार्यक्रम के तहत दिव्यांगजनों की खेल-कूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**हजारीबाग :** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अन्तर्गत स्वीप कार्यक्रम के तहत दिव्यांजनों का खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन एम्फी थियेटर, झील परिसर हजारीबाग में किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में दिव्यांगजन उपस्थित थे। इन्दु प्रभा खालखो, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, हजारीबाग ने दिव्यांगजनों को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में भाग लेकर अपने मत का प्रयोग करें एवं अपने परिवार तथा अपने आसपास के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। दिव्यांगजनों ने 'पांव नहीं तो पहियों पे आओ, लेकिन अपनी राय बताओ का नारा लगाया। इस अवसर पर दिव्यांगजनों के बीच विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जैसे ट्राई साईकिल रेस, सूई-धागा, बास्केटबॉल, म्यूजिकल चेयर एवं नेत्रहीन दिव्यांगों के बीच दौड़ आदि। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करनेवाले सफल प्रतिभागियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया।

# राजीव रंजन प्रसाद ने जेपी भाई पटेल के पक्ष में चलाया जनसंपर्क अभियान



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के स्टार प्रचारक राजीव रंजन प्रसाद आज हजारीबाग के दौरे पर रहे और उनके साथ महानगर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज नारायण भगत और उपाध्यक्ष कृष्णा किशोर प्रसाद उपस्थित रहे । आज शहर के विभिन्न मुहल्ला में विशेषकर कानी बाजार, बड़म बाजार,न्यू एरिया, जादो बाबू, महावीर स्थान रोड, शिवपुरी, नवाबगंज, ओकनी, अमृतनगर मुहल्ला के साथ ही साथ अनेकों संगठनों, के अलावा कई बैठक किया । इस अवसर पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के स्टार प्रचारक राजीव रंजन प्रसाद ने कहा देश की जनता लोकतंत्र की रक्षा और संविधान बढ़ाने की दृष्टिकोण से अपना मन बना चुकी है झारखंड के अंदर 14 लोकसभा सीटों पर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी बड़ी जीत हासिल करने जा रहे हैं उन्होंने कहा कि आज देश में मूल मुद्दों से भटकने के दृष्टिकोण से मौजूदा सरकार और उसमें शामिल प्रतिनिधि देश की जनता को गुमराह करने का लाख प्रयास करने परंतु में सफलता हासिल नहीं होने वाली आज बेरोजगारी महंगाई किसने की समस्याएं और लोगों के बीच बढ़ता हुआ विश्वास नफरत के बीच जो समाज को बांटने के लिए राजनीतिक हित के लिए बाय जा रहे हैं उससे निजात दिलाने के लिए इंडिया गठबंधन के पक्ष में देश की जनता अपना मन बना चुकी है ।इस अवसर पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के अध्यक्ष अरुण प्रभात सिन्हा, कार्यकारी अध्यक्ष बृजमोहन प्रसाद, महिला अध्यक्ष अर्चना सिन्हा, अजय अम्बष्टा मनोज सिन्हा, प्रियंवदा, अनिल सिन्हा, पिंटू सिन्हा, अजय कुमार, अजय कुमार, अंजनी कुमार सिन्हा, बिपिन सिन्हा, राकेश, अंजली सिन्हा आदि सैकड़ों पुरुष और महिलाओं की उपस्थिति रही ।

# मतदान सामग्री लेकर डिस्पैच सेंटर से रवाना हुए मतदान कर्मी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पलामू :** लोकसभा चुनाव को लेकर मतदान कर्मियों को शनिवार को मतदान सामग्री उपलब्ध कराया गया। इसके लिये जिला मुख्यालय स्थित गणेश लाल अग्रवाल कॉलेज के परिसर में विधानसभा वार अलग-अलग काउंटर लगाये गये थे जहां संबंधित बूथों के कर्मियों को मतदान सामग्री उपलब्ध कराया गया। इसके बाद उसका मिलान किया गया। प्रतिनियुक्ति कर्मी सुबह 7 बजे से ही केंद्र पर पहुंच गये थे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन, पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन चारों विधानसभा के सहायक निवार्ची पदाधिकारी के देख-रेख में वितरण कार्य शुरू हुआ। अलग-अलग विधानसभा के लिये लगाये गये थे काउंटर, कुल 213 बूथों के लिये पोलिंग पार्टी हुए रवाना चारों विधानसभा हेतु अलग-अलग काउंटर बनाये गये थे जहां कई तरह के कागजी प्रक्रिया के पश्चात उन्हें मतदान सामग्री देकर अपने-अपने बूथों के लिये रवाना कर दिया गया। पोलिंग पार्टी के साथ सेक्टर पदाधिकारी व पुलिस बल को भी टैग किया गया था। आज डालटनगंज विधानसभा के 47,विश्रामपुर के 12, छत्तरपुर के 97 व हुसैनाबाद के 57 बूथों के लिये पोलिंग पार्ट को रवाना किया गया। इसी तरह आज कुल 852 मतदानकर्मी अपने-अपने इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम के लिये रवाना हुए। जी.एल.ए कॉलेज स्थित डिस्पैच सेंटर में मतदानकर्मियों के रवानगी के पूर्व जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने उन्हें कई बिंदुओं पर ब्रीफ किया।

# राजकुमार कुशवाहा ने चलाया जनसंपर्कअभियान



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** झारखंड पार्टी के हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी लगातार हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं अपनी जीत सुनिश्चित करने को लेकर लगातार जनता के साथ जुड़े हुए हैं और दूर-दूर जनसंपर्क अभियान कर चला कर लोगों से अपने पक्ष में जन समर्थन की लगातार अपील कर रहे हैं शनिवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत कटकमसांडी प्रखंड के रोमी छड़वा और सदर प्रखंड अंतर्गत ओरिया, बेहरी और सिंघानी आदि का सघन चुनावी दौरा कर जनसंपर्क अभियान चलाया वहीं शहरी क्षेत्र के सरदार रोड, कुरैशी मुहल्ला, आजाद रोड, सुजाअत चौक, जामा मस्जिद रोड मालवीय मार्ग, झंडा चौक डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने लोगों से मुखातिब होकर झारखंड पार्टी को अपना आशीर्वाद और जन समर्थन की अपील करते हुए कहा कि झारखंड पार्टी जो झारखंड की स्थानीय पार्टी है जल जंगल जमीन के अधिकार की पार्टी है झारखंड के विकास को लेकर लगातार सतत प्रयासरत है। कहा कि झारखंड का विकास झारखंड पार्टी ही कर सकती है क्योंकि झारखंड की भौगोलिक स्थिति और स्थानीय जन समस्याओं को भली-भांति जानती है और झारखंड पार्टी के बारे में जनता सब कुछ जानती है। कहा कि लगातार लोगों से जनसंपर्क कर जन समर्थन की अपील कर रहे हैं और लोगों का अपार जन समर्थन उन्हें मिल रहा है सभी का एक ही संकल्प है। कि इस बार झारखंड पार्टी के स्थानीय प्रत्याशी राजकुमार को भारी बहुमत से जीत दिलाएंगे जीत को लेकर उन्होंने दावा करते हुए कहा कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता चुनाव लड़ रही है और जनता जनार्दन का यह निर्णय हो चुका है।

# एनडीए प्रत्याशी बीडी राम भारी मतों से विजय की ओर अग्रसर : सतीश कुमार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**पलामू :** आजसू पार्टी के पलामू लोकसभा प्रभारी सतीश कुमार ने कहा कि 13 मई को हमारे कार्यकर्ता हर गांव से जनता को मतदान करने के लिये अभी से प्रेरित करे, सुबह सुबह मतदान कराये। पलामू लोकसभा में एनडीए प्रत्याशी बी डी राम भारी मतों से जीत दर्ज करेगें जनता ने मन बना ली है। झारखंड में इन्डिया गठबन्धन को तो वोट मांगने का नैतिक अधिकार भी नही है। जब लाखो झारखण्डी अलग राज्य के आन्दोलन मे अपनी सब कुछ निक्षावर कर रहे थे तो राष्ट्रीय जनता दल के महामहिम लालू यादव अपने लाश पर झारखण्ड राज्य का निर्माण करा रहे थे। ये झारखण्ड आन्दोलनकारियो के दुश्मन थे। इन्हें झारखण्डी जनता से मतलब न उस समय था न आज है। इनकी गिद्ध दृष्टि झारखण्ड के प्राकृतिक सम्पदा अकुत वन सम्पदा खनिज पदार्थ खदानों पर लगी थीं। कांग्रेस की भी यही हाल थी। झारखंड आंदोलन को बेचने वाले झारखण्ड मुक्ति मोर्चा और खरीदने वाले कांग्रेस के नरसिंह राव सरकार, और अन्त में शिबू सोरेन को भ्रष्टाचार के मुकदमा मे फसाने वाले यही कांग्रेसी। कल तक सडक पर जय श्री राम चिल्लाने वाली मोदी भक्त ममता भूईयां को टिकट नहीं मिला तो चारा चोरो के पार्टी मे शामिल होकर सांसद बनने की सपना देखने लगी। जनता सब जानती है जात पात की राजनीति करने वालों को नकार चुकी हैं। इन्डिया गठबन्धन के सभी दल झारखण्ड मे 5 साल राज्य में सरकार बना कर प्राकृतिक सम्पदा का दोहन किया अब मुखिया हेमंत सोरेन जेल में है इनके और भी मंत्री का जेल का फाटक इन्तजार कर रहा है। सांसद बीडी राम का 10 बर्ष का कार्यकाल कांग्रेसियों के 70 बर्ष के कार्यकाल पर भारी है।

# पलामू लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बीडी राम ने चैनपुर प्रखंड के विभिन्न गांवों का किया दौरा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**पलामू :** पलामू के निवर्तमान सांसद और पलामू लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम ने चैनपुर प्रखंड अंतर्गत विभिन्न गांवों यथा - पूर्वडीहा, लिधकी, पतरिया, बोकेया, कटुवल, कोशियारा, एवं पथरा आदि में जनसंपर्क अभियान चलाया और स्वयं तथा केन्द्र सरकार के उपलब्धियों को गिनाते हुए लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान हेतु अनुरोध किया। मौके पर सांसद श्री राम ने कहा कि मोदी सरकार किसी जाति धर्म और समुदाय में विभेद नहीं करते उनके लिए देश के सभी जाति धर्म वर्ग समुदाय के लोग उनके परिवार है और उनके नजर में सिर्फ चार जातियाँ-गरीब, युवा, महिला और किसान हैं। उन्होंने बताया की मोदी सरकार हमेशा गरीबों की हितों के बारे में सोचती है इनकी निर्णय,नीति एवं नियति बिल्कुल स्पष्ट है। उन्होंने कहा कि आज के परिपेक्ष्य में मोदी का कोई दूसरा विकल्प नहीं है। उन्होंने दूसरे पार्टियों पर निशाना साधते हुए कहा कि दूसरी पार्टी परिवारवाद को बढ़ावा देती है जबकि मोदी का परिवार इस देश कि जनता है। वहीं पूर्व की अपेक्षा इस चुनाव में वोट प्रतिशत बढ़ाने हेतु भी अनुरोध किया। श्री राम ने कहा कि आज भारत का मान सम्मान विश्व पटल पर मोदी सरकार ने बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि यदि मोदी सरकार पुनः सत्ता में आती है तो 2029 तक भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा। उन्होंने कहा शहर के लोगों को जो मूलभूत सुविधा मिलती है वो सभी सुविधा ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोगों को मिले यही मोदी सरकार की सोच है। बताया कि 13 मई को होने वाले चुनाव का समय सुबह 7:00 से शाम के 5:00 तक है लेकिन उन्होंने लोगों को 7:00 बजे से पहले मतदान के लिए कतार में खड़े होने का अनुरोध किया और बताया कि यदि 5:00 बजे शाम तक कोई व्यक्ति कतार में खड़ा हो जाता है तो उसको मतदान देने से रोका नहीं जा सकता चाहे कितनी भी देर क्यों ना हो जाए। सांसद श्री राम ने कहा कि मोदी सरकार का कहना है न खाया है, न खाने देंगे,श्री राम ने कहा कि आज के परिपेक्ष्य में मोदी का कोई विकल्प नहीं है.उन्होंने कहा कि हमारी सरकार इस बार 400 से अधिक सीटों से विजय होंगी अतः आप सभी लोग जितने वाले प्रत्याशी नरेन्द्र मोदी के पक्ष में मतदान कीजिये, दूसरे पार्टियों को मतदान करना अपने बहुमूल्य वोट को बर्बाद करने जैसा होगा। उन्होंने कहा कि ई. वी. एम. में तीसरे क्रमांक पर उनका नाम एवं कमल फूल छाप होगा जिस पर बटन दवाकर उन्हें भारी मतों से विजय बनाने हेतु अनुरोध किया और आशीर्वाद मांगा।

## संक्षिप्त खबरें

### जंगल में मिला अज्ञात युवक का शव, पुलिस जांच में जुटी

**गिरिडीह :** डुमरी थाना क्षेत्र के गुरहा जंगल से शनिवार की सुबह एक अज्ञात युवक का अधजला शव मिला। इस घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गयी है। जानकारी मिलने के बाद पुलिस और आसपास के लोगों की भीड़ घटनास्थल पर पहुंची. फिलहाल पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। घटना के बाबत बताया जाता है कि शनिवार की सुबह गांव के कुछ लोग शौच के लिए गिरिडीह के गुरहा जंगल की ओर गए हुए थे। इसी दौरान ग्रामीणों को कुछ जलने की बदबू का एहसास हुआ। जब ग्रामीण जंगल के अंदर की ओर गए तो देखा कि एक युवक का शव अधजला अवस्था में पड़ा हुआ है। इसके बाद ग्रामीणों ने हो-हल्ला कर आस-पास के अन्य लोगों भी बुलाया। इसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गयी। जानकारी मिलने के बाद डुमरी थाना पुलिस मौके पर पहुंचीं और आसपास के ग्रामीणों से पूछताछ की। इसके बाद शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि मामले की छानबीन की जा रही है। जांच के बाद ही इस पर कुछ कहा जा सकता है। फिलहाल शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। हालांकि शव को देखकर युवक की हत्या होने की आशंका जतायी जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से शव को जला दिया गया है।

### स्प्रिट की बड़ी खेप को पुलिस ने किया जब्त एक गिरफ्तार



**छतरपुर(पलामू) :** छतरपुर पुलिस ने लोकसभा चुनाव के ठीक पहले शराब में निर्माण होने वाला स्प्रिट की बड़ी खेप को जप्त किया है। साथ ही एक अवैध शराब कारोबारी को भी गिरफ्तार किया है। मामले पर जानकारी देते हुए छतरपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नौशाद आलम ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि गुप्त सूचना मिली कि छतरपुर थाना क्षेत्र के नेवरीबार रूपचंदडीह स्थित सुदेश्वर भुइयां के घर के पास अवैध स्प्रिट टैंकर गाड़ी से प्लास्टिक के जार में भरकर अनलोड किया जा रहा है। जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस अधीक्षक महोदया के आदेश अनुसार छतरपुर डीएसपी नौशाद आलम के नेतृत्व में टीम गठित कर छापेमारी की गई। जिसमें एक टैंकर, हाईवा, पिकअप वाहन पर सवार लोग पुलिस बल को आता देख भागने लगे। जिसमें से भाग रहे एक व्यक्ति को पुलिस बल के द्वारा खदेड़ कर पकड़ लिया गया तथा स्प्रिट से भरा हुआ टैंकर वाहन नंबर पीबी 65 अअ 9213, पिक अप वाहन संख्या जेएच 03` 6026 जिसमें 25 जार स्प्रिट भरा हुआ, हाईवा वाहन संख्या जेएच 02 अश 5415 जिसमें 150 जार स्प्रिट भरा हुआ तथा कारोबार में संलिप्त मारुति ब्रेजा कार संख्या जेएच 02 इऋ4676 को जप्त कर छतरपुर थाना लाया गया तथा मामला दर्ज कर करवाई की जा रही है। गिरफ्तार व्यक्ति भीम सिंह उम्र करीब 37 वर्ष पिता उमरिक सिंह ग्राम कारकॉर थाना डेरा बस्सी जिला मोहाली पंजाब का रहने वाला है। उक्त छापेमारी दल में छतरपुर डीएसपी नौशाद आलम, इंस्पेक्टर द्वारिका राम, छतरपुर थाना प्रभारी राजेश रंजन, नौडिहा बाजार थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी, एसआई राहुल कुमार, एस आई अनिल कुमार रजक समेत कई जवान शामिल रहे।

### 6 पशु तस्कर गिरफ्तार, 55 मवेशी जब्त



**पलामू :** पांकी थाना पुलिस ने पशु तस्करों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए आधा दर्जन पशु तस्करों को गिरफ्तार किया है। साथ ही 55 मवेशियों को पुलिस ने जब्त किया। इस संबंध में पांकी थाना पुलिस ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि गुरुवार को पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन को सूचना मिली थी कि सतबरवा थाना क्षेत्र होते हुए गौ तस्करों के द्वारा पैदल काफी संख्या में गोवंशीय पशु को तस्करी कर ले जाया जा रहा है। पांकी थाना क्षेत्र के आसेहार से गुजरने वाला है। उक्त सूचना के आलोक में छापेमारी दल का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आसेहार महुगांई रामबाण आहार के पास से गौ तस्करों को दबोचा। साथ ही 55 गोवंशीय बैल एवं भैंसा को जब्त किया गया। 6 गौ तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही 10 गौ तस्करों पर पांकी थाना में मामला दर्ज किया गया।

### जनता का हौसला और आशीर्वाद हमारे साथ है : संजय मेहता




**हजारीबाग :** लोकसभा क्षेत्र में युवाओं की पहली पसंद के तौर पर जेबीकेएसएस निर्दलीय प्रत्याशी संजय कुमार मेहता ही देखें जा रहे हैं। सोशल मीडिया में उनके प्रति युवा पूरे उत्साह के साथ समर्थन कर रहे हैं। शनिवार को अपने जनसंपर्क अभियान के तहत संजय मेहता लोकसभा क्षेत्र के बरही विधानसभा एवं रामगढ़ विधानसभा में रहे। उन्होंने कई पंचायतों में जाकर स्थानीय लोगों से आशीर्वाद प्राप्त किया। उसके बाद भगवान बिरसा मुंडा जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर रामगढ़ स्थित महुआटांड से बाइक रैली की शुरूआत की गई। बाइक रैली अरगड्डा, सिरका, नोनायीटांड, बूढ़ाबांध, तेलियाटांड, बड़काटांड, कौवाबेड़ा से होते हुए बुधबाजार में समाप्त हुआ। जनसंपर्क व रैली में मुख्य रूप से भुनेश्वर यादव, संदीप प्रजापति, करण महतो, मदन महतो, संजय महतो, रघु रोकड़ा, लगनराम महतो, नीतीश प्रजापति सहित कई लोग उपस्थित थे।

### बरही में मतदाता जागरूकता को लेकर निकली रैली

**बरही :** अनुमंडलीय अस्पताल परिसर से शनिवार को स्वीप कार्यक्रम के तहत लोकसभा चुनाव के निमित्त मतदाता जागरूकता हेतु रैली निकाला गया। अनुमंडलीय अस्पताल परिसर में उपाधीक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी के द्वारा उपस्थित सभी अस्पताल कर्मियों को मतदाता जागरूकता हेतु शपथ दिलाया गया। मतदाता जागरूकता रैली अस्पताल परिसर से निकलकर बरही चौक होते हुए पुनः अस्पताल पहुंचकर समाप्त हुआ। रैली के दौरान मतदाताओं को जागरूक करने के लिए नारे लगाए गए। इस दौरान डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने मतदाताओं को अपना मत डालने के लिए जागरूक किया, रैली के दौरान सभी अधिकारी एवं कर्मी अपना फर्ज निभाना, मत देने जरूर जाना आदि के नारे लगाते हुए नजर आये।

## एक नजर

### धुर्वा डैम में नहाने के दौरान डूबने से दो बच्चों की मौत



**रांची** : नगड़ी थाना क्षेत्र स्थित धुर्वा डैम में शनिवार को डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस स्थानीय गोताखोरों की मदद से बच्चों को डैम से बाहर निकालने की कोशिश कर रही है। डूबे हुए बच्चों में आलोक कुमार (15) और बंटू कुमार शामिल है। दोनों बच्चें शर्मा कॉलोनी धुर्वा के रहने वाले हैं। नहाने के दौरान दोनों बच्चे डैम में बने खतरे के निशान को पार कर गए। इसी दौरान दोनों बच्चे डूब गए। नगड़ी थाना प्रभारी अभिषेक राय ने बताया नहाने के दौरान दो बच्चे डूबे है। एनडीआरएफ टीम को भी सूचना दी गयी है।

### झामुमो और कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी : सीपी सिंह



**रांची** : रांची लोकसभा से भाजपा के उम्मीदवार संजय सेठ के पक्ष में सुखदेव नगर मंडल के अध्यक्ष ओमप्रकाश पांडेय के नेतृत्व में शनिवार को पदयात्रा चलाया गया। पदयात्रा में रांची के विधायक सीपी सिंह ने पिस्का मोड, जतरा मैदान, देवी मंडप, सुखदेव नगर के अखिल मेमोरियल गली और रातु रोड तक शामिल हुए। मौके पर सीपी सिंह ने कहा कि झामुमो और कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी है। झामुमो, कांग्रेस की भ्रष्टाचार और लूट के विरोध में पूरी झारखंड की जनता मोदी के साथ है। इस दौरान कार्यकर्ता अबकी बार 400 पार और रांची जीतेंगे पांच लाख के पार का नारा लग रहे थे। पदयात्रा में मुख्य रूप से संजय कुमार जायसवाल, महानगर अध्यक्ष वरुण साहू, मुकेश कुमार, नीरज कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### अंतरराष्ट्रीय पादप स्वास्थ्य दिवस कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**रांची** : कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय के तहत शनिवार को वनस्पति संरक्षण, संगरोध और संग्रह निदेशालय के तत्वधान में केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र रांची की ओर से बेथेसदा गर्ल्स हाई स्कूल में अंतरराष्ट्रीय पादप स्वास्थ्य दिवस का आयोजन किया गया। इय अवसर पर नौवीं कक्षा और दशवीं कक्षा की छात्राओं के बीच इस वर्ष के मूल विषय पर विस्तार से चर्चा किया गया। केन्द्र प्रभारी प्रीति कुमारी ने पादप स्वास्थ्य के महत्व को समझते हुए विद्यार्थियों को पेड़ बचाओ धरती बचाओ में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। केन्द्र की ओर से एक आईपीएम विधियों की प्रदर्शनी भी लगाई गईं। प्रियंका साहा मालाकार ने छात्राओं को विभिन्न परभक्षी कीटो से अवगत कराया। प्यारी सांगा ने छात्राओ के बीच एक क्विज प्रतियोगिता रखी। मौके पर कीटनाशकों के अवशेष पर कनीय पौध संरक्षण अधिकारी रांची ने प्रकाश डाला। विद्यालय कि प्रधानाचार्य शीतल तिरु ने कहा इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों के बीच जागरूकता पैदा होता है और एक बेहतर समाज के निर्माण में सहायक होता है।

# सुप्रियो भट्टाचार्य ने भाजपा पर साधा निशाना कहा- पहले चरण की चारों सीट जीत रहे हैं

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची** : लोकसभा चुनाव के चौछे तरण में चुनाप प्रचार थम जा रहा है। झारखंड का ये पहला चरण है। झारखंड में 4 सीटों पर चुनाव होना है। इनमें से चारों आक्षित सीटें है। इंडिया गठबंदन के लोग यहां से 2 सीटों पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस लड़ रही है। 1 सीट झारखंड मुक्ति मोर्चा के पास है। 1 सीट सहयोगी आरजेडी के खाते में है। चारों में सीधा चुनावी संघर्ष बजेपी के साथ है। संयोग से ये चारों सीटें आरक्षित सीटें हैं। इनमें से 3 जनजातीय आरक्षित हैं। 1 दलित आरक्षित है। हमें लगता है कि बहुत बड़ा संकेत अगले सोमवार को मिलेगा। जहां ये तय हो जायेगा कि 14 में 4 स्पष्ट रूप से इंडिया के पक्ष में आयेगा। बीजेपी का सफाया होगा। मैं ऐसा कह रहा हूं कि क्योंकि कल गृहमंत्री अमित शाह ने खूंटी में जनसभा को संबोधित किया। आपमें से अधिकांश ने उस जनसभा को संबोधित किया। लोगों ने फोन कर निराशा जताई कि हम तो जनसभा के लिए गये थे लेकिन वह नुक्कड़ सभा निकली। वहां ढोये गये 5 हजार लोग ही थे। भगवान बिरसा के वंशज या मुंडा नहीं थे। पिछले लोकसभा में यही हाल चक्रधरपुर में हुआ था। नतीजा सामने आया था। इस बार भी हमें लगता है कि अमित शाह हमारे लिए वरदान है। वहां जहां जहां आयेंगे वहां 2-4 हजार लोग जुटेंगे। बीजेपी उसे बड़े अंतराल से हारेगी। कल से 30 मई तक अमित शाह झारखंड में ही रहें। ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि 14 सीट इंडिया गठबंधन को मिले। क्योंकि उनकी जो भाषा है, वो बड़ा अजीब किस्म का है। हम जिसे कह सकते हैं कि उन्होने कहा कि उल्टा लटकाकर सीधा कर देंगे। ये गुजरात नहीं झारखंड है। यहां कोई धमकी नहीं दे सकती। जनता जवाब देगी। यहां बीजेपी को उल्टा कर सीधझा कर दिया जायेगा। 13 मई को ही जवाब मिल जायेगा। ये दादागिरी की भाषा है। 370 हटाने की बात करती है बुजदिल भाजपा। 13 को श्रीनगर में भी वोटिंग है। नारा देते थे, जहां हुए बलिदान मुखर्जी वह कश्मीर हमारा है। इस बार बीजेपी श्रीनगर घुस नहीं पायेगी। पीडीपी औरर नेशनलल कांफ्रेंस चुनाव लड़ रही है। बीजेपी चुनाव नहीं लड़ रही है। क्या समझे थे। झारखंड के लोग सीधे हैं। ये बिरसा की भूमि है। उन्होंने अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी। ये गुजरात नहीं है। खदेड़ दिए जायेंगे। 2024 में। यदि है हिम्मत तो कश्मीर में विधानसभा का चुनाव कराइये। हर चीज में केवल गीदड़भभकी देते हैं। भाषा में संयमित रखना होगा। शुक्र मनाइये कि वहां कोई आदिवासी नहीं था। मुद्दों पर लड़िए। मुद्दों पर बीजेपी बात करती नहीं है। अर्धसैनिक बल के मंत्री बन गये हैं तो सोच लिया कि धमका कर चले जायेंगे। क्यों श्रीनगर नहीं जाते। अमित शाह जवाब दें। केवल और केवल भयादोहन किया जा रहा है। वित्तमंत्री यहां आती हैं। लैंड स्कैम के आरोपी जो सेना की जमीन के घोटाले का आरोप है। उससे मिलती हैं। पेपर का आदान प्रदान होता है। होटल में अकेले में मुलाकात होती है। एक और जमीन कारोबारी से होती है जो बेल पर रिहा है। चुनाव आयोग इस पर संज्ञान ले। आंकड़ा बता रहा हूं कि बहुत तरीके से इस देश ने ठाना है कि। 13 मई को जब राज्य में पहला मतदान होगा।

## रांची लोकसभा सीट पर एनडीए और आईएनडीआईए के बीच दिलचस्प मुकाबला

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता





**रांची** : झारखंड की रांची संसदीय सीट पर एनडीए बनाम आईएनडीआईए की लड़ाई दिलचस्य होगी। इस लोकसभा सीट पर हुए 17 चुनावों में भाजपा को सात बार जीत हासिल हुई है। इस बार भी रांची भाजपा की सिटिंग सीट है लेकिन अब भाजपा को आईएनडीआई गठबंधन के उम्मीदवार टक्कर दे रहे हैं। आईएनडीआई गठबंधन के कई नामचीन चेहरे भी चुनाव में एक साथ ताकत झोंक रहे हैं। एक ओर एनडीए गठबंधन के भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ रांची लोकसभा सीट पर विजय पताका फहाराने के लिए दिन-रात एक किए हुए हैं। साथ ही इनके पक्ष में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, रामटहल चौधरी और आजसू प्रमुख सुदेश महतो समेत अन्य दिग्गज स्टार प्रचारक भी रांची में डटे हैं। दूसरी ओर आईएनडीआईए ने कांग्रेस के भैया माने जाने वाले सुबोधकांत सहाय की बेटी यशस्विनी सहाय को उम्मीदवार बनाकर मैदान में उतारा है। इनके पक्ष में कांग्रेस के स्टार प्रचारक बंधु तिर्की, राजेश ठाकुर, बसंत सोरेन और कल्पना सोरेन सहित अन्य विपक्षी नेता ताकत लगा रहे हैं। इनके अलावा यहां से 27 उम्मीदवार भी किस्मत आजमा रहे हैं। पिछले चुनाव 2019 के आंकड़ों को देखने पर पता चला है कि यहां भाजपा को 57. 62 प्रतिशत वोट मिले थे जबकि कांग्रेस को 34.43 प्रतिशत वोट मिले थे। कांग्रेस उम्मीदवार को इस बार झामुमो, राजद, आप, भाकपा माले का भी साथ मिल रहा है।

## मतदान केन्द्रों में तम्बाकू पदार्थों का उपयोग पूर्ण रुप से रहेगा वर्जित : डीसी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : लोकसभा चुनाव के चौथे और छठे चरण में होनेवाले मतदान में रांची जिला के संबंधित विधानसभा क्षेत्रों के सभी बूथों पर तम्बाकू पदार्थ पूर्ण रूप से वर्जित रहेगा। इनमें सिगरेट, बीड़ी, गुटखा, पान मसाला, जर्दा शामिल है। इस संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की ओर से शनिवार को आदेश जारी किया गया है। रांची जिला में चौथे चरण के तहत 13 मई को खूंटी लोकसभा क्षेत्र तहत तमाड़ विधानसभा क्षेत्र एवं लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के मांडर विधानसभा क्षेत्र में मतदान होना है, जबकि छठे चरण के तहत 25 मई को रांची संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के तहत सिल्ली, खिजरी, रांची, हटिया एवं कांके विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदान केन्द्रों पर वोट डाले जायेंगे। उक्त सभी विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों में तम्बाकू पदार्थ, सिगरेट, बीड़ी, गुटखा, पान मसाला, जर्दा इत्यादि के उपयोग पूर्ण रूप से वर्जित रहेगा।

## लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए परिश्रम ही एकमात्र विकल्प है : सुदेश महतो

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने सिल्ली पॉलिटेक्निक कॉलेज में कहा कि पढ़ाई के प्रति समर्पित होकर अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए परिश्रम ही एकमात्र विकल्प है। युवा अपने विचारों व ज्ञान के साथ नए कौशल ग्रहण करें। सिल्ली विधानसभा को शिक्षा के क्षेत्र में ऊंचाइयों पर ले जाने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में हम निरंतर कार्य कर रहे हैं। दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ सिल्ली पॉलिटेक्निक कॉलेज में रीसेंट ट्रेंड्स इन कम्प्यूटेशनल एंड मैथमेटिकल एनालिसिस इन इंजीनियरिंग एंड साइंस विषय पर आयोजित 2 दिवसीय कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ हुआ। महतो ने कहा कि क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा मिले इसी सोच और संकल्प के साथ हमने सिल्ली पॉलिटेक्निक कॉलेज की शुरूआत की थी। आज इस संस्थान से पढ़ाई पूरी कर चुके कई छात्र-छात्राएं देश के विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। यह हम सभी के लिए गौरव का विषय है। सभी के लिए एक सशक्त मंच बनेगा। उपस्थित सभी लोगों को संबोधित करते हुए सुदेश कुमार महतो ने कहा कि यह कॉन्फ्रेंस नए विचारों व अनुसंधानों को साझा करने और शिक्षा के क्षेत्र में नवीनतम तथ्यों एवं नीतियों के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए आप सभी के लिए एक सशक्त मंच बनेगा। इस कार्यक्रम में मिला बहुमूल्य ज्ञान पढ़ाई के बाद जब हम किसी संस्थान के साथ जुड़कर कार्य करेंगे तभी उपयोगी साबित होगा।

## अग्निपथ योजना को कांग्रेस की सरकार बनते ही निरस्त किया जाएगा : यशस्विनी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची** : रांची लोकसभा सीट से कांग्रेस की उम्मीदवार यशस्विनी सहाय ने नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) की छात्र पंचायत में कहा कि भाजपा सरकार की ओर से चलाई जा रही अग्निपथ योजना को कांग्रेस की सरकार बनते ही निरस्त किया जाएगा। इससे युवाओं का भविष्य खराब हो रहा है। सहाय शनिवार को नामकुम में एनएसयूआई नेता आरुषी वंदना के नेतृत्व में छात्र पंचायत में बोल रहीं थीं। सहाय ने कहा कि संवाद से ही समाधान निकलता है। छात्र पंचायत के माध्यम से छात्रों के साथ संवाद स्थापित कर रही हूं। इससे उनकी समस्याओं को समझ कर समाधान निकाला जा सके। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में पूरे देश के छात्र और नौजवान सबसे अधिक परेशान हैं। देश में बेरोजगारी चरम पर है लेकिन केंद्र सरकार के पास अपने उद्योगपति मित्रों को खुश करने के अलावा कोई दूसरी योजना नहीं है। सहाय ने पंचों को न्याय के बारे में समझाया। बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता ऋषिकेश सिंह ने कहा कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार आते ही अग्निपथ योजना को निरस्त करने के साथ सभी खाली पड़े पदों को भरने का काम करेंगे। युवाओं के लिए 30 लाख पदों को भरने का काम कांग्रेस करेगी।

# झारखंड पुलिस को जल्द पेट्रोलिंग के लिए मिलेंगी 470 नई गाड़ियां, थानों का होगा आधुनिकीकरण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची** : झारखंड पुलिस को पुराने और खटारा पेट्रोलिंग वाहन से छुटकारा मिलने वाला है। जल्द ही झारखंड पुलिस को 470 नये बोलेरो वाहन मिलने वाले हैं। इसे लेकर गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के पास झारखंड पुलिस मुख्यालय ने प्रस्ताव भेजा है। जिसे मंजूरी मिलते ही वाहनों की खरीदारी शुरू की जाएगी।

**सरकार के पास पर्याप्त फंड**

इससे पहले झारखंड पुलिस ने 70 नए बोलेरो वाहन खरीदे थे जिसे राज्य के अलग-अलग जिलों में आवंटित किया गया। पेट्रोलिंग के लिए झारखंड पुलिस आधुनिकीकरण मद की राशि से नए वाहन खरीदेगी। सरकार के पास इसके लिए पर्याप्त फंड है। जानकर हैरानी होगी कि झारखंड में 564 थानों में 47 थाने आज भी ऐसे हैं, जहां पुलिसकर्मियों के पास एक गाड़ी तक नहीं है। इन थानों का काम राम भरोसे चल रहा है।

**संसाधन बाधा नहीं बनेगी**

बता दें, पिछले दिनों राज्य सरकार ने ऐलान किया था कि राज्य में पुलिस के संसाधन में रुपयों की कमी बाधा नहीं बनेगी। इसके लिए सरकार के पास पर्याप्त फंड है। जिससे झारखंड पुलिस के संसाधनों को और मजबूत बनाया जाएगा। कानून व्यवस्था को दुरूस्त रखना पुलिस की जिम्मेवारी होती है। कहीं कोई घटना हो जाये तो पुलिस पर घटनास्थल पर जल्द से जल्द पहुंचने का दवाब भी होता है। यही वजह है कि राज्य सरकार पुलिस थानों को आधुनिक बनाने के प्रयास में लगी है।

### सीआईडी ने एक साइबर अपराधी को धनबाद से किया गिरफ्तार

**रांची** : अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) के साइबर क्राइम थाना ने धनबाद से साइबर अपराधी संतोष कुमार मंडल को गिरफ्तार किया है। वह धनबाद के चिरकुंडा का रहने वाला है। इसके पास से एक मोबाइल फोन, दो सिम कार्ड और एक एटीएम बरामद किया गया है। साइर डीएसपी नेहा बाला ने शनिवार को बताया कि साइबर क्राइम थाने में दो मई को मामला दर्ज कराया गया था कि पीड़ित का मोबाईल अज्ञात साईबर अपराधियों ने धनबाद स्टेशन के करीब चोरी कर विभिन्न बैंक खातो में कुल तीन लाख 25 हजार रुपये अवैध हस्तांतरण करते हुए साईबर ठगी कर ली है। उन्होंने बताया कि चोरी किये मोबाईल से साइबर अपराधियों ने पीड़ित के मोबाईल का पासवर्ड खोलकर खाते से अवैध हस्तांतरण कर लिया। इस काम को करने के लिए साईबर अपराधियों के जरिये चोरी का मोबाईल का लॉक पैर्टन खोला जाता है। इसके बाद फोन में मौजूद पीड़ित के निजी और बैंकिग संबंधित जानकारी इकट्ठी करके बैंक रजिस्टर्ड सीम का प्रयोग कर इंटरनेट बैंकिंग का पासवर्ड और ईमेल आईडी रिसेट करके अलग-अलग बैंक खाता में ट्रांजेक्शन कर लिया। साथ ही देवघर के विभिन्न एटीएम से पैसे की निकासी कर ली गयी। पैसे ट्रांसफर करने के लिए साईबर अपराधी वर्द्धमान, पश्चिम बंगाल के विभिन्न बैंक खाताओं और फर्जी सीम का प्रयोग किया था।

## संक्षिप्त खबरें

### वोटर टर्नआउट ऐप बताता रहेगा अनुमानित मतदान की स्थिति : के. रवि कुमार



**रांची**: मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि मतदान को लेकर आम लोगों में तरह-तरह की उत्सुकता रहती है। उनकी उत्सुकता का निराकरण वोटर टर्नआउट ऐप करेगा। ऐप पर जारी डेटा से लोगों को किसी तरह का कोई संदेह नहीं रहेगा, क्योंकि यह पारदर्शी है। उन्होंने बताया कि ऐप पर हर दो घंटे के अंतराल पर अपडेट आता रहेगा। उसमें मतदान की स्थिति की जानकारी मिलती रहेगी। उन्होंने बताया कि चुनाव वाले संसदीय क्षेत्र में मतदान सुबह सात बजे शुरू होगा। उसके ढाई घंटे बाद 9.30 बजे ऐप पर दो घंटे पहले तक के मतदान की अनुमानित स्थिति सार्वजनिक हो जाएगी। यह क्रम हर दो घंटे के अंतराल पर शाम सात बजे तक चलता रहेगा। उसके बाद रात 12 बजे क्लोजअप पोल डेटा दिखने लगेगा। अगले दिन स्क्रूटनी के बाद रात्रि 12 बजे तक फाइनल डेटा ऐप पर दिखने लगेगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी शनिवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में प्रेस वार्ता कर रहे थे। उन्होंने बताया कि माह का दूसरा शनिवार होने के कारण 11 मई को नामांकन कार्य बंद रहा। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि मतदान केंद्र के भीतर मतदाता मोबाइल नहीं ले जाएं। मतदान केंद्र के भीतर तस्वीर खींचना या रिकार्डिंग करना अपराध है। चौथे चरण की 13 मई को होनेवाले मतदान के संबंध में उन्होंने बताया कि चुनाव की सभी तैयारी पूरी हो चुकी है। पोलिंग पार्टी की रवानगी भी शुरू हो चुकी है। सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा बलों की तैनाती सुनिश्चित की गयी है।

### जल, जंगल, जमीन को गठबंधन की सरकार ने लूटा : संजय सेठ



**रांची** : सांसद संजय सेठ ने आज रांची के ठाकुरगांव, बुढमू, बूटी मोड़, मांगु वाध, 10 माइल चौक हटिया, तुंबागुटू करमटोली, अमेठिया नगर नामकुम, टाटीसिल्वे में जनसंपर्क अभियान चलाया। वहीं 70 संगठनों के साथ बैठक आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, झारखंड मुक्ति मोर्चा गठबंधन की सरकार हर साल 5 लाख नौकरी देने का वादा कर सत्ता में आई थी। स्टार्टअप के माध्यम से जब पीएम मोदी ने रोजगार के अवसर पैदा किए तो ये कांग्रेसी स्टार्टअप का मजाक उड़ाते थे। आज ये कांग्रेसी स्टार्टअप के माध्यम से रोजगार देने की बात कर रहे है। इससे यह साबित होता है कि पीएम मोदी के कार्य को कांग्रेस भी गारंटी के रूप में मानती है। कांग्रेस जल, जंगल, जमीन की बात करती है। यहां के आदिवासी भाई बहनों के जल, जंगल, जमीन को लूटकर अपना खजाना भरने का काम किया है। आज झारखंड के लोग बेहाल परेशान है। बेरोजगारी से जनता है परेशान बिजली, पानी, आवास, बेरोजगारी से लोग परेशान हैं। बालू को सोना बना दिया, ओबीसी को झारखंड के सरकार ने ठगने का काम किया। सरकार में आने से पूर्व इन लोगों ने कहा था कि सरकार में आते ही ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देंगे। कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार ने यहां के ओबीसी को ठगने का काम किया है। ये रहे मौजूद विधायक समरी लाल, महामंत्री नरेंद्र कुमार, स्वामी देवेंद्र प्रकाश, अशोक साहू, राजेश कुशवाहा, नीरज सहदेव, रितेश तिवारी, रमेश प्रसाद गुप्ता, रामकुमार दुबे, वीरेंद्र कुमार दीपक, संजय पटेल, संजय महतो, तरन्नुम जहां, शांति देवी व अन्य थे।

### बीजेपी के 10 साल का झूठ समझ गई जनता, इसलिए नेताओं को घुसने नहीं दे रही गांव में : राकेश सिन्हा



**रांची**: लोकसभा चुनाव को लेकर प्रत्याशियों ने जनसंपर्क अभियान चला दिया है। शहर से लेकर गांव तक एक कर दिया है। न दिन देख रहे न रात। इस बीच बीजेपी के नेताओं को जनता के विरोध का भी सामना करना पड़ रहा है। लोग उन्हें अपने गांवों में घुसने नहीं दे रहे है। इस पर कांग्रेस के प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने बीजेपी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जनता उनके झूठ और जुमले का सच जान चुकी है। इसलिए उन्हें नकार दिया है। जनता के सुख-दुख में भाजपा वाले झांकने तक नहीं आए। आज जब चुनाव आया है तो ये लोग गांव में लोगों के पास जा रहे है। उनका हाल पूछ रहे है। वो किसी स्थिति में है क्या परेशानी है उन्हें ये पूछ रहे है। अगर उन्हें जनता की इतनी ही फिक्र थी पहले क्यों नहीं आए। अब तो भाजपा को भी एहसास हो गया है कि उनका चुनाव में क्या होने वाला है। इसलिए नेता जोर लगा रहे है। बड़े नेता से लेकर छोटे नेता भी बस लोगों को बरगलाने का काम कर रहे है। आने वाले दिनों में इसका नतीजा सभी के सामने होगा। चुनाव में जनता जवाब देगी।

### झारखंड में डबल इंजन की सरकार बनेगी : हिमंत बिस्वा सरमा

**रांची** : असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा भारी बारिश और आंधी के कारण शनिवार को रांची के तमाड़ नहीं पहुंच सके। देश में चौथे और झारखंड के पहले चरण के चुनाव प्रचार के अंतिम दिन उन्हें केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करने के लिए बोकारो से हेलीकॉप्टर से तमाड़ आना था लेकिन खराब मौसम ने बाधा खड़ी कर दी। इसके बाद उन्होंने मोबाइल स्पीकर से उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। तमाड़ के अमलेशा मैदान में सरमा ने कहा कि अर्जुन मुंडा खूंटी का तो बेटा है ही, देश के आदिवासी समाज का सबसे बड़ा नेता है। अर्जुन मुंडा खूंटी के अलावा असम सहित अन्य क्षेत्रों में जाकर आदिवासी समाज का कल्याण करते हैं। देश के आदिवासियों के कल्याण के लिए अर्जुन मुंडा को जीतना जरूरी है। उन्होंने कहा कि आप देख रहे हैं कि झारखंड में क्या चल रहा है। कुछ दिन पहले मंत्री के पीएस के नौकर के घर से ईडी को 35 करोड़ रुपये मिले। इससे आप समझ सकते हैं कि मंत्री के घर में कितना कैश मिलेगा। सरमा ने कहा कि अर्जुन मुंडा जीत कर जाएंगे तो मंत्री बनेंगे। इसके बाद झारखंड में भी भाजपा की सरकार बन जाएगी। उन्होंने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठी आदिवासी इलाकों में घुसकर आदिवासी बहनों से शादी करते हैं और उसके बाद आदिवासियों की जमीन पर कब्जा कर लेते हैं। झारखंड में जितना कन्वर्जन चल रहा है, उनके खिलाफ भी हमें आवाज उठाने की जरूरत है। सरमा ने कहा कि देश में भाजपा की सरकार बनेगी। इसके आगे झारखंड में डबल इंजन सरकार बनेगी। हम लोग सब मिलकर झारखंड के कल्याण के लिए, झारखंड की अस्मिता के लिए और झारखंड के विकास के लिए काम करेंगे। उन्होंने जनसमूह से अनुरोध किया कि अर्जुन मुंडा की जीत तय हो। देश और आदिवासी समाज को अर्जुन मुंडा की जरूरत है।

# ट्रेलर ने ऑटो को मारी टक्कर दो की मौत, आधा दर्जन घायल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चांडिल :** टाटा-रांची राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर चांडिल थाना क्षेत्र के चिलगु गांव के समीप शुक्रवार रात लगभग 12 बजे घटी सड़क दुर्घटना में दो व्यक्ति की मौत हो गई जबकि करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए। इनमें कुछ की स्थिति गंभीर बनी हुई है। मरने वालों में ऑटो का चालक विनोद कम्रकार और ऑटो पर सवार महिला नंदिनी लोहार शामिल है। सड़क दुर्घटना की सूचना मिलते ही चांडिल थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भेजने की व्यवस्था की। मिली जानकारी के अनुसार चिलगु के सामने ऑटो का चालक फोरलेन सड़क पर रास्ता बदल रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से जा रहे एक अज्ञात ट्रेलर ने ऑटो को जोरदार टक्कर मार दिया। दुर्घटना में ऑटो चालक की मौके पर ही मृत्यु हो गई.बिरसानगर से विवाह समारोह में आए थे भादुडीह घटना के संबंध में मिली जानकारी के जमशेदपुर के बिरसानगर और मानगो से कुछ लोग ऑटो पर सवार होकर विवाह समारोह में शामिल होने चांडिल प्रखंड के भादुडीह पहुंचे थे। विवाह समारोह से देर रात को वापस लौटने के दौरान चिलगु के सामने दुर्घटना घटी। बताया जा रहा है कि भादुडीह से चिलगु तक ऑटो सड़क के दूसरी और से जा रहा था। चिलगु के सामने सड़क बदलने के लिए बने कट पर रास्ता बदलने के दौरान तेज रफ्तार ट्रेलर ने ऑटो को अपनी चपेट में ले लिया। दुर्घटना में ऑटो चलक की मौके पर ही मृत्यु हो गई जबकि ऑटो पर सवार करीब आधा दर्जन सवारी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में प्रमिला लोहार, रेणू लोहार, गुरुवारी लोहार, वकील समेत अन्य शामिल है. इनमें से गंभीर रूप से घायल एक महिला की मृत्यु अस्पताल ले जाने के दौरान हुई।



**जांच में जुटी पुलिस**

दुर्घटना के बाद सभी घायलों को अस्पताल भेजने के बाद पुलिस घटना की जांच में जुट गई है। पाटा टोल प्लाजा और सड़क किनारे लगी सीसीटीवी के माध्यम से पुलिस ऑटो को टक्कर मारने वाले ट्रेलर का पता लगा रही है। दुर्घटना के बाद एनएचएआई के एंबुलेंस से स्वास्थ्यकर्मी जयप्रकाश कोड़ा, अंगद कुमार और अखिलेश महतो ने सभी को अस्पताल पहुंचाया। वहीं पुलिस मृतकों के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी कर रही थी। चांडिल थाना प्रभारी वरुण यादव ने बताया कि दुर्घटना में मरने वाले दोनों मृतक जमशेदपुर के बिरसानगर के रहने वाले थे।

## एक नजर

### बोकारो में पंजाब नेशनल बैंक की एटीएम का हुआ उद्घाटन

**बोकारो :** चीरा चास बोकारो में पंजाब नैशनल बैंक के उप महाप्रबंधक सह मंडल प्रमुख श्री सुबोध कुमार के द्वारा नए एटीएम मशीन का उदघाटन किया गया। इस शुभ अवसर पर माननीय मंडल प्रमुख श्री सुबोध कुमार जी ने बताया की चीरा चास में एटीएम के द्वारा सामान्य जनता को काफी सुविधा होगी। एटीएम के शुभारंभ होने से बैंक के ग्राहकों को नकदी की निकासी करने में सुविधा मिलेगी और किसी भी बैंक के एटीएम कार्ड से उक्त एटीएम से ट्रांसेक्शन की जा सकती है। इस मौके पर कृष्णा मुरारी झा ,रोहित मिश्रा, नेहा द्विवेदी, सुनीता कुमारी के साथ साथ मंडल के विपणन प्रमुख श्री अविनाश कुमार एवं आदि अन्य लोग मौजूद रहे।

### उत्पाद विभाग ने 1000 किलोग्राम जावा महुआ किया नष्ट

**रामगढ़ :** लोकसभा चुनाव के दौरान उत्पाद विभाग की टीम लगातार अवैध शराब के खिलाफ अभियान चला रही है। शनिवार को भी विभाग के पदाधिकारियों ने छापेमारी कर 50 लीटर अवैध महुआ शराब और 1000 किलोग्राम जावा महुआ नष्ट किया है। यह छापेमारी अभियान गोला थाना अंतर्गत कामता गांव में भैरवी नदी के किनारे चलाई गई। यहां संचालित अवैध शराब भट्ठियों में सघन और व्यापक छापामारी कर कुल 50 लीटर अवैध चुलाई शराब एवं 1000 किलोग्राम जावा महुआ बरामद किया गया। छापामारी अभियान में कामता गांव के निवासी संतोष साव, कृष्ण जीवन साव, उमेश साव, काली साव, मंसु साव आदि के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत फरार अभियोग दर्ज किया गया है। छापेमारी अभियान में उत्पाद अवर निरीक्षक कांग्रेस कुमार, अवर निरीक्षक दिलीप कुमार शर्मा, सशस्त्र गृहरक्षक के जवान विनय सिंह, कमलेश कुमार आदि शामिल थे।

### पुलिस को चकमा देकर टाटा सुमो से हो रही थी कोयले की तस्करी

**रामगढ़ :** जिले में कोयला तस्करों का दिमाग पुलिस से भी तेज चल रहा है। वे लोग तस्करी के इस धंधे को सुचारू रूप से चलने के लिए कई तिकड़म लगा रहे हैं। कभी ट्रक, कभी मीनी ट्रक और कभी टाटा सुमो से कोयले की तस्करी हो रही है। इसका खुलासा तब हुआ जब रामगढ़ थाना पुलिस ने शनिवार को एक टाटा सुमो विक्टा गाड़ी को टोल गेट के समीप जांच के दौरान पकड़ा। इस गाड़ी से डेढ़ टन अवैध कोयला जप्त किया गया। इस मामले में सब इंस्पेक्टर सुमन कुमार राय के बयान पर रामगढ़ थाने में प्राथमिक की दर्ज की गई है। कांड संख्या 132/ 24 में धारा 414, 34 आईपीसी, कोल माइन्स एक्ट और 33 वन अधिनियम लगाया गया है। पुलिस ने जब टाटा सुमो विक्टर को पकड़ा तो उसका चालक पुलिस के चंगुल से भागने का प्रयास कर रहा था। पुलिस ने भागते हुए ड्राइवर को पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम रूपेश कुमार महतो, पिता सुरेश महतो, ग्राम गड़के, थाना रामगढ़ बताया। उसने पुलिस को बताया कि कुजू ओपी क्षेत्र के सुगिया वन क्षेत्र से अवैध कोयले का खनन किया गया था। जिसे सुमो विक्टा पर लादकर वह तस्करी कर रहा था। वह कोयला रांची जिले की ओरमांझी थाना क्षेत्र अंतर्गत ईंट भट्ठे में गिरना था। पुलिस की पूछताछ में कुजू क्षेत्र में पुलिस की नजर से बचकर कोयले की तस्करी कर रहे सोमर महतो का नाम भी सामने आया है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार सुगिया क्षेत्र में कोयले का अवैध खनन सोमर महतो ही कर रहा था। उसके द्वारा कोयले को गाड़ी पर लोड किया जाता था और रूपेश कुमार महतो उसे ईंट भट्ठे में बेचता था।

## बीईईओ ने मैथन के स्कूलों में बने बूथों का किया निरीक्षण



**धनबाद :** निरसा-3 की बीईईओ सुमित्रा तिर्की ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शनिवार को मैथन क्षेत्र के स्कूलों में बने बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने प्राथमिक विद्यालय कमलिया, प्राथमिक विद्यालय गोगना व एरिया नंबर 6 स्थित मध्य विद्यालय में आधारभूत व्यवस्था जैसे पानी, बिजली, शौचालय, रैंप, चार्जिंग प्वाइंट आदि के बारे में जानकारी ली। प्राधानाध्याकों से मिलकर जरूरी दिशा-निर्देश दिए। चुनाव से पहले सभी व्यवस्था अनिवार्य रूप से दुरुस्त कर लेने को कहा। ताकि मतदान के दिन किसी तरह की परेशानी नहीं होने पाए। कहा कि चुनाव आयोग के पदाधिकारी 23 मई के पहले बूथों का निरीक्षण कर सकते हैं। इसलिए सभी प्रधानाध्यापक अलर्ट रहें।

## झरिया में विवाद को लेकर दुकानदारों के बीच मारपीट, तीन घायल



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** झरिया थाना क्षेत्र के चार नंबर टैक्सी स्टैंड मोड़ स्थित चाय दुकान के समीप आपसी विवाद को लेकर दो दुकानदार भिड़ गए. जिसमे 3 लोग घायल हो गए. कहा-सुनी के बाद दोनों के बीच मारपीट होने लगी। जमकर लाठी-डंडे चले। जिसमें एक पक्ष के चंदन केसरी और दूसरे पक्ष के शिव केसरी का सिर फट गया। वहीं, मनोज केसरी को भी गहरी चोटें आई हैं। घायलों का इलोज स्थानीय नर्सिंग होम में कराया गया। दोनों से झरिया थाना में अलग-अलग शिकायत दर्ज कराई गई है। एक पक्ष के चंदन केसरी ने बताया कि वह अपनी दुकान खोल रहा था, तभी मनोज केसरी, सदाशिव केसरी व अन्य लोग आए और मारपीट करने लगे। वहीं, दूसरे पक्ष के सदाशिव केसरी ने कहा कि चंदन कुमार आए दिन उसके साथ गाली-गलौज करता था। शनिवार की सुबह भी उसने गाली दी। पूछने पर उसके साथ मारपीट करने लगा और सिर पर डंडे से वार कर दिया।

## अनुपमा सिंह ने भाजपा से मांगा 10 सालों का हिसाब

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** सेक्टर 9 एनायत चौक में इंडिया गठबंधन के साझा उम्मीदवार श्रीमती अनुपमा सिंह का चुनावी सभा आयोजित की गई। सभा की अध्यक्षता सुदामा यादव ने कि एवं संचालन हसनुल्लाह अंसारी ने किया। सर्व प्रथम शहीद एनायत जी के प्रतिमा पर श्रध्दांजलि दी गई। श्रीमती अनुपमा सिंह जी को सुदामा यादव अब्दुल गफ्फार अंसारी बसीर अंसारी अख्तर अंसारी अब्दुल रोफ आलमगीर आलम अमीन अंसारी मुर्तजा अंसारी माजिद खान रीना देवी काजल देवी ने माला एवं गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। अपने संबोधन में अनुपमा सिंह जी ने कहा ये चुनाव नहीं चुनौती है लोकतंत्र को बचाने के लिए यह चुनाव है। एक तरफ भाजपा सरकार चंद उद्योगपति के हाथों देश को खोखला एवं गुलाम बना रही है। दुसरे तरफ मजदूर किसान गरीब जनता के बीच



हाहाकार मचा हुआ है। महगाई से लोग परेशान हैं। देश में परिवर्तन की लहर चल चुकी है। इन दस सालों में आज तक धनबाद लोकसभा क्षेत्र में एक भी उद्योग नहीं लगाया गया है जिसके कारण मजदूरों का यहां से दूसरे राज्यों में पलायन हो रहा है और मजबूरन अपने घर परिवार से उन्हें दूर रहना पड़ रहा है आप सभी 25 मई को अपना मद देकर हमें शक्ति देने का काम करे ताकि आप का हम सेवा कर सके। मौके पर राजद के अवधेश यादव कांग्रेस के जिला अध्यक्ष आदरणीय उमेश प्रसाद गुप्ता, शकिल अंसारी, जितेंद्र यादव, शाहिद रजा, अफसर अंसारी, तारकेश्वर महतो, विजय तुरी इत्यादि उपस्थित थे।

## स्कूल ने चलाया होम बेस्ड ट्रेनिंग एवं मतदान जागरूकता अभियान




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** नारायणी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चो की विशेष स्कूल की टीम द्वारा शनिवार को धनबाद के सिमलडीह एवं तेलीपाड़ा आदिवासी टोला में मतदान जागरूकता अभियान के साथ 30 दिवसीय होम बेस्ड ट्रेनिग कैंप चलाया गया। धनबाद के सुदूर क्षेत्रों में जा कर उनके अपने वोट के महत्व को समझाते हुए उन्हें सब कार्य छोड़ मतदान के दिन मतदान करने को प्रेरित किया। दोनो एरिया के दिव्यांग बच्चों को चिन्हित कर उन्हे सरकार के द्वारा मिलने वाली सुविधाओं से अवगत कराया और जिनके आधार कार्ड, यू डी आई डी कार्ड, रेल्वे पेंशन, निरामया हेल्थ इंश्योरेंस नही बने उन्हे बनवाने में मदद कर अपना फर्ज निभाया। ऐसे सुदूर क्षेत्रों में कई दिव्यांग जानकारी के अभाव में घर में रहने को मजबूर है उन्हे पहला कदम में होने वाले शिक्षण प्रशिक्षण के बारे में जानकारी दी तथा उनके स्कूल आ शिक्षण प्राप्त करने को रास्ता दिखाया जिससे ये दिव्यांग भी समाज की मुख्यधारा से जुड़ सके। सचिव अनिता अग्रवाल ने बताया कि पहला कदम स्कूल की टीम के द्वारा चलाए जा रहे अभियान का उद्देश्य है की कोई भी दिव्यांग जानकारी के अभाव में घर पर न रहे, सरकार के द्वारा मिलने वाली समस्त सुविधाओं का लाभ ले सके।

## खुशियों की उड़ान संस्था की महिलाओं ने अपने हाथों से जरूरतमंदों को कराया भोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** समाज सेवी संस्था केयर एंड सर्व फाउंडेशन प्रतिदिन की तरह आज भी जरूरतमंदों को भोजन कराए। आज का भोजन का महत्व कुछ और ही था क्योंकि आज का भोजन का राशि खुशियों का उड़ान धनबाद, केयर एंड सार्व फाउंडेशन के पेट्रोन आलोक कुमार झा, स्वर्गीय शनिचरि देवी जी के पुण्यतिथि पर उनके परिवार द्वारा और अपने नाम गुप्त रखते हुए एक दानदाता द्वारा राशि भेजा गया था, जिससे जरूरतमंदों के लिए विशेष भोजन बनाया गया था। जिसमें खीर, पूरी सब्जी, मिठाई, केला और एक एक मिनरल वाटर का बोतल दिया गया। जिसे शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में 257 जरूरतमंदों को



भोजन कराया गया। सभी दानदाताओं के साथ इस मौके पर खुशियों के उड़ान संस्था के महिलाओं ने अपने हाथों से जरूरतमंदों को भोजन कराया। आपको बता दे कि समाज सेवी संस्था केयर एंड सर्व फाउंडेशन पिछले 16 अक्टूबर 2021 से बिना रुके प्रतिदिन एक टाइम का भोजन जरूरतमंदों के बीच बांट रहे हैं।केयर एंड सर्व फाउंडेशन के मीडिया प्रभारी एन के खवास ने बताया कि आज का कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष प्रभात चंद्र, सचिव राजेश कुमार सिंह के अलावा रॉबिन चटर्जी, श्री अलोक कुमार झा के परिवार, स्वर्गीय शनिचरि देवी जी के परिवार के साथ साथ खुशियों के उड़ान के अंजलि कल्याणी, मंजू पाण्डेय, प्रिया सिंह, अर्चना सिंह, कल्पना दुबे, उपेन्दर सिंह, विनय सिंह, मंजू पाण्डेय,सरिता सिंह, और मुन्ना खान उपस्थित थे।

# धनबाद लोकसभा क्षेत्र में भी बहेगी विकास की गंगा

## लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को जदयू देगा भरपूर सहयोग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** अगर मैं चुनाव जीता तो बिल्कुल बाघमारा विधानसभा के तर्ज पर धनबाद लोकसभा में भी विकास और शांति समृद्धि की गंगा बहेगी।यह कहना है एनडीए प्रत्याशी भाजपा के बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो की। जनता दल यू के धनबाद जिला अध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राज्यसभा सांसद खिरू महतो के निर्देश पर जनता दल यू भी लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को जीतने के लिए अपनी ओर से पूरी ताकत झोंक देगी। मौके पर पहुंचे धनबाद संसदीय सीट के भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो का जोरदार स्वागत किया गया मौके पर



उनके साथ भारतीय जनता युवा मोर्चा के अमरेश सिंह सहित अन्य भाजपाई भी उपस्थित थें।उन्होंने कहा कि इस बार फिर धनबाद से सांसद एनडीए गठबंधन का ही जाएगा। इस कार्य में भाजपा के साथ जनता दल यू भी कंधे से कंधे मिलाकर चलने के लिए तैयार है। शनिवार को जिला जनता दल यू के तत्वधान में जिला व प्रदेश पदाधिकारी की एक बैठक बैंक मोड़ क्षेत्र के होटल कोल कैपिटल मे हुई। जिसमें जिला पदाधिकारी, प्रदेश पदाधिकारी, नगर अध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्ष, वार्ड अध्यक्ष तथा पंचायत अध्यक्ष सहित तमाम वरिष्ठ नेता शामिल हुए।उन्होंने कहा कि विरोधियों द्वारा केंद्रीय एजेंसी सीबीआई और ईडी को अपनी निजी एजेंसी बनाकर विपक्षी दलों के नेताओं पर अत्याचार का आरोप बिल्कुल ही निराधार है। क्योंकि यह दोनों एजेंसियां राष्ट्र की महत्वपूर्ण एजेंसियों में गिनती होती है, परेशानी तो यह है कि कांग्रेस अब तक केंद्रीय एजेंसियों पर ही ऐसा आरोप लगा रही है भविष्य में इसी प्रकार का आरोप न्याय का फैसला देने वाले कहीं न्यायालय पर भी लगना शुरू न कर दे. मंत्री के पीए के घर से करोड़ करोड़ रुपया निकालना क्या साधारण लोगों की बस की बात है। पिंटू कुमार सिंह ने कहा कि झूठ भी ऐसा बोलो जिसे पचाया जा सके। भ्रष्टाचारी और गलत कार्यशैली वाले ही ईडी के चपेट में है, अगर उक्त एजेंसी केंद्र सरकार के इशारे पर कार्य कर रही है तो इसका इस्तेमाल सत्ता में होने के दौरान क्या कांग्रेस ने कभी की थी चाहे वह मुख्यमंत्री हो या कोई मंत्री भ्रष्ट लोगों की जगह जय ही होती है। इसके लिए प्रधानमंत्री पर अनर्गल प्रलाप घोर शर्मनाक और हास्यास्पद है। उक्त मामलों में महागठबंधन के पेट में जो दर्द हो रहा है उसकी कोई दवा नहीं। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पार्टी के प्रदेश महासचिव सुशील कुमार सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष हाजी हसीब खान, प्रदेश महासचिव दीप नारायण सिंह, प्रदेश सचिव राजू कुमार सिंह, उचित महतो, विजय कुशवाहा, धनलाल दुबे, रूपेश पासवान, पुष्पा पांडेय, बबलू मोदक, शिवचरण महतो, संतोष कुमार झप्पू सिन्हा, वशिष्ठ तिवारी, आदित्य पासवान, बैजनाथ भगत तथा मनोज सिंह सहित अन्य उपस्थित थें।

## संक्षिप्त खबरें

### सामान्य प्रेक्षक से उपायुक्त ने की मुलाकात



**धनबाद:** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र संख्या 07 - धनबाद, के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक के. थावासीलन से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने सर्किट हाउस में शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर उपायुक्त ने पुष्पगुच्छ भेंट कर सामान्य प्रेक्षक का स्वागत किया। मुलाकात के दौरान सामान्य प्रेक्षक ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों के संबंध में उपायुक्त से वातार्लाप किया। इस अवसर पर उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, जिला खनन पदाधिकारी मिहिर सालकर, सहायक आयुक्त उत्पाद संजय मेहता, सहायक श्रमायुक्त रंजीत कुमार, जिला खेल पदाधिकारी दिलीप कुमार मौजूद थे।

### उत्पाद विभाग ने अवैध देसी शराब निर्माण स्थल पर की छापेमारी



**बोकारो :** उपायुक्त के निर्देश पर को सहायक आयुक्त उत्पाद के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक उत्पाद के पर्यवेक्षण में जिला उत्पाद टीम ने गोमिया थाना अंतर्गत तेनुघाट डैम किनारे संचालित अवैध शराब निर्माण स्थल पर छापेमारी की। मौके से उत्पाद टीम ने 21,060 केजी जावा महुआ शराब एवं 370 लीटर अवैध चुलाई शराब को जब्त किया। वहीं, अवैध शराब निर्माण में इस्तेमाल किए जाने वाले वस्तुओं को नष्ट किया। छापेमारी के क्रम में संदिग्ध अभियुक्तों के विरूद्ध उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत अभियोग दर्ज किया गया है। छापेमारी दल में निरीक्षक उत्पाद संजीत देव,अवर निरीक्षक सदर कृष्णा प्रजापति,अवर निरीक्षक उत्पाद तेनुघाट दीपिका कुमारी सहित सशस्त्र बल शामिल थे।

### सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों ने मतदाताओं को जागरूक होने का दिया संदेश




**कतरास (धनबाद):** सरस्वती शिशु मंदिर श्यामडीह के बच्चों ने लोकसभा चुनाव के तहत मतदाता जागरूकता अभियान 2024 पैदल अभियान रैली निकालकर शहरवासियों को अपने वोट की ताकत पहचानने का दिया संदेश। इस रैली में विद्यालय के बच्चों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों ने यह संदेश दिया कि मतदाताओं का जागरूक होना देश को सुरक्षित हाथों में सौंपने का कार्य है। जागरूक मतदाता बन लोकतंत्र का धर्म निभाए और मतदान के दिन शहरवासी वोट देने जरूर जायें। इस रैली कार्यक्रम में कक्षा नवम से द्वादश तक के 1000 भैया-बहन, विद्यालय के प्राचार्य अभिमन्यु कुमार, समस्त आचार्य एवं दीदीजी संयुक्त रूप से सम्मिलित हुए। शहरवासियों ने विद्यालय कि इस पहल कि भुरी-भुरी प्रशंसा की और बच्चों का मनोबल बढ़ाया।

### बोकारो में अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई पत्नी की मौत, पति घायल

**बोकारो :** जिले के गोमिया प्रखंड स्थित ललपनिया-रामगढ़ रोड के चोरगावां के पास शनिवार सुबह अनियंत्रित कार पेड़ से टकरा गयी। इस हादसे में कार में सवार महिला की मौत हो गयी जबकि उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति को रांची के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि गोमिया थाना क्षेत्र के जमकडीह निवासी पिंटू साव पत्नी कलावती देवी के साथ कार (जेएच 24जे 9715) से चोरगांवा रिश्तेदार के घर धार्मिक कार्यक्रम में गये थे। शनिवार की सुबह दोनों घर लौट रहे थे। इस बीच चोरगावां के पास कार अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गयी। आनन-फानन में दोनों घायलों को रांची रिम्स ले जाया गया, जहां कलावती देवी (30) की मौत हो गयी। दुर्घटना में घायल पिंटू साव को रांची के ही एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। टक्कर इतनी जोर की थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना पर ललपनिया थाना प्रभारी शशि शेखर घटनास्थल पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### धूमधाम से मनी जानकी नवमी

**बोकारो :** मिथिला अकैडमी पब्लिक स्कूल सेक्टर 4/ई में धूमधाम से जानकी नवमी मनाया गया। मुख्य अतिथि श्री ए .के सिंह टाउन एडमिनिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट बोकारो सेल, अध्यक्ष हरि मोहन झा, सचिव प्रमोद कुमार झा चंदन, नीरज चौधरी, मिहिर झा ,बटोही कुमार, श्रीमती किरण झा, सीमा झा, बीनू चौधरी,प्राचार्य अशोक कुमार पाठक एवं उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने ₹आएल मंगल दिन हे स्वागत करूं पहुना के₹ स्वागत गान गाकर दर्शकों का स्वागत किया। भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता की आदर्श नारी जानकी त्याग, प्रेम, धैर्य,करुणा और संयम की अधिष्ठात्री प्रतिमूर्ति देवी माता सीता के जन्म, बाल्यावस्था, युवावस्था एवं वनगमण को बच्चों ने नृत्य के माध्यम से दशार्या ।जानकी आदर्श नारी, करुणा और संयम की देवी थी। विद्यालय के शिक्षिकाओं ने ₹मिथिला मगन भई आज सिया को जन्म भयो सोहर गाकर सबों को मंत्र मुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि ए .के सिंह ने कहा कि मिथिलांचल और मिथिला वासी रामायण से ऐसे जुड़े हैं जैसे दिया संग बाती हो। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि रामायण में वर्णित पात्रों और उनके चरितार्थ को अगर जीवन में ढाला जाए तो सभ्यता और संस्कृति से जुड़ा रहना कोई असंभव बात नहीं है। वही प्रमोद कुमार झा चंदन ने कहा कि हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है। जिसे हम पीढ़ी दर पीढ़ी लेकर चल सकते हैं। प्राचार्य अशोक कुमार पाठक ने कहा की रामायण हमें जननी,जन्मभूमि से जोड़ती है वह हमें त्याग और समर्पण की भावना सिखाती है ।

# प्रेम त्याग व ममता की मूर्ति होती है मां



रमेश सर्राफ धमोरा

**दुनिया में हर शब्द का अर्थ समझा और समझाया जा सकता है। लेकिन मां शब्द का अर्थ समझाना और समझाना दोनों ही लगभग नामुमकिन है। मां शब्द का अर्थ समझाना इसलिए नामुमकिन है क्योंकि मां के प्यार को मां के बलिदान को शब्दों में नहीं समझाया जा सकता। इसे सिर्फ अनुभव किया जा सकता है। मां के दिल में जितना प्यार अपने बच्चों के लिए होता है। अगर मां के सभी बच्चे कोशिश भी करें तो उसका कुछ अंश भी अदा नहीं कर सकते।**

दुनिया में मां की तुलना भगवान से की जाती है। भारत में गंगा नदी को पवित्र मान कर मां का दर्जा दिया जाता है जो इस बात का संकेत है कि मां अपने आप में एक उपाधि है। कई धार्मिक ग्रंथो में जननी की महिमा का बखान मिलता है। प्रत्येक वर्ष मई के दूसरे रविवार को मदर्स डे यानी मातृ दिवस मनाया जाता है। ऐसे में इस साल 12 मई को मातृ दिवस मनाया जाएगा।

मां एक ऐसा शब्द है जिसमें पूरा ब्रम्हांड समा जाए। जब हम मां बोलने के लिए मुंह खोलते हैं तो शब्द के उच्चारण के साथ ही पूरा मुंह भर जाता है। मां ममता की मूरत होती है। पूरी दुनिया के सभी धर्मों ने मां के रिश्ते को सबसे पवित्र माना गया है। अपने बच्चों के प्रति मां का प्यार, दुलार, समर्पण और त्याग अनमोल होता है। मां को सम्मान देने के लिए पूरी दुनिया में मई माह के दूसरे रविवार को मातृत्व दिवस (मदर डे) के रूप में मनाया जाता है।

अंतरराष्ट्रीय मातृत्व दिवस माताओं एवं मातृत्व का सम्मान करने वाला दिन होता है। एक मां ही होती है जो सभी की जगह ले सकती है। लेकिन उनकी जगह कोई और नहीं ले सकता है। मां अपने बच्चों की हर प्रकार से रक्षा और उनकी देखभाल करती है। इसलिए मां को ईश्वर का दूसरा रूप कहा जाता है। मां वह शख्स होती है जो नो माह तक अपने बच्चे को कोख में रखकर जन्म देती है। उसके बाद उसका लालन-पालन करती है। कुछ भी हो जाए लेकिन एक मां का अपने बच्चों के प्रति स्नेह कभी कम नहीं होता है। वह खुद से भी ज्यादा अपने बच्चों के सुख सुविधाओं को लेकर चिंतित रहती है। मां अपनी संतान की रक्षा के लिए बड़ी से बड़ी विपत्तियों का सामना करने का साहस रखती है।

मां होने का अर्थ है उत्तरदायित्व और निस्वार्थता से पूरी तरह से अभिभूत होना। मातृत्व का मतलब है रातों की नींद हराम करना। मां भगवान की सबसे श्रेष्ठ रचना है। उसके जितना त्याग और प्यार कोई नहीं कर सकता है। मां विश्व की जननी है उसके बिना संसार की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। मां ही हमारी जन्मदाता होती है और वही हमारी सबसे पहली गुरु होती है। इसीलिए हम धरती को भी धरती माता कहते हैं। जो अपने उपर हम सब का वजन उठाती है।

मां को संस्कृत में मातरः कहते है। मां ईश्वर की सर्वश्रेष्ठ कृति है जिसके माध्यम से परमेश्वर अपने अंश द्वारा अपनी शक्ति का संचार और विस्तार करता हैं। पुराणों के अनुसार मां का अर्थ लक्ष्मी है। जिस प्रकार मां लक्ष्मी सृष्टि का पालन करती है उसी प्रकार मां भी शिशु का पालन करती है। इस प्रकार मां को लक्ष्मी का स्वरूप माना गया। एक मत यह है कि इस सृष्टि का आरंभ मनु और शतरूपा नामक स्त्री-पुरुष के समागम से हुआ। मनु के नाम पर ही उनकी संतान को मनुज या मानव कहा गया। मनु की संतान को जिसने जन्म दिया उसे मां कहा गया। और इस प्रकार मां शब्द की उत्पत्ति हुई।



हमारे देश में गाय को भी गौमाता कह कर पुकारते हैं जो हमें अपने अपना दूध पिला कर बड़ा करती है। मां हमारे जीवन की सबसे प्रमुख हस्ती होती है जो बिना कुछ पाने की उम्मीद किए सिर्फ देती ही रहती है। मां का प्यार निस्वार्थ होता है जो हम अपने पूरे जीवन में किसी और से प्राप्त नहीं कर सकते हैं। मां बच्चे की पहली गुरु होती है।

जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गदपि गरीयसी।

वाल्मीकि रामायण के इस श्लोक में आचार्य वाल्मीकि कहते हैं कि माता और मातृभूमि का स्थान स्वर्ग से भी ऊपर होता है और उनके चरणों में ही वैकुंठ धाम है।

*नास्ति मातृसमा छाया, नास्ति मातृसमा गतिः।*
*नास्ति मातृसमं त्राण, नास्ति मातृसमा प्रिया।।*

यह श्लोक जीवन में माता के महत्व को बताता है। इस श्लोक में कहा गया है, माता के समान कोई छाया नहीं है और न ही उनके समान कोई सहारा है। न तो दुनिया में मां के समान कोई रक्षक नहीं और उनके समान कोई प्रिय वस्तु भी नहीं है। महाभारत में एक प्रसंग के दौरान जब यक्ष धर्मराज युधिष्ठर से सवाल पूछते हैं कि भूमि से भारी कौन है। तब युधिष्ठर कहते हैं कि माता इस भूमि से कहीं अधिक भारी होती हैं। अर्थात संसार में माता का स्थान सबसे अधिक गौरवपूर्ण है।

भारतीय संस्कृति तथा कुछ ग्रंथों के अनुसार मां शब्द की उत्पत्ति गोवंश से हुई। गाय का बछड़ा जब जन्म लेता है तो उसके सर्वप्रथम रंभानें में जो स्वर निकालता है वह मां होता है। यानी कि बछड़ा अपनी जन्मदात्री को मां के नाम से पुकारता है। इस प्रकार जन्म देने वाली को मां कहकर पुकारा जाने लगा। शास्त्रों के अनुसार सर्वप्रथम बछड़े ने ही अपनी मां गाय को रंभाकर मां पुकारा और वहीं से इस शब्द की उत्पत्ति हुई।

देखा जाए तो मातृ दिवस का इतिहास सदियों पुराना एवं प्राचीन है। यूनान में परमेश्वर की मां को सम्मानित करने के लिए यह दिवस मनाया जाता था। 16वीं सदी में इंग्लैंड का ईसाई समुदाय ईशु की मां मदर मेरी को सम्मानित करने के लिए इस दिवस को त्योहार के रूप में मनाये जाने की शुरूवात हुई। 'मदर्स डे' मनाने का मूल कारण समस्त माताओं को सम्मान देना और एक शिशु के उत्थान में उसकी महान भूमिका को सलाम करना है।

मातृत्व दिवस को आधिकारिक बनाने का निर्णय पूर्व अमरीकी राष्ट्रपति वूडरो विलसन ने आठ मई 1914 को लिया था। राष्ट्रपति वुडरो विल्सन ने मई के दूसरे रविवार को मदर्स डे मनाने और मां के सम्मान में एक दिन के अवकाश की सार्वजनिक घोषणा की थी। वे समझ रहे थे कि सम्मान, श्रद्धा के साथ माताओं का सशक्तिकरण होना चाहिए। जिससे मातृत्व शक्ति के प्रभाव से युद्धों की विभीषिका रुके। तत्पश्चात हर वर्ष मई के दूसरे रविवार को मदर्स डे मनाया जाता है। वर्तमान में ये भारत के साथ यूके, चीन, यूएस, मेक्सिको, डेनमार्क, इटली, फिनलैण्ड, तुर्की, ऑस्ट्रेलिया, कैनेडा, जापान, बेल्जियम सहित कई देशों में मनाया जाता है। हर साल माताओं के प्रति अपने आदर और सम्मान को व्यक्त करने के लिए यह दिवस मनाया जाता है।

मां शब्द की उत्पत्ति और अर्थ के बारे में कई मत हैं। विभिन्न शैलियों ने मां शब्द की व्याख्या की है। ये एक अक्षर वाला मां संबोधन पूरे ब्रह्मांड में सबसे ताकतवर शब्द माना जाता है। मां सिर्फ शब्द नहीं बल्कि एक भावना है। इसका वर्णन शब्दों मे करना नामुमकिन है। मां वो है जो न सिर्फ हमे जन्म देती है बल्कि हमे जीना भी सिखाती है। मां शब्द का अर्थ है निस्वार्थ प्यार और बलिदान। मां भगवान का जीता जागता स्वरूप है। मां खुले दिल से अपने बच्चो का भरपूर ख्याल रखती है। मां वो होती है जो खुद भूखी सो जाए पर अपने बच्चो को भूखा रहने नहीं देती। उसे खुद कितनी भी तकलीफ हो वो जताती नहीं और ऐसे मे भी सिर्फ अपने बच्चो की ही सलामती की दुआ करती है। मां की ममता समुद्र से भी गहरी है।

दुनिया में हर शब्द का अर्थ समझा और समझाया जा सकता है। लेकिन मां शब्द का अर्थ समझना और समझाना दोनों ही लगभग नामुमकिन है। मां शब्द का अर्थ समझाना इसलिए नामुमकिन है क्योंकि मां के प्यार को मां के बलिदान को शब्दों में नहीं समझाया जा सकता। इसे सिर्फ अनुभव किया जा सकता है। मां के दिल में जितना प्यार अपने बच्चों के लिए होता है। अगर मां के सभी बच्चे कोशिश भी करें तो उसका कुछ अंश भी अदा नहीं कर सकते।

## संपादकीय

### आबादी पर सवाल

देश में हिंदुओं की आबादी में कमी आ रही है। धार्मिक अल्पसंख्यकों की हिस्सेदारीः राष्ट्रव्यापी सर्वेक्षण (1950-2015) दस्तावेज में प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद ने खुलासा किया है। इसमें हिन्दू आबादी के 7.82 फीसद कम होने के साथ मुसलमानों की 43.15 फीसद बढ़ने की बात की गई है। सिखों की आबादी 1.24 फीसद से बढकर 1.85 फीसद तथा इसाइयों की 2.24 फीसद से बढ कर 2.36 फीसद हो गई है। इस रिपोर्ट के अनुसार बौद्ध भी बढ़े हैं, जबकि जैन व पारसियों की संख्या घटी है। यूं तो जनसंख्या के आंकड़े जनगणना के माध्यम से आते हैं। जो 2011 के बाद से नहीं हो सकी है। जनगणना 2021 में प्रस्तावित थी, जो करोना महामारी के कारण स्थगित कर दी गई थी। इस अध्ययन में बहुसंख्यक व अल्पसंख्यक आबादी में आए उतार-चढाव के अंतरराष्ट्रीय रुझान का पता लगाने के लिए 167 देश शामिल थे, जिसके मुताबिक भारतीय उपमहाद्वीप में मुस्लिम आबादी की बढ़ोत्तरी सबसे ज्यादा हुई। जबकि बांग्लादेश में 10 फीसद व पाकिस्तान में 10 फीसद मुसलमानों की आबादी में बढ़त देखी गई।



देश में मौजूदा वक्त में लोक सभा चुनाव चल रहे हैं, जिसमें सत्ताधारी दल पहले ही धार्मिक आधार पर बयानबाजियां करने और समाज में दरारें पैदा करने में हिचक नहीं रहा है। ऐसे में इस रिपोर्ट का प्रचार खास समुदाय को निशाना बनाने में सहायक साबित हो सकता है। विपक्ष भी इसे चुनावी चाल कह आरएसएस का एजेंडा चलाने का आरोप लगा रहा है। वास्तव में हम धर्मनिरपेक्ष देश हैं, जिसमें सभी धर्मो का बराबर सम्मान किया जाना और उनके साथ सहिष्णुता बरतना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। मुसलमानों की आबादी बढ़ने के कारणों में यूं तो उनकी चार शादियां, धर्मांतरण व घुसपैठ को दोषी ठहराया जा रहा है, जबकि इसके पीछे अशिक्षा व जागरूकता की कमी अधिक है। विशेष समुदाय पर देश की जनसांख्यिकी बदलने के प्रयासों का आरोप मढ़ना कतई उचित नहीं ठहराया जा सकता। इस हकीकत को झुठलाया नहीं जा सकता कि दुनिया भर में मुसलमानों की आबादी सबसे तेजी से बढ़ रही है। बीते सौ वर्षो में वे 12.5 फीसद से बढकर 22.5 फीसद हो चुके हैं। इसलिए केवल भारत में मुसलमानों की बढ़ती जनसंख्या के लिए भ्रामक प्रचार से बाज आना चाहिए। साथ ही उन्हें जागरूक करने और सेहत संबंधी फायदों के विषय में आगाह करने के प्रयास करने चाहिए।

## चिंतन-मनन

### दृष्टि में सब रखें

एक व्यक्ति ने कहा, सर्दी लग रही है। ठिठुर रहा हूं। दूसरे ने कहा, जाओ, कपड़ा ओढ़ लो। वह घर में गया और मलमल की चादर ओढ़ आया। आकर बोला, कपड़ा ओढ़ लिया, फिर भी ठंड लग रही है। उसने कहा, भले आदमी! मैंने कपड़ा ओढ़ने के लिए कहा था। इस ठिठुरन से बचने के लिए कैसा कपड़ा ओढ़ना है, यह विवेक तो तुम्हें होना ही चाहिए। मलमल से ठंड नहीं रूकती। वह रूकती है मोटे कपड़े से, ऊनी कपड़े से। जब तक मोटा कपड़ा या ऊनी कपड़ा नहीं ओढ़ा जाएगा, ठंड रूकेगी नहीं। कहने का अर्थ है कि यही बात देखने के विषय में है। देखना भी चल रहा है और विचार भी चल रहा है, यह नहीं होना चाहिए। देखने में केवल देखना ही चले। यह तभी संभव है जब देखना सघन हो। ठंड का रूकना तभी संभव है जब मोटा कपड़ा ओढ़ा जाए।

प्रश्न होता है कि किसे देखें? क्या देखें? अच्छा-बुरा जो भी आए उसे देखें। क्रोध आए तो उसे भी देखो। मान आए तो उसे भी देखो। वास्तव में जो क्रोध को देखता है, वही मान को देखता है। क्रोध हमारी सबसे स्थूल वृत्ति है। यह सबके समक्ष प्रत्यक्ष होती है। मान छिपा रहता है। प्रकट कम होता है। क्रोध तत्काल प्रकट हो जाता है। क्रोध का परिणाम -दुख को देखो। सुख को भी देखो। सुख के स्पंदनों को देखो। दुख के स्पंदनों को देखो। जो भी अच्छा या बुरा है, उसे देखो। श्वास को देखो। शरीर को देखो। समत्व को देखो। तटस्थता को देखो। अनन्यदर्शी को देखो। उसको देखो जहां दूसरा कोई नहीं है। चेतना के उस शुद्ध स्वभाव को देखो जहां जानने-देखने के सिवाय कुछ भी नहीं है। वही परम दर्शन है।

# अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस : स्वास्थ्य रक्षा में सबसे महत्वपूर्ण है नर्सों का योगदान



योगेश कुमार गोयल

दया और सेवा की प्रतिमूर्ति फ्लोरेंस नाइटिंगेल को आधुनिक नर्सिंग की जन्मदाता माना जाता हैं, जिनकी आज हम 204वीं जयंती मना रहे हैं। प्रतिवर्ष उन्हीं की जयंती को 12 मई को अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के रूप में मनाया जाता है और इस विशेष अवसर पर स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्यरत नर्सिंग कर्मियों के योगदान को नमन करना बेहद जरूरी है। ह्यलेडी विद द लैंपह्न के नाम से विख्यात नाइटिंगेल का जन्म 203 वर्ष पहले 12 मई 1820 को इटली के फ्लोरेंस शहर में हुआ था। भारत सरकार द्वारा वर्ष 1973 में नर्सों द्वारा किए गए अनुकरणीय कार्यों को सम्मानित करने के लिए उन्हीं के नाम से ह्यफ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कारह्न की स्थापना की गई थी, जो प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर प्रदान किए जाते हैं।

फ्लोरेंस नाइटिंगेल एक बेहद खूबसूरत, पढ़ी-लिखी और समझदार युवती थी। उन्होंने अंग्रेजी, इटेलियन, लैटिन, जर्मनी, फ्रैंच, इतिहास और दर्शन शास्त्र सीखा था तथा अपनी बहन और माता-पिता के साथ कई देशों की यात्रा की थी। मात्र 16 वर्ष की आयु में ही उन्हें अहसास हो गया था कि उनका जन्म सेवा कार्यों के लिए ही हुआ है। हालांकि उस दौर में नर्सिंग को एक सम्मानित व्यवसाय भी नहीं माना जाता था, इसलिए उनके माता-पिता का मानना था कि धनी परिवार की लड़की के लिए वह पेशा सही नहीं है। दरअसल वह ऐसा समय था, जब अस्पताल बेहद गंदी जगह पर होते थे और वहां बीमार लोगों की मौत के बाद काफी भयावह माहौल हो जाता था। 1850 में फ्लोरेंस ने जर्मनी में प्रोटेस्टेंट डेकोनेसिस संस्थान में दो सप्ताह की अवधि में एक नर्स के रूप में अपना प्रारम्भिक प्रशिक्षण पूरा किया। मरीजों, गरीबों और पीड़ितों के प्रति उनके सेवाभाव को देखते हुए आखिरकार उनके माता-पिता द्वारा वर्ष 1851 में उन्हें नर्सिंग की आगे की पढ़ाई के लिए अनुमति दे दी गई, जिसके बाद उन्होंने जर्मनी में महिलाओं के लिए एक क्रिश्चियन स्कूल में नर्सिंग की पढ़ाई शुरू की, जहां उन्होंने मरीजों की देखभाल के तरीकों और अस्पतालों को साफ रखने के महत्व के बारे में जाना।

फ्लोरेंस का नर्सिंग के क्षेत्र में पहली बार अहम योगदान 1854 में क्रीमिया युद्ध के दौरान देखा गया। उस समय ब्रिटेन, फ्रांस और तुर्की की रूस से लड़ाई चल रही थी और सैनिकों को रूस के क्रीमिया में लड़ने के लिए भेजा गया था। युद्ध के दौरान सैनिकों के जख्मी होने, ठंड, भूख तथा बीमारी से मरने की खबरें आई। युद्ध के समय वहां उनकी देखभाल के लिए कोई उपलब्ध नहीं है। ऐसे में ब्रिटिश सरकार द्वारा फ्लोरेंस के नेतृत्व में अक्तूबर 1854 में 38 नर्सों का एक दल घायल सैनिकों की सेवा के लिए तुर्की भेजा गया। फ्लोरेंस ने वहां पहुंचकर देखा कि किस प्रकार वहां अस्पताल घायल सैनिकों से खचाखच भरे हुए थे, जहां गंदगी, दुर्गंध, दवाओं तथा उपकरणों की कमी, दूषित पेयजल इत्यादि के कारण असुविधाओं के बीच संक्रमण से सैनिकों की बड़ी संख्या में मौतें हो रही थी। फ्लोरेंस ने अस्पताल की हालत सुधारने के अलावा घायल और बीमार सैनिकों की देखभाल में दिन-रात एक कर दिया, जिससे सैनिकों की स्थिति में काफी सुधार हुआ। उनकी अथक मेहनत के परिणामस्वरूप ही अस्पताल में सैनिकों की मृत्यु दर में बहुत ज्यादा कमी आई। उस समय किए गए उनके सेवा कार्यों के लिए ही सभी सैनिक उन्हें आदर और प्यार से ह्यलेडी विद द लैंपह्न कहने लगे थे। दरअसल जब चिकित्सक अपनी ड्यूटी पूरी करके चले जाते, तब भी वह रात के गहन अंधेरे में हाथ में लालटेन लेकर घायलों की सेवा के लिए उपस्थित रहती थी



1856 में युद्ध की समाप्ति के बाद जब वह वापस लौटी, तब स्वयं महारानी विक्टोरिया ने पत्र लिखकर उनका धन्यवाद किया। उसके कुछ ही माह बाद रानी विक्टोरिया से उनकी मुलाकात हुई और उनके सुझावों के आधार पर ही वहां सैन्य चिकित्सा प्रणाली में बड़े पैमाने पर सुधार संभव हुआ और वर्ष 1858 में रॉयल कमीशन की स्थापना हुई। उसके बाद ही अस्पतालों की सफाई व्यवस्था पर ध्यान देना, सैनिकों को बेहतर खाना, कपड़े और देखभाल की सुविधा मुहैया कराना तथा सेना द्वारा डॉक्टरों को प्रशिक्षण देने जैसे कार्यों की शुरूआत हुई। सेवाभाव से किए गए फ्लोरेंस नाइटिंगेल के कार्यों ने नर्सिंग व्यवसाय का चेहरा ही बदल दिया था, जिसके लिए उन्हें रेडक्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति द्वारा सम्मानित किया गया। मरीजों, गरीबों और पीड़ितों के प्रति फ्लोरेंस की सेवा भावना को देखते हुए ही नर्सिंग को उसके बाद महिलाओं के लिए सम्मानजनक पेशा माना जाने लगा और उनकी प्रेरणा से ही नर्सिंग क्षेत्र में महिलाओं को आने की प्रेरणा मिली। फ्लोरेंस के अथक प्रयासों के कारण ही रोगियों की देखभाल तथा अस्पताल में स्वच्छता के मानकों में अपेक्षित सुधार हुआ। 90 वर्ष की आयु में 13 अगस्त 1910 को फ्लोरेंस नाइटिंगेल का निधन हो गया, जिनकी कब्र सेंट मार्गरेट गिरजाघर के प्रांगण में है। उनके सम्मान में ही उनके जन्मदिवस 12 मई को ह्यअंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवसह्न के रूप में मनाए जाने की शुरूआत की गई।

# सीएनजीः अब वो बात नहीं रही



अखिलेश आर्यन्दु

राजधानी दिल्ली की हवा में इन दिनों अजब किस्म का जहर घुल रहा है। अजब इसलिए कि जिस ईंधन से वाहनों को चलाना सुरक्षित घोषित किया गया था, अब वही ईंधन दम घोंट रहा है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड(सीपीसीबी) के ताजे एयर बुलेटिन के अनुसार दिल्ली का एक्यूआई 224है और इस बार हवा का मिजाज बिगड़ने का अकारण नाइट्रोजन डाई आक्साईड (एनओ 2) का आधिक्य है। एनओ-2 की हवा में मौजूदगी कार्बन डाईआक्साइड से भी अधिक घातक होती है। सीपीसीबी का आकलन है कि एनओ 2 की मात्रा बढ़ने का कारण सीएनजी वाहनों से निकलने वाली रासायनिक गैस हैं।

दिल्ली में वायु प्रदूषण को निर्यत्रित रखने के तंत्र ने महज पीएम 2.5 और 10 को निर्यत्रित करने की कोशिशें की और इसके लिए सीएनजी वाहनों की संख्या इतनी हो गई कि अब काला धुएं की जगह अदृश्य धुआं इंसानों के जीवन का दुश्मन बना है। जुलाई-21 में जारी की गई रिपोर्ट 'बिहाइंड द स्मोक स्क्रीनः सैटेलाइट डाटा रिवील एयर पॉल्यूशन इन्क्रीज इन इंडियाज एट मोस्ट पॉपुलस स्टेट कैपिटल्स' में चेतावनी दे गई थी कि साल दर साल दिल्ली सहित देश के कई बड़े शहरों में नाइट्रोजन ऑक्साइड की मात्रा में इजाफा हो रहा है। सेटेलाइट डाटा विश्लेषण के आधार पर ग्रीनपीस इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक अप्रैल 2020 की तुलना में अप्रैल 2021 में दिल्ली में नाइट्रोजन ऑक्साइड की मात्रा 125 फीसद तक ज्यादा रही। ग्रामीण क्षेत्रों में तो नाइट्रोजन ऑक्साइड के बढ़ने के कारण खेती में अंधाधुंध रासायनिक खाद का इस्तेमाल, मवेशी पालन आदि होता है, लेकिन बड़े शहरों में इसका मूल कारण निरापद या ग्रीन फ्यूल कहे जाने वाले सीएनजी वाहनों का उत्सर्जन है। जान लें नाइट्रोजन की ऑक्सीजन के साथ मिल कर बनीं गैसें- जिन्हें 'आक्साईड आफ नाइट्रोजन' कहते हैं, मानव जीवन और पर्यावरण के लिए उतनी ही नुकसानदेह हैं जितना कार्बन आक्साईड या मोनो आक्साइड। यूरोप में हुए शोध बताते हैं कि सीएनजी वाहनों से निकलने वाले नेनो मीटर (एनएम) आकार के बेहद बारीक कण कैंसर, अल्जाइमर, फेफड़ों के रोग का खुला न्योता हैं। पूरे यूरोप में इस समय सुरक्षित ईंधन के रूप में वाहनों में सीएनजी के इस्तेमाल पर शोध चल रहे हैं। विदित हो यूरो-6 स्तर के सीएनजी वाहनों के लिए भी कण उत्सर्जन की कोई अधिकतम सीमा तय नहीं है और इसी लिए इससे उपज रहे वायु प्रदुषण और उसके इंसान के जीवन पर कुप्रभाव और वैश्विक पर्यावरण को हो रहे नुक्सान को नजरअंदाज किया जा रहा है। जान लें पर्यावरण मित्र कहे जाने वाले इस ईंधन से बेहद सूक्ष्म लेकिन घातक 2. 5 एनएम (नेनो मीटर) का उत्सर्जन पेट्रोल-डीजल वाहनों की तुलना में 100 से 500 गुना अधिक है। खासकर शहरी यातायात में जहां वाहन बहुत धीरे चलते हैं, भारत जैसे चरम गर्मी वाले परिवेश में सीएनजी वाहन उतनी ही मौत बांट रहे हैं जितनी डीजल कार-बसें नुकसान कर रही थी बस कार्बन के बड़े पार्टिकल कम हो गए हैं। यह सच है कि सीएनजी वाहनों से अन्य ईंधन की तुलना में पार्टिकुलेट मेटर 80 फीसद और हाइड्रो कार्बन 35 प्रतिशत कम उत्सर्जित होता है, लेकिन इससे कार्बन मोनो आक्साइड उत्सर्जन पांच गुना अधिक है। शहरों में स्मोग और वातावरण में ओजोन परत के लिए यह गैस अधिक घातक है। परिवेश में 'आक्साईड आफ नाइट्रोजन 'गैस अधिक होने का सीधा असर इंसान के स्वशन तंत्र पर पड़ता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के 2011 के एक अध्ययन में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि सीएनजी पर्यावरणीय कमियों के बिना नहीं है, यह कहते हुए कि सीएनजी जलाने से संभावित खतरनाक कार्बोनिल उत्सर्जन की उच्चतम दर पैदा होती है।




अध्ययन से पता चला था कि रेट्रोफिटेड सीएनजी कार इंजन 30 प्रतिशत अधिक मीथेन उत्सर्जित करते हैं। ब्रिटिश कोलंबिया विश्वविद्यालय के एक अध्ययन में कॉनर रेनॉल्ड्स और उनके सहयोगी मिलिंद कांडलीकर ने वाहनों में सीएनजी इस्तेमाल के कारण ग्रीनहाउस गैसों कार्बन डाईआक्साइड और मीथेन के प्रभावों पर शोध किया तो पाया कि इस तरह के उत्सर्जन में 30 प्रतिशत की वृद्धि है। यह जान लें कि सीएनजी भी पेट्रोल-डीजल की तरह जीवाश्म इंधन ही है। यह भी स्वीकार करना होगा कि ग्रीनहाउस गैसों की तुलना में एरोसोल (पीएम) अल्पकालिक होते हैं, उनका प्रभाव अधिक क्षेत्रीय होता है और उनके शीतलन और ताप प्रभाव की सीमा अभी भी काफी अनिश्चित है। सीएनजी से निकली नाइट्रोजन आक्साईड अब मानव जीवन के लिए खतरा बन कर उभर रही है। दुर्भाग्य है कि हम आधुनिकता के जंजाल में उन खतरों को पहले नजरअंदाज करते हैं जो आगे चल कर भयानक हो जाते हैं। जान लें प्रकृति के विपरीत ऊर्जा, हवा, पानी किसी का भी कोई विकल्प नहीं हैं। नैसर्गिकता से अधिक पाने का कोई भी उपाय इंसान को दुख ही देगा ।

# भोजपुर में बालू लोड करने आया था दोस्तों ने मलबे से निकाला

**भोजपुर।** जिले के संदेश थाना क्षेत्र के संदेश गांव स्थित 15 बालू घाट पर शनिवार को बालू के मलबे के नीचे दबकर रोहतास निवासी एक हाईवे चालक की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।जानकारी के अनुसार मृतक रोहतास जिला के सूर्यपुरा थाना क्षेत्र के बरुण टोला गांव निवासी अयोध्या सिंह का 24 वर्षीय पुत्र चंदन कुमार है एवं वह पेशे से हाईवे चालक था। घटना के संबंध में बताया जाता है कि वह अपने गांव के एक साथी के साथ हाईवे चलाने के लिए अपने गांव से



संदेश गांव स्थित बालू घाट पर आया था। वह हाईवा लेकर संदेश गांव स्थित संदेश 15 बालू घाट पर बालू लोड करने के लिए गया था। वहां पर उसका हाईवा खड़ा ही था। लेकिन वह उस पर नहीं दिख रहा था। इसके बाद जब उसका दोस्त वहां आया तो वह मौजूद एक मजदूर ने कहा कि एक आदमी बालू के मलबे के नीचे दब गया है। अन्य लोगों के सहयोग से बालू के मलबे को हटाया तो उसने देखा कि



वह उसमें दबा पड़ा है। इसके बाद उनके द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने देख उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद उसके साथ ही द्वारा इसकी सूचना मृतक के परिजनों को दी गई। सूचना पाकर परिजन आरा सदर अस्पताल पहुंचे। इसके पश्चात परिजन अपनी स्वेच्छा से शव का बिना पोस्टमार्टम कराए ही वापस गांव ले गए। बताया जाता है कि मृतक अपने दो भाई व एक बहन में बड़ा था। उसके परिवार में एक भाई सोनू एवं एक छोटी बहन चिंता कुमारी है। मृतक की मां रीता देवी की मौत 13 वर्ष पूर्व बीमारी के कारण हो गई थी। घटना के बाद मृतक के घर में मातम छा गया है। घटी इस घटना के बाद मृतक के परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## पीएम के रोड शो को लेकर स्पेशल गाड़ी तैयार



**पटना।** में पीएम नरेंद्र मोदी के रोड शो के लिए स्पेशल गाड़ी को तैयार कर लिया गया है। यह पूरी तरह से हाईटेक और लग्जरी है। शनिवार को कारकेड के रिहर्सल के दौरान गाड़ी को भी शामिल किया गया। गाड़ी पूरी तरह से भगवा कलर में रंगी हुई है। इस पर पीएम की तस्वीर लगी हुई है। इस गाड़ी को इस डिजाइन से बनाया गया है कि पीएम खड़े रहेंगे तब भी एसी की हवा उनके चेहरे तक पहुंचेगी। वहीं, पीछे बैठने की भी व्यवस्था है। वहीं पर लाइटिंग का भी अच्छा प्रबंध किया गया है। इसी गाड़ी पर सवार होकर पीएम न्यू डाकबंगला चौराहा, एग्जीबिशन रोड, भट्टाचार्य रोड, पिरमुहानी होते हुए जेपी गोलंबर तक साढ़े चार किलोमीटर की दूरी तय करेंगे। इसके लिए निर्धारित रूट पर रिहर्सल भी किया जा रहा है। गाड़ी को पूरी तरह से सुरक्षा घेरे में ले लिया गया है। जिन मार्गों पर रोड शो होगा, उन पर शनिवार की रात 10 बजे से सोमवार की सुबह 6 बजे तक ट्रक, ट्रैक्टर, पिकअप वैन या अन्य मालवाहक वाहनों के परिचालन पर पूरी तरह से रोक रहेगी। यही नहीं पटना के सभी वीवीआईपी इलाकों में भी इस दौरान मालवाहक वाहनों की इंट्री नहीं होगी। अगर कोई मालवाहक वाहन इस एरिया में प्रवेश करेगा तो जब्त हो जाएगा साथ ही जुमार्ना भी भरना पड़ेगा। इधर, प्रधानमंत्री के रोड शो को लेकर पुलिस अलर्ट मोड पर है। रोड शो वाले मार्ग पर तीन हजार पुलिसकर्मी, थाना की पुलिस के साथ ही अतिरिक्त पुलिस बल और रैफ के जवान तैनात रहेंगे। किसी ने बैरिकेडिंग तोड़कर अंदर घुसने की कोशिश की तो जेल भेजा जा सकता है। हर तीसरे भवन पर जवान की तैनाती रहेगी। को भेंट करने के लिए एक खास मुखौटा बनाया है। इस मुखौटे को तैयार करने के लिए उन्होंने पांच तत्वों को इस्तेमाल किया है। इस मुखौटे के अंदर 'मोदी जी' लिखा हुआ है।

## दामाद ने की पत्नी सास और 2 बच्चों की हत्या

**मधुबनी।** में एक दामाद ने अपनी पत्नी, सास और दो बच्चों की बेरहमी से हत्या कर दी। वारदात के वक्त घर में कुल 6 लोग थे। दो बच्चों ने अपनी जान अनाज रखने वाले कोठी के कोने में छिपकर बचाई। बताया जा रहा है कि आरोपी दुकान खोलने के नाम पर ससुराल वालों से पैसा मांग रहा था। इसी को लेकर उसका अपनी पत्नी और सास से विवाद चल रहा था। शुक्रवार रात को भी किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसी बीच



आरोपी पवन महतो ने अपने साथी के साथ मिलकर उसने सो रही अपनी सास प्रमिला देवी (60), पत्नी पिंकी देवी (26), 4 साल की बेटी प्रीति कुमारी और छह माह की बेटी प्रिया को अनाज पीसने वाले जांता के पत्थर और उसके लकड़ी के हैंडल से सिर कुचल दिया। चारों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दादी के साथ सो रही आरोपी दामाद के साले संतोष महतो के दो बच्चे सुहानी और सचिन इस घटना के समय डर कर पलंग के नीचे छुप गए थे। वहीं, घटना के बाद आरोपी पवन फरार है। पुलिस की टीम इस घटना की जांच में जुटी है। वारदात झंझारपुर थाना क्षेत्र के सुखेत गांव के बरिशलाल चौक की है। चौकी के नीचे सहमे बच्चे पिता की आवाज सुनकर बाहर निकले तो उसने बताया कि हम दोनों अपने दादी, दीदी और दोनों बहनों के साथ सोए थे। बार-बार पैसा भी मांगता था। 4 साल पहले भी 20 हजार दिए थे। एक बार फिर से दुकान खोलने के नाम पर पैसा मांग रहा था। हम लोग खुद गरीब हैं। हम लोग का पारंपरिक पेशा पेड़ से नीरा उतारने का है।

## बांका समेत कई जिलों में छाए बादल आकाशीय बिजली गिरने की भी संभावना

**बिहार।** में शनिवार को दोपहर बाद अचानक मौसम ने करवट ली। गया, जमुई, रोहतास और किशनगंज में झमाझम बारिश हुई है। बांका, पटना समेत कई जिलों में बादल छाए हुए हैं। 2 दिनों से बिहार के कई जिलों में बारिश हो रही है। इससे तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। गया जिले के फतेहपुर प्रखंड के बड़गांव में आकाशीय बिजली ताड़ के पेड़ पर गिरी। पेड़ पर बिजली गिरते ही आग लग गई। आसपास मौजूद लोगों ने इसका वीडियो बना लिया। मौसम विभाग की ओर से प्रदेश के



15 जिलों में बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया था। जिसमें जमुई, बांका, सुपौल, अररिया, किशनगंज, कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद, गया, नवादा,पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर,सीतामढ़ी और मधुबनी शामिल हैं। इन जिलों में मेघ गर्जन, वज्रपात और 30 से 40 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवा चलेगी। मौसम विभाग की माने तो शनिवार को राज्य के उत्तरी भाग में कुछ जगहों पर आंशिक बारिश हो सकती है। पटना में आज मौसम सामान्य बना रहा। दिन में धूप निकली। मौसम विभाग की माने तो शाम में हवाएं भी चलेंगी, जिसके कारण से गर्मी का एहसास कम होगा। वही शुक्रवार को पटना के अधिकतम तापमान में 5.1 डिग्री बढ़ोतरी दर्ज की गई। पटना का अधिकतम तापमान 33.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## संक्षिप्त डायरी

### हत्या मामले में 2 पकड़े गए 1263 वाहनों की जांच में तीन लाख से अधिक वसूला जुमार्ना



**भोजपुर।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए कांड में वांछित आरोपितों की गिरफ्तारी और शराब बरामदगी को लेकर छापेमारी अभियान चलाया जा रहा। जिसमें 95 पकड़े गए। इसमें दहेज हत्या में 2, हत्या के प्रयास में 11, रंगदारी में 1, पुलिस पर हमले में 3, वारंट में 14, शराब पीने-बिक्री करने में 62 पुलिस के हत्थे चढ़े हैं। इसकी जानकारी शुक्रवार को एसपी नीरज सिंह ने दी। अभियान के दौरान दो शराब भट्ठियों को तोड़ा गया। 329 लीटर देसी शराब और 18 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई। 450 लीटर शराब नष्ट कर दिया गया है। अभियान के दौरान करीब 39 वारंट और एक कुर्की का निष्पादन किया गया। करीब 1263 वाहनों की जांच की गई। करीब 3 लाख रुपए से अधिक जुमार्ना वसूला गया। संदेश पुलिस ने बालू लदे दो ट्रैक्टर और कोईलवर पुलिस ने बालू लदे 20 ट्रक जब्त किए है। सिकरहटा पुलिस ने दहेज हत्या में दो आरोपितों को पकड़ा। बिहियां पुलिस ने सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने के आरोप में तीन आरोपितों को पकड़ा। बड़हरा पुलिस ने 40 लीटर शराब के साथ दो धंधेबाजों को गिरफ्तार किया गया। गड़हनी पुलिस ने शराब पीकर घर में हंगामा करने के आरोप में लहरपा से एक को गिरफ्तार किया। नवादा थाना क्षेत्र के गिरजा मोड़ स्थित एक झोपड़ीनुमा अंडा दुकान में पुलिस ने छापेमारी कर दस लीटर देसी शराब बरामद की। साथ ही दुकानदार धर्मेन्द्र नट को पकड़ा। दुकानदार गिरजा मोड़ का निवासी है। दारोगा चन्देश्वर कुमार के बयान पर प्राथमिकी की गई है। प्लास्टिक के गैलन में शराब छुपाकर रखी गई थी। मुफस्सिल थाना पुलिस ने धमार गांव से 29 पैकेट ट्रेटा पैक शराब के साथ अर्जुन प्रसाद को गिरफ्तार कर लिया।

### राजद प्रदेश प्रवक्ता ने कहा- सभी वादे झूठे साबित हुए महागठबंधन को अच्छी सीटें मिलेंगी



**समस्तीपुर।** राजद के प्रदेश प्रवक्ता इकबाल समी ने शुक्रवार रात कांग्रेस उम्मीदवार के पक्ष में कैंपिंग की। इस दौरान उन्होंने शहर के ताजपुर रोड में आयोजित संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा कि इस बार के चुनाव में पब्लिक का गुस्सा मोदी जी के खिलाफ है। चुकी नरेंद्र मोदी ने जो भी वादा जनता से चुनाव के दौरान किया था। वह झूठ साबित हुआ। वे बिहार में जहां -जहां गए चीनी मिल खोलने और वहीं पर चाय पीने की बात कही, लेकिन एक भी चीनी मिल चालू नहीं हुआ। जिससे लोगों में भाजपा के प्रति गुस्सा है। राजद ने लव-कुश के साथ ब्रह्मर्षि समाज के लोगों को टिकट दिया है। जिससे बिहार में चुनाव का माहौल बदल गया है। महागठबंधन को इस बार बहुत ही अच्छी सीट मिलने जा रही है। उन्होंने कहा कि वैश्य भाजपा की वोट बैंक रही है। लेकिन वह भाजपा से नाराज है। रमा देवी व पिंटू जी का टिकट काट दिया गया। लेकिन राजद ने वैश्य समाज की ऋतु जायसवाल व आरा, झंझारपुर से टिकट दिया गया है। ब्रह्मर्षि समाज को भी राजद ने टिकट दिया है। जिससे इस बार राजद व इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार को सभी समाज के लोगों का वोट मिल रहा है। उन्होंने कहा कि समस्तीपुर की दोनों सीट इंडिया गठबंधन जीत रही है। इस बार की लड़ाई 5 फीसदी उद्योगपति और गरीबों के बीच है।

## मुसलमानों के लिए नीतीश ने जो किया वह लालू नहीं किए



**समस्तीपुर।** पूर्व राज्य सभा सांसद और कटिहार मेडिकल कॉलेज के व्यवस्थापक डॉ. अमहम अशफाक करीम ने कहा कि एनडीए में नीतीश कुमार देश में दूसरे स्थान के नेता है। उन्होंने जो बिहार के मुसलमानों के लिए जो किया वह लालू यादव भी नहीं कर पाएं। जब तक नीतीश कुमार है तब तक मुसलमानों को डरने की जरूरत नहीं है। कोई आरक्षण खत्-म होने वाला नहीं है। डॉ. करीम शुक्रवार रात पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मोदी जी के मंच से ही नीतीश कुमार बिना रोक टोक के सीना ठोक कर मुसलमानों के लिए किए गए कार्य को गिनाते हैं। पूर्व राज्यसभा सांसद ने एनडीए प्रत्याशी शांभवी को जीताने का आान किया। पूर्व राज्यसभा सांसद ने कहा कि बिहार में जब भाजपा के साथ मिलकर नीतीश कुमार ने सरकार बनाई तो उन्होंने आगे बढ़ कर कार्य किया। मदरसा बोर्ड के शिक्षकों को सरकारी शिक्षक के अनुरूप वेतन देने का काम किया। करीब 9 हजार कब्रिस्तान की घेराबंदी की। जिससे ग्रामीण इलाकों में होने वाला विवाद बंद हुआ। उन्होंने यूपीएसई, बीपीएसई के लिए कोचिंग की व्यवस्था की।

## पटना में 12 मई को बदली रहेगी ट्रैफिक व्यवस्था

**पटना।** में 12 मई को पीएम नरेंद्र मोदी की प्रस्तावित रोड शो को लेकर ट्रैफिक व्यवस्था बदली रहेगी। प्रशासन की ओर से रूट चार्ट जारी किया गया है। इस दौरान अग्निशमन, एंबुलेंस, मरीजों के वाहन, शव वाहन, न्यायिक कार्य से जुड़े वाहन, चुनाव कार्य से जुड़े वाहन और पास धारक वाहनों को छूट रहेगी। सगुना मोड, राजाबाजार की ओर नेहरू पथ (बेली रोड) होकर पटना जंक्शन जाने वाले वाहन नेहरू पथ पर डुमरा चौकी से पटना एयरपोर्ट पश्चिमी गेट होते हुए बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस 05 तिराहा से आमुकोढ़ा मोड़ से टमटम पड़ाव होकर अनिसाबाद गोलंबर से चितकोहरा दक्षिण से गर्दनीबाग से




मीठापुर होते हुए जीपीओ ऊपर से करबिगहिया जा सकते हैं। सगुना मोड़, राजाबाजार से जगदेवपथ रोड होते हुए आमुकोडा मोड़ से टमटम पड़ाव से अनिसाबाद गोलंबर से चितकोहरा दक्षिण से गर्दनीबाग से मीठापुर होते हुए करबिगहिया जा सकते हैं। राजीवनगर, पाटलिपुत्रा, दीघा, कुर्जी, बोरिंग रोड आदि क्षेत्र से पटना जंक्शन जाने वाले निजी वाहन अटल पथ से आर ब्लॉक होते हुए जीपीओ गोलंबर नीचे से पटना जंक्शन जा सकते हैं। राजीवनगर, पाटलिपुत्रा, दीघा, कुर्जी, बोरिंग रोड आदि क्षेत्र से पटना जंक्शन जाने वाले वाहन कुर्जी मोड़ से पाटलिपुत्र से बोरिंग रोड होते हुए बोरिंग रोड चौराहा से हड़ताली लोहियाचक्र पथ नीचे से दारोगा राय पथ से वीरचन्द पटेल पथ से आर ब्लॉक होते हुए जीपीओ गोलंबर के नीचे से पटना जंक्शन जा सकते हैं। अगमकुआं आरओबी ऊपर से पुरानी बाईपास होकर राजेन्द्रनगर टर्मिनल से चिरैयाटाड़ पुल होकर करबिगहिया की ओर जा सकते हैं।

## ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर महिला की मौत



**मधुबनी।** के खजौली थाना क्षेत्र में खजौली-कलुआही मुख्य सड़क पर तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दिया। घटना में बाइक पर सवार पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने दोनों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर महिला की मौत हो गई और घायल व्यक्ति को बेहतर इलाज के लिए मधुबनी सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। लोगों ने बताया कि महिला के ऊपर से ट्रक गुजरने से उसकी मौत हो गई। घायल व्यक्ति की पहचान चंदेश्वर पाठक के रूप में और मृत महिला की पहचान उषा देवी खजौली गांव निवासी के रूप में की गई है। वहीं घटना के बाद आस पास के लोगों ने चालक को गाड़ी लेकर भागने से रोका और पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। सूचना पर पहुंची खजौली थाना की पुलिस ने गाड़ी को जब्त कर ड्राइवर को हिरासत में लिया। फिलहाल मृत महिला के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। इसके अलावा घटना की जांच में पुलिस लग गई है।

## घर से उठाकर अपराधी को दूसरे बदमाशों ने मारी गोली



**वैशाली।** के मझौली गांव में घर से उठाकर सीएसपी केन्द्र लूट मामले में अपराधी को दो बदमाशों ने गोली मार दिया है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर रेफर किया गया। वहां भी हालत खराब होने पर पटना पीएमसीएच में भेज दिया गया है। घटना बिदुपुर थाना क्षेत्र के गोपालपुर गंगा घाट की है। घायल युवक की पहचान बिदुपुर थाना क्षेत्र के मझौली गांव निवासी बलिराम राय के रूप में हुई है। वह थाना क्षेत्र के माइल गांव में स्थित सीएसपी केन्द्र लूट मामले में शामिल था। फिलहाल पांच महीने पहले जमानत पर जेल से बाहर आया था। घटना के संबंध में घायल ने बताया कि वह अपने घर पर था। इस दौरान गांव के निवासी सुशील कुमार आया और बाइक पर बैठाकर गोपालपुर घाट किनारे लेकर गया। वहां पर एक अन्य साथी के साथ मिलकर मोबाइल और रुपए को छीना फिर गोली मार दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार गोली मारने वाले आरोपी सुशील कुमार का आपराधिक इतिहास है। युवक घायल हुआ है। स्थानीय थाना ने इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है।

## रात में डांसर के साथ लगाए ठुमके सुबह मिली लाश

**भोजपुर।** में डीजे संचालक की हत्या की गई है। युवक अपने दोस्त के बेटे की छठी में डीजे लेकर गया था। अगले दिन समारोह स्थल से 300 मीटर की दूरी पर युवक का शव बैगन के खेत में मिला। शव को देखकर ऐसा लग रहा कि खेत तक लाश को घसीटते हुए लाया गया। खेत में कहीं-कहीं खून के धब्बे और उसके टूटे बाल भी पाए गए। सिर पर किसी ठोस वस्तु से हमले के निशान हैं। मृतक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के शोभी डुमरा गांव वार्ड नंबर-12 निवासी हरेंद्र सिंह का 28 वर्षीय पुत्र नीरज कुमार है, जो चिकन की दुकान भी चलाता है। समारोह में वारदात से पहले उसने डीजे की धून पर नर्तकियों के साथ खूब डांस किया। शराब पार्टी भी की थी। फिलहाल हत्या का कारण स्पष्ट नहीं है, हालांकि अंदाजा लगाया जा रहा



कि खाने-पीने को लेकर हुए विवाद में उसकी हत्या की गई। स्थानीय ग्रामीणों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर आरा-सिन्हा मार्ग पर शोभी डुमरा गांव के समीप सड़क जाम कर दिया। आगजनी भी की। पुलिस के समझाने के बाद सड़क जाम हटा। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के शोभा डुमरा गांव की है। घटना की सूचना मिलते ही एएसपी परिचय कुमार और मुफस्सिल थानाध्यक्ष राजीव रंजन सिन्हा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। मृतक के



परिजनों से मिल घटना की जानकारी ली। पुलिस ने मृतक के दोस्त सोनू कुमार को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया। मृतक की मां लीलावती देवी ने बताया कि मेरा बेटा गांव में अपने दोस्त सोनू कुमार के बेटे के छठी समारोह में डीजे लेकर गया था। पूरी रात घर नहीं आया। सुबह में ग्रामीणों ने जब शोर मचाई तो तब घटना की जानकारी मिली। जिसके बाद हमलोग घटनास्थल पर पहुंचे। सूचना पुलिस को दी गई। मृतक की मां लीलावती देवी ने कहा कि नीरज कुमार का किसी भी व्यक्ति से किसी भी प्रकार का विवाद या दुश्मनी नहीं है। मेरे बेटे की हत्या कर शव को फेंका गया है। मृतक अपने चार भाइयों में दूसरे स्थान पर था। उसके परिवार में मां लीलावती देवी, पत्नी चुन्नी देवी और एक 2 वर्ष का पुत्र सत्या है। मृतक की पत्नी चुन्नी देवी गर्भवती है। एएसपी परिचय कुमार ने बताया कि शोभी डुमरा गांव निवासी हरेंद्र सिंह के पुत्र नीरज कुमार की हत्या हुई है। शनिवार की सुबह करीब 5 बजे पुलिस को सूचना मिली। जांच के लिए पटना से FSL की टीम भी बुलाई गई है। हत्या कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है, था और इसका डीजे का भी कारोबार है। जो डीजे बजाया जा रहा था वह इसी का था।



# कच्छ के रण में सबसे ऊंचा स्थान कालो डूंगर

***कालो डूंगर के इतिहास से कई दंतकथाएं और कहानियां जुड़ी हुई है, उनमें से एक का कहना है कि भगवान ब्रह्मा, भगवान विष्णु और भगवान शिव के एक ही शरीर में तीन सिरों वाले अवतार दत्तात्रेय पृथ्वी पर चलते समय इस पहाड़ी पर रुके थे। पहाड़ियों पर, उन्होंने कई भूखे गीदड़ों को देखा और उन्हें अपने शरीर को खाने के लिए पेश किया। जब सियार दत्तात्रेय के शरीर को खाने लगे तो उनका शरीर अपने आप पुन- उत्पन्न हो गया। गीदड़ों को खिलाने की प्रथा आज भी लोगों द्वारा प्रचलित है। मंदिर के पुजारी भोजन तैयार करते हैं और प्रत्येक सुबह और शाम को आरती (हिंदू धार्मिक अनुष्ठान) के बाद गीदड़ों को परोसते हैं। एक भोजनालय भी है जो सभी क्षेत्रों के लोगों को मुफ्त में एक साथ भोजन करने के लिए लाता है। पाकिस्तान सीमा के करीब होने के कारण कालो डूंगर के शीर्ष पर एक सेना चौकी है।***

यदि कच्छ के सफेद रण की जंगली सुंदरता आपको रोमांचित करती है, तो कालो डूंगर की पहेली और इसके आसपास के मिथक और किंवदंतियां निश्चित रूप से आपको आकर्षित करेंगी। यात्रा अप्रत्याशित मोड़ और मोड़ के बारे में है, अप्रत्याशित स्थानों की कहानियों के बारे में जो विश्वास को खारिज करते हैं और कल्पना की सीमाओं से परे एक रोलर-कोस्टर की सवारी पर आपका मन लेते हैं। **कालो डूंगर एक ऐसी जगह है, जो अविश्वसनीय मिथकों और तथ्यों का भंडार है। यह उस तरह की जगह है, जहां सीमाएँ धुंधली** हो जाती हैं, चाहे वह भौगोलिक सीमाएँ हों या सत्य और कल्पना के बीच की सीमाएँ। भारत के सबसे बड़े जिले कच्छ में इस अनोखी और अद्भुत जगह के बारे में अधिक जानने के लिए पढ़ें , जो 45,652 वर्ग किलोमीटर के विशाल क्षेत्र में फैला है।



कालो डूंगर निश्चित रूप से कच्छ के शानदार और कभी न खत्म होने वाले रण के दृश्यों के बारे में है। लेकिन इस जगह के लिए और भी बहुत कुछ है जो अपेक्षाकृत लीक से हटकर है। कालो डूंगर अपने नज़ारों के लिए जाना जाता है, जिसमें एक सूर्यास्त बिंदु भी शामिल है जहाँ आप सफेद रेगिस्तान के विस्तृत विस्तार में सूरज को गायब होते हुए देख सकते हैं। इसमें दत्तात्रेय का एक मंदिर भी है , जो हिंदू धर्म के समधर्मी देवता हैं, जो ब्रह्मा, विष्णु और शिव के संयुक्त अवतार हैं। काला डूंगर से थोड़ी ही दूरी पर एंटी-ग्रेविटी स्लोप है, जो इस क्षेत्र में आकर्षण का एक और बिंदु बन गया है।

यदि आप रण उत्सव के दौरान कच्छ में हैं, या अन्यथा भी, तो आपको कालो डूंगर की यात्रा करने की योजना बनानी चाहिए। यह स्थान **ढोरडो में टेंट सिटी से लगभग 46 किलोमीटर की दूरी पर है, जो कि रण उत्सव का स्थल है, और कच्छ के रण से कालो डूंगर की दूरी** लगभग 36 किलोमीटर है।

गुजराती में कालो डूंगर का अर्थ है, काली पहाड़ी। जैसा कि नाम से पता चलता है कि यह समुद्र तल से लगभग 462 मीटर की ऊँचाई के साथ कच्छ के रण के अंतहीन विस्तार में स्थित एक पहाड़ी है। पहाड़ी खावड़ा गांव के निकट स्थित है। भारत-पाक सीमा यहाँ से ज्यादा दूर नही है और एक सैन्य चौकी है जहाँ से होकर कालो डूंगर में प्रवेश करने के लिए आगंतुकों को गुजरना पड़ता है। कालो डूंगर से पाकिस्तान सीमा की दूरी करीब 127 किलोमीटर है। खावड़ा गांव भारत-पाक सीमा से पहले भारत की तरफ का आखिरी गांव है। भारतीय पुल जो **सीमा की ओर जाता है, उसे कालो डूंगर से दूरबीन की मदद से देखा जा सकता है।**



## सियारों का झुंड, हर शाम इस मंदिर पर आता है खिचड़ी खाने

अक्सर लोग गुजरात में कच्छ का रेगिस्तान ही घूमने जाते हैं, लेकिन यदि आप इस बार कच्छ घूमने जा रहे हैं तो यहां से 25 किमी दूर काला डुंगर पहाड़ पर स्थित दत्तात्रेय मंदिर पर जरुर जाएं। यहां आपको एक ऐसा नज़ारा दिखाई देगा जिसे देखकर आप हैरान रह जाएंगे। जानिए आखिर क्या है ऐसा यहां...

- काला डुंगर के पहाड़ पर विख्यात दत्तात्रेय मंदिर पर हर दिन 70-80 की संख्या में सियार भी रहते हैं, जो रोजाना शाम को मंदिर में मिलने वाला खिचड़ी का प्रसाद खाते हैं।
- यह सिलसिला कुछ समय से नहीं, बल्कि 500 सालों से निरंतर चला आ रहा है।
- आपको जानकर आश्चर्य होगा कि सियार की टोली का यह नियम रोजाना का है। वे रोजाना शाम मंदिर के पास ही बने और 'लोंग प्रसाद ओटलो' नाम से पहचाने जाने वाले चबूतरे पर पहुंच जाते हैं।
- वे मंदिर के पुजारियों से लेकर सारे कर्मचारियों को भी भली-भाति पहचानते हैं। खाने के लिए सियार कभी आपस में झगड़ते नहीं और पूरे इत्मिनान से चबूतरे पर खिचड़ी परोसे जाने का इंतजार करते रहते हैं और खिचड़ी खाने के बाद वापस जंगल की ओर कूच कर जाते हैं।

### खाना खाते ही जंगल में ओझल हो जाते हैं

मंदिर प्रशासन के नियमानुसार जब सियारों को खाना दिया जाता है, तब इनके पास लोगों को नहीं जाने दिया जाता। हां, उन्हें मंदिर के पास से देखा जा सकता है। सियार लगभग 10-15 मिनट में खाना खत्म कर वापस जंगल में ओझल हो जाते हैं। इतना ही नहीं, खिचड़ी खाने के लिए यहां कई पक्षी व कुत्ते भी पहुंचते हैं, लेकिन वे सभी सियारों के जाने का इंतजार करते हैं। यानी की उन्हें यह अच्छी तरह से पता है कि मंदिर के इस प्रसाद पर पहला हक सियारों का है।



# साढ़े पाँच करोड़ वर्ष पहले भी था खरगोश!

**आज हम जिस सुंदर-से खरगोश को देखते हैं, वह हमेशा से वैसा ही नहीं था। विकासवाद की धारा में बहते हुए उसने वर्तमान स्वरूप पाया है, लेकिन वह धरती पर करोड़ों वर्षो से रहता आया है। करोड़ों वर्ष पहले खरगोश कैसा था, इसका पता मंगोलिया में पाए गए साढ़े पाँच करोड़ साल पुराने खरगोश जैसे प्राणी के जीवाश्म से चलता है। गोम्फोस एल्केमा प्रजाति का यह प्राणी अब तक पाए गए खरगोश प्रजाति का सबसे पुराना सदस्य है।**

आश्चर्य की बात तो यह है कि यह आधुनिक खरगोश से हूबहू मेल खाता है और बहुत संभव है कि यह अपने लंबे-लंबे पिछले पैरों से फुदकता था। इस जीवाश्म से इस विचार को बल मिलता है कि खरगोश जैसे प्राणी का विकास साढ़े छः करोड़ वर्ष पहले हुआ था। मंगोलिया में गोम्फोस का जो जीवाश्म पाया गया है, वह पूरी तरह से विकसित है, जिससे खरगोशों के पूर्वजों के शरीर की रचना की खासी जानकारी मिलती है। यह ढाँचा हमें बताता है कि आदिमकालीन खरगोश कैसे हुआ करते थे। इसके पैर किसी सच्चे खरगोश की तरह थे यानि कि पैर का आकार हाथ के आकार से लगभग दोगुना था। इसी के सहारे ये उछलकूद किया करते थे। आज के खरगोश और इनमें सिर्फ इतना फर्क था कि इनकी पूँछ ज्यादा लंबी थी और दाँत गिलहरी की तरह नुकीले थे। इस खोज से पूर्व जो सर्वाधिक परिपूर्ण जीवाश्म पाया गया था वह लेगोमार्फस अर्थात उस प्रजाति का था, जिसमें खरगोश, खरहा और रंगदुनी शामिल हैं। प्राणी शास्त्रियों का एक समूह मानता है कि आधुनिक प्लेसेंटल स्तनधारी का विकास सबसे पहले हुआ था जिनमें हाथी, चमगादड़, खरगोश तथा शेर तो शामिल हैं, लेकिन कंगारू, आपोसम या एकीडेंस शामिल नहीं थे। यह डायनासोर की समाप्ति के बाद कोई 65 करोड़ वर्ष पहले दुनिया में आए थे जबकि दूसरे समूह का मानना है कि आधुनिक प्लेसेंटल्स इस घटना के ठीक बाद अस्तित्व में नहीं आए थे। इस बात को लेकर वैज्ञानिकों के बीच घमासान जारी है कि गोम्फोस फुदकते थे या पैदल चलते थे। गोम्फोस का विश्लेषण बताता है कि आधुनिक लेगोमार्फस और अन्य प्लेसेंटल स्तनधारी डायनासोर की समाप्ति के बाद ही अस्तित्व में आए थे।

## कीट केवल नुकसान ही नहीं करते, वे पर्यावरण के लिए अत्यंत जरुरी भी होते हैं। लेकिन आज दुनिया भर में कई कीटों की आबादी बड़ी तेजी से कम हो रही है



# पर्यावरण के लिए अत्यंत जरुरी हैं कीट

कीटों का अपना अलग ही संसार होता है। इनमें से कुछ हमारे आसपास तो कुछ दूर दराज के निर्जन स्थानों पर वास करते हैं। आमतौर पर हम अपने आसपास मधुमक्खी, मकड़ी, चींटी, मच्छर, तितली जैसे कीटों को रोज ही देखते हैं। इन कीड़ों ने भी इंसान के साथ रहने की आदत डाल ली है। पर ज्यादातर लोगों के मन में इनके प्रति ऐसी भावना बन गयी है कि कीट नुकसान पहुंचाते हैं। पर यह सही नहीं है। यह छोटे जीव हमारे लिए ही नहीं प्रकृति के लिए भी बड़े महत्वपूर्ण होते हैं।

हाल ही में जर्नल साइंस में छपे अध्ययन से पता चला है कि 1990 के बाद से कीटों की आबादी में करीब 25 फीसदी की गिरावट आ गई है। यह अध्ययन दुनिया भर की करीब 1676 स्थानों पर किये गए करीब 166 सर्वेक्षणों पर आधारित है। जिसमें साफ तौर पर पता चला है कि दुनिया भर में हर दस साल के अंदर करीब 9 फीसदी की दर से कीट कम हो रहे हैं। हालांकि दुनिया भर में जिस तरह नदियों और साफ जल स्रोतों को बचने की कवायद चल रहे है, उसके चलते मीठे पानी में रहने वाले कीटों में 11 फीसदी प्रति दशक की दर से वृद्धि देखी गई है।


कीटनाशक, बढ़ता शरीकरण और जलवायु परिवर्तन है कीटों के विनाश की मुख्य वजह

शोधकर्ताओं के अनुसार दक्षिण एशिया, अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका के बारे में कोई डाटा उपलब्ध नहीं है, और जो है वो भी बहुत सीमित है। यही वजह है कि वहां पर कीटों में आ रही कमी का ठीक से आंकलन नहीं हो सका है। लेकिन इन क्षेत्रों में शहरीकरण तेजी से पैर पसार रहा है। साथ ही बड़े पैमाने पर खेती के लिए जंगलों और प्राकृतिक आवासों का विनाश हुआ है। कीट इंसानों के लिए भी बड़े जरुरी होते हैं यह फसलों और पेड़ पौधों को फैलने फूलने में सहायक होते हैं। साथ ही कई कीट तो प्रकृति में मौजूद वेस्ट को साफ भी करते हैं। इससे पहले जर्नल बायोलॉजिकल कंजर्वेशन में छपे अध्ययन में भी कीटों के तेजी से घटने की बात को माना था। इस शोध में अनुमान लगाया गया था कि अगले कुछ दशकों में दुनिया के करीब 40 फीसदी कीट खत्म हो जायेंगे। जिनके लिए मुख्य रूप से सघन कृषि जिम्मेदार है। वहीं भारी मात्रा में प्रयोग किये जा रहे कीटनाशक इन कीटों को तेजी से खत्म कर रहे हैं। इस अध्ययन में बढ़ते शहरीकरण और जलवायु परिवर्तन को भी कीटों के विनाश की एक वजह माना था।

इस अध्ययन के प्रमुख और सेंटर फॉर इंटीग्रेटिव बायोडायवर्सिटी रिसर्च जर्मनी में शोधकर्ता रोएल वॉन किलिंक ने बताया कि ''हालांकि इस शोध में कीटों के विनाश की जो दर आंकी गई है वो पहले के शोधों की तुलना में कम है। पर 24 फीसदी कुछ कम नहीं होता। जब मैं बच्चा था तब की तुलना में अब करीब एक चौथाई कीट कम हो गए हैं। लोगों को याद रखना चाहिए कि हम अपने भोजन के लिए इन्ही कीटों पर निर्भर हैं।''उनके अनुसार इस शोध में यह भी सामने आया है कि समय के साथ कीटों के विनाश की दर भी बदल रही है। सबसे ज्यादा चौंका देने वाली बात यह रही कि यूरोप में कीट तेजी से खत्म हो रहे है। पश्चिमी और मध्य अमेरिका में भी इनमें तेजी से कमी आ रही हैम वही उत्तरी अमेरिका में धीरे-धीरे इनके विनाश की गति में कमी आ रही है। जबकि पूर्वी एशिया और अफ्रीका में जहां तेजी से शहरीकरण हो रहा है, और प्राकृतिक आवास कम हो रहे हैं। वहां इन कीटों का तेज गति से विनाश हो रहा है। अमेजन के जंगल तेजी से नष्ट हो रहें हैं जो ने केवल कीटों बल्कि वहां रहने वाले हर जीव के लिए खतरनाक है।

हालांकि एक अच्छी बात यह रही की मीठे पानी के कीटों में 11 फीसदी प्रति दशक की दर से वृद्धि हो रही है पर इन कीटों की संख्या जमीनी कीटों की तुलना में कोई बहुत ज्यादा नही है।

यह धरती उसपर रहने वाले हर जीव की है। पर जिस तरह से मनुष्य अपनी अभिलाषा के लिए इसका दोहन कर रहा है उसके कारण अन्य जीवों पर भी असर पड़ रहा है। हमें समझना होगा कि धरती पर केवल हम अकेले नहीं है। हमें दूसरे जीवों का भी सम्मान करना होगा। आपसी निर्भरता प्रकृति के संतुलन का मूल है। यदि यह संतुलन बदला तो इसके विनाश का असर हर जीव पर पड़ेगा। ऐसे में मनुष्य भी उससे नहीं बचेगा। कीट भले ही बहुत छोटे होते हैं पर वो भी इस प्रकृति का हिस्सा हैं। अभी भी बहुत देर नहीं हुई है। दुनिया भर में एक महीने और उससे अधिक चले लॉकडाउन से जिस तरह पर्यावरण पर सकारात्मक असर पड़ा है। वो इस बात का सबूत है कि यदि हम आज से पहल करें तो अब भी अपनी धरती को बचा सकते हैं। जिससे हमारा वजूद भी बचा रहे। वर्ना बाढ़, सूखा, तूफान और महामरियों के रूप में जो आपदाएं आ रही हैं वो समय के साथ और बढ़ती जाएंगी।



# आज दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ करो या मरो मुकाबले में उतरेगी कोहली की टीम

**बेंगलुरू (एजेंसी)।** लगातार चार मैच जीतकर प्लेआफ की दौड़ में बनी हुई रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू को अपना दावा कायम रखने के लिए रविवार को दिल्ली कैपिटल्स को हर हालत में हराना होगा। आरसीबी ने गुजरात टाइटंस को दो बार हराने के अलावा पंजाब किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद को हराया है। गुजरात और पंजाब से आरसीबी को कोई चुनौती नहीं मिली और सनराइजर्स को आरसीबी ने करीबी मुकाबले में हराया। दूसरी ओर दिल्ली के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव दिख रहा है। ऋषभ पंत की कप्तानी वाली टीम ने 27 अप्रैल को मुंबई इंडियंस पर दस रन से मिली जीत में चार विकेट पर 257 रन बनाये थे। तब 29 अप्रैल को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ नौ विकेट पर 153 रन ही बना सकी।

आरसीबी 12 मैचों में 10 अंक लेकर सातवें स्थान पर है और आज का मैच हारने के बाद आरसीबी की उम्मीदें खत्म हो जाएगी। लगातार चार जीत और विराट कोहली के शानदार फॉर्म के दम पर उसके हौसले बुलंद है। कोहली ने इस सीजन में सर्वाधिक 634 रन बना लिए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 153 का रहा है। कोहली के अलावा कप्तान फाफ डु प्लेसी, रजत पाटीदार, कैमरन ग्रीन और दिनेश कार्तिक ने भी अच्छा पारियां खेली हैं। गेंदबाजों ने भी शुरूआती मैचों के औसत प्रदर्शन के बाद अपना काम बखूबी किया है। पिछले चार मैचों में मोहम्मद सिराज ने अपनी लय हासिल कर ली जबकि यश दयाल और स्पिनर स्वप्निल सिंह भी उपयोगी साबित हुए हैं। पंजाब के खिलाफ मैच के बाद सिराज और दयाल का इकॉनामी रेट इस सत्र में पहली बार दस के नीचे गया। इस सत्र में लग रहे रनों के पहाड़ के बीच इस बेहतर प्रदर्शन कह सकते हैं। इनकी परीक्षा दिल्ली के जैक फेसर मैकगुर्क के सामने होगी जो 235. 87 के स्ट्राइक रेट से सात मैचों में 309




रन बना चुके हैं। डेविड वॉर्नर ने सात मैचों में 135 की स्ट्राइक रेट से 167 रन बनाये थे और चोट के कारण उनके बाहर होने के बाद मैकगुर्क खेल रहे हैं। सलामी बल्लेबाज अभिषेक पोरेल ने भी 157 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं, लेकिन उनके प्रदर्शन में निरंतरता नहीं दिखी। कप्तान पंत और ट्रिस्टन स्टब्स ने अच्छी पारियां खेली है और आरसीबी के गेंदबाजों के सामने भी उनके लिए कठिन चुनौती होगी। गेंदबाजी में दिल्ली का पलड़ा भारी है। उसके पास कुलदीप यादव और अक्षर पटेल जैसे स्पिनर हैं, जो मिलकर 24 विकेट ले चुके हैं। उनका इकॉनॉमी रेट भी नौ से कम रहा है। तेज गेंदबाज खलील अहमद 14 और मुकेश कुमार 15 विकेट ले चुके हैं और दिल्ली को उनसे शुरूआती सफलताओं की उम्मीद होगी।

### टीम

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू** ः फाफ डु प्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशाक, आकाश दीप। मोहम्मद सिराज, रीस टॉपले, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरून ग्रीन, अल्जारी जोसेफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फर्ग्यूसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान।

**दिल्ली कैपिटल्स** ः ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), डेविड वार्नर, पृथ्वी साव, यश ढुल, अभिषेक पोरेल, अक्षर पटेल, ललित यादव, मिशेल मार्श, प्रवीण दुबे, विक्की ओस्टवाल, एनरिक नोर्किया, कुलदीप यादव, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, खलील अहमद, इशांत शर्मा, मुकेश कुमार, ट्रिस्टन स्टब्स, रिकी भुई, कुमार कुशाग्र, रसिख डार, झाय रिचर्डसन, सुमित कुमार, स्वास्तिक चिकारा, शाई होप।

# रोहित आईपीएल से लेंगे संन्यास या छोड़ेंगे मुंबई इंडियंस?




### –वायरल वीडियो को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मुंबई इंडियंस टीम के रोहित शर्मा के लिए आईपीएल का 17वां सीजन अच्छा नहीं रहा। पहले तो उन्हें मुंबई इंडियंस की कप्तानी से हटा दिया गया। वहीं दूसरा यह इस बार उनकी टीम ने अपना प्रदर्शन भी अच्छा नहीं किया। जो प्लेऑफ की रेस से बाहर हो गई है। वहीं अब खबर आ रही है कि रोहित शर्मा आईपीएल से संन्यास लेने की तैयारी कर रहे हैं? या फिर मुंबई इंडियंस को छोड़ने के बारे में सोच रहे हैं? ऐसी चर्चाएं एक वीडियो से शुरू हो गई है।

केकेआर ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ होने वाले मैच से पहले एक वीडियो अपलोड किया था, लेकिन उसे बाद में डिलीट कर दिया। हालांकि, इसके बावजूद वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो में रोहित शर्मा ईडन गार्डंस में केकेआर के अभिषेक नायर के साथ बातचीत करते दिख रहे हैं। जिसका वीडियो वायरल हो रहा है। इस दौरान दोनों के बीच काफी बातचीत हुई, जो कि साफ सुनाई दे रही है। हालांकि, ये साफ नहीं है कि रोहित किस बारे में बात कर रहे हैं लेकिन केकेआर ने सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से इस वीडियो को हटा दिया है। रोहित शर्मा को हटाकर हार्दिक पंड्या को कप्तानी सौंपने के बाद मुंबई इंडियंस में कुछ भी ठीक नहीं चल रहा है। वहीं, हार्दिक पंड्या की कप्तानी में पहले सीजन में ही मुंबई इंडियंस का प्रदर्शन निराशाजनक रहा, जिसके बाद से उन पर सवाल भी खड़े होने लगे। रोहित भी इस आईपीएल में कुछ खास नहीं कर सके हैं। उन्होंने अपनी 12 पारियों में 330 रन ही बनाए हैं। उन्होंने ने भी अपने फैंस को निराश किया है।

# टी20 विश्व कप के लिए ओपनिंग विराट से कराओ: सौरव गांगुली




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर सौरव गांगुली ने कहा है कि टी20 विश्व कप में भारतीय टीम के लिए ओपनिंग विराट कोहली को करनी चाहिए। मालूम हो कि आईसीसी टी20 वर्ल्डकप 2024 के लिए काउंटडाउन शुरू हो चुका है।

टी20 वर्ल्डकप के 9वें संस्करण का शुभारंभ अमेरिका और कनाडा के मैच से होगा। टीम इंडिया अपना पहला मैच 5 जून को आयरलैंड के खिलाफ खेलेगी। स्टार क्रिकेटर की प्रशंसा करते हुए सौरव गांगुली ने कहा,÷ विराट सच में कमाल का खेल रहे हैं। पिछली नाईट विराट ने जो बल्लेबाजी की वो देखने लायक थी। उन्होंने जल्दी ही 90 रन बनाए। आपको उन्हें टी20 विश्व कप में ओपन करवाना चाहिए। उन्हें ओपन करना चाहिए ये उन्होंने पिछली कुछ इनिंग्स में कर के दिखाया है। भारत का स्क्वॉड काफी अच्छा है। बैटिंग में भी गहराई है साथ ही बॉलिंग खेमा भी शानदार नजर आ रहा है। गांगुली ने इससे पहले कहा था कि ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच फाइनल होगा। गांगुली ने कहा था सौरव गांगुली ने इस मेगा इवेंट पर बात करते हुए कहा,÷ इस टूर्नामेंट के लिए भारत और ऑस्ट्रेलिया सबसे बेहतरीन दो टीमें हैं। मैं श्योर हूं कि ये दोनों टीमें अमेरिका और वेस्टइंडीज में भी 2023 वाला कारनामा करेंगी।भारत का स्क्वॉड काफी अच्छा है। सभी मैच विनर खिलाड़ी हैं। मुझे पता है रोहित शर्मा और राहुल द्रविड़ ने बेस्ट 15 खिलाड़ियों को चुना है।÷बता दें कि विराट कोहली आईपीएल के इस सीजन 12 पारियों में 634 रन बना चुके हैं। इस दौरान उनके बल्ले से छह अर्धशतक निकल चुके हैं। विराट का औसत 70 से ज्यादा का रहा है।

# प्लेऑफ में अपनी जगह मजबूत करने मैदान में उतरेगी चेन्नई सुपर किंग

**चेन्नई (एजेंसी)।** आईपीएल 2024 के प्लेऑफ की अपनी जगह मजबूत करने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ रविवार को चेन्नई सुपर किंग्स मैच में जीत दर्ज करने उतरेगी। मैच भारतीय समय अनुसार दोपहर बाद 3ः30 पर शुरू होगा। चेन्नई अभी 12 मैच में 12 अंक लेकर अंक तालिका में चौथे नंबर पर है लेकिन गुजरात टाइटंस के खिलाफ शुक्रवार को हार के बाद उस पर दबाव बढ़ गया है और उसे अब अपने बचे दोनों मैच में जीत दर्ज करना बहुत जरूरी हो गया है। दूसरी तरफ राजस्थान रॉयल्स के 16 अंक हैं और वह दूसरे स्थान पर है लेकिन पिछले दो मैच में सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ हार ने उसका मनोबल गिरा दिया है।




राजस्थान की टीम पर प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने का खतरा नहीं है लेकिन संजू सैमसन की अगुवाई में नॉकआउट चरण से पहले जीत की राह पर लौट के लिए बेताब होगी। चेन्नई को गुजरात टाइटंस के खिलाफ सबसे बड़ी निराशा बल्लेबाजों अजिंक्य रहाणे, रचिन रविंद्र और कप्तान रुतुराज गायकवाड से मिली। यह तीनों बल्लेबाज राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ उसकी भरपाई करने उतरेंगे। डेरिल मिचेल और मोईन अली का अच्छा प्रदर्शन चेन्नई के लिए इस मैच में सकारात्मक पहलू रहा। टीम को शिवम दुबे से भी बड़े स्कोर की उम्मीद होगी।

चेन्नई सुपर किंग्स ने तुषार देशपांडे ने पिछले मैच में अच्छा प्रदर्शन किया जबकि शार्दुल ठाकुर ने किफायती गेंदबाजी की लेकिन उसके अन्य गेंदबाजों को अपने प्रदर्शन में सुधार की जरुरत है। यह मैच सुपर किंग्स को अपने घरेलू मैदान पर इसका फायदा मिलेगा। जहां तक राजस्थान रॉयल्स का सवाल है टीम जीत के लिए मैदान में उतरेगी। उसकी चिंता सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल का प्रदर्शन ज्यादा अच्छा नही रहा है।

यह सलामी बल्लेबाज विश्व कप से पहले अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में लौटने का प्रयास करेगा। कप्तान संजू सैमसन लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन उन्हें रियान पराग, शुभम दुबे और रोवमैन पावेल से उम्मीद है। अनुभाई स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पिछले मैच में तीन विकेट हासिल किए थे और वह इसी प्रदर्शन को जारी रखने की कोशिश करेंगे। उनके साथ युजवेंद्र चहल की मौजूदगी राजस्थान को मजबूत बनती है। तेज गेंदबाजी आवेश खान हालांकि पिछले मैच में प्रभावशाली प्रदर्शन नहीं कर पाए थे जिसकी भरपाई वह इस मैच में करने का प्रयास करेंगे।

### टीम

**चेन्नई सुपर किंग्स**ः रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), एमएस धोनी (विकेटकीपर), अरवेल्ली अवनीश, अजिंक्य रहाणे, शेख रशीद, मोइन अली, शिवम दुबे, आरएस हंगरगेकर, रवींद्र जड़ेजा, अजय जादव मंडल, डेरिल मिशेल, रचिन रवींद्र, मिशेल सेंटनर, निशांत सिंधु, दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, मुकेश चौधरी, सिमरजीत सिंह, प्रशांत सोलंकी, शार्दुल ठाकुर, महेश थीक्षाना, समीर रिज़वी।

**राजस्थान रॉयल्स**ः संजू सैमसन (कप्तान), जोस बटलर, शिमरोन हेटमायर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, रियान पराग, डोनोवन फरेरा, कुणाल राठौड़, रविचंद्रन अश्विन, कुलदीप सेन, नवदीप सैनी, संदीप शर्मा, ट्रेंट बोल्ट, युजवेंद्र चहल, अवेश खान, रोवमैन पॉवेल, शुभम दुबे, टॉम कोहलर-कैडमोर, आबिद मुश्ताक, नंद्रे बर्गर, तनुश कोटियन, केशव महाराज।


# एंडरसन ने किया रिटायरमेंट का ऐलान

लंदन (ईएमएस)। इंग्लैंड के दिग्गज तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने क्रिकेट से रिटायरमेंट का ऐलान कर दिया है। एंडरसन अपना आखिरी टेस्ट मैच इस साल



जुलाई के महीने में वेस्टइंडीज के खिलाफ क्रिकेट के मक्का लॉर्ड्स में खेलेंगे। यह टेस्ट मैच 10-14 जुलाई के दौरान होगा। 41 साल के एंडरसन ने साल 2003 में लॉर्ड्स में अपना टेस्ट डेब्यू किया था। वह 187 टेस्ट मैचों में 700 विकेट ले चुके हैं। एंडरसन 700 टेस्ट विकेट के एवरेस्ट पर पहुंचने वाले पहले तेज गेंदबाज हैं। एंडरसन ने इस साल भारत के खिलाफ धर्मशाला टेस्ट मैच में कुलदीप यादव को आउट करके 700 विकेट पूरे किए थे।

# ताबड़तोड़ बल्लेबाजी से सुर्खियों में है अभिषेक शर्मा



नई दिल्ली। सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से खेल रहे भारत के युवा ओपनर अभिषेक शर्मा आईपीएल के 17वें सीजन में अपनी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी से सुर्खियों में हैं। अभिषेक 200 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से रन बनाकर टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका अदा कर रहे हैं। लखनऊ के खिलाफ अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड ने शानदार चेज किया था और 10 ओवर के अंदर ही मैच को खत्म कर दिया था। उन्हें माता पिता से जुड़ी एक स्टोरी सुनाई थी। अभिषेक शर्मा ने एक इंटरव्यू के दौरान बताया कि उनके माता पिता मैच देखने के लिए आने वाले थे। लेकिन मेरी गलती की वजह से ऐसा नही हो सका। अभिषेक ने कहा, ' मैं मैच के बाद अपनी मम्मी और पापा से बात कर रहा था। वो मैच देखने के लिए शामिल होने वाले थे। लेकिन दुर्भाग्य से मैंने उनकी टिकट हैदराबाद की जगह अमृतसर बुक कर दी थी।' अभिषेक शर्मा आईपीएल 2024 में 12 मैचों में 401 रन बना चुके हैं जिसमें 2 हाफ सेंचुरी शामिल है। इस दौरान उनकी स्ट्राइक रेट 205.64 रही है। अभिषेक का बेस्ट स्कोर नाबाद 75 रन रहा है जो उन्होंने लखनउ सुपर जॉयंट्स के खिलाफ बनाए। बाएं हाथ के बल्लेबाज अभिषेक ने एलएसजी के खिलाफ 28 गेंदों पर 8 चौके और 6 छक्के जड़े थे। इस मुकाबले में उन्होंने ट्रेविस हेड के साथ मिलकर रिकॉर्ड 167 रन की साझेदारी की। हैदराबाद ने 10 विकेट से जीत दर्ज कर प्लेऑफ में अपनी दावेदार मजबूत कर ली है।

# एक दशक में दो बार भारतीय टीम हाथ आया खिताब नहीं जीत पायी

**मुम्बई (एजेंसी)।** रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम अगले माह होने वाले आईसीसी टी20 विश्वकप में खिताब जीतने के लिए पूरा जोर लगा देगी। इसका कारण है कि वह पिछले एक दशक से खिताब नहीं जीत पायी है। इस एक दशक में भी दो बार खिताब उसके हाथ के बेहद करीब आकर निकल गया। ये था साल 2014 का टी20 विश्वकप और 2023 एकदिवसीय विश्वकप। इन दोनो ही बार भारतीय टीम फाइनल में जाकर हारी। उससे पहले के सभी मुकाबले भारतीय टीम ने जीते थे। यहां तक कि तकरीबन सभी आंकड़े भी एक समान थे।




साल साल 2007 में चैंपियन बनने के अलावा भारतीय टीम 2014 के टी20 विश्वकप में फाइनल में पहुंची थी पर टीम को खिताबी मुकाबले में श्रीलंका से हार का सामना करना पड़ा था। टी20 विश्वककप 2014 और एकदिवसीय विश्वकप 2023 में कई समानताएं हैं। एकदिवसीय विश्वकप 2023 की तरह 2014 के टी20 विश्वकप में भी भारतीय टीम ने अपने विरोधियों के खिलाफ सभी मैच जीतकर फाइनल में जगह बनायी थी हालांकि फाइनल में खराब प्रदर्शन से उसे हार मिली थी।

टी20 विश्वकप 2014 और एकदिवसीय विश्वपक 2023 में भारतीय टीम ने फाइनल से पहले अपने सभी मैच आसानी से जीते थे। इन दोनों ही टूर्नामेंट के फाइनल से पहले भारतीय टीम कोई भी मैच नहीं हारी थी पर फाइनल में एक दिन के खराब प्रदर्शन से उसके हाथों से खिताब निकल गया था। दोनों ही टूर्नामेंट में भारतीय टीम का पाकिस्तान पर जीत के साथ-साथ फाइनल में मिली हार का अंतर एक समान था। टी20 विश्वकप 2014 में भारत ने पाकिस्तान को 7 विकेट से हराया था और 2023 विश्वकप में भी टीम इंडिया ने 'पडोसी देश' को इसी अंतर से हराया था। वहीं इसी प्रकार टी20 विश्वकप 2014 के फाइनल में भारत को श्रीलंका ने 6 विकेट से हराया था। वहीं विश्वप 2023 के फाइनल में भी भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया ने इतने ही अंतर से हराया था। दोनों ही टूर्नामेंटों में भारतीय टीम केवल फाइनल में ही हारी थी।

विराट कोहली इन दोनों ही टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बने थे। टी20 विश्वकप 2014 के 6 मैचों में तीन बार नाबाद रहते हुए विराट ने 106.33 के औसत और 129.14 के स्ट्राइक रेट से सबसे अधिक 319 रन बनाए थे। वहीं इसी प्रकार विश्वकप 2023 में उन्होंने 11 मैचों में तीन बार नाबाद रहते हुए 95.62 के औसत और 90.31 के स्ट्राइक रेट से सबसे ज्यादा 765 रन बनाए थे। उनके 319 रन अब तक टी20 विश्वकप और 765 रन एकदिवसीय विश्वकप में किसी बल्लेबाज का सबसे बड़ा स्कोर है। दोनों ही टूर्नामेंट में रोहित शर्मा शीर्ष पांच बल्लेबाजों में थे। रोहित ने टी20 वर्ल्डकप 2014 के छह मैचों में एक बार नाबाद रहते हुए 200 रन बनाए थे और रनों के मामले में चौथे नंबर पर रहे थे जबकि विश्वकप 2023 के 11 मैचों में 597 रन बनाकर वे विराट के बाद दूसरे नंबर के बल्लेबाज रहे थे।

# विराट अभी भी शीर्ष स्तर का खिलाड़ी ःमूडी

धर्मशाला। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर टॉम मूडी ने भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली की प्रशंसा करते हुए कहा है कि वह अभी भी शीर्ष स्तर का खिलाड़ी है हालांकि पहले से उसमें अंतर आया है। मूडी के अनुसार विराट ने प्रतिबद्धता के बल पर आने वाली कमियों को किया। इसी कारण अपने दमदार स्लॉग स्वीप के जरिये वह बीच के ओवरों में भी स्पिनरों का अच्छी प्रकार से सामना कर रहे हैं। उन्होंने पंजाब किंग्स के खिलाफ 47 गेंद में 92 रन बनाये। इसके साथ ही शानदार क्षेत्ररक्षण करते हुए शशांक सिंह को अपने सीधे थ्रो से रन आउट भी किया। मूडी ने कहा, '' यह शानदार है। वह अब पहले की तरह वाला विराट कोहली नहीं है लेकिन अब वह 21 साल का भी नहीं है। वह 30 पार है पर अभी भी उसका प्रदर्शन बेहतरीन है।'' उन्होंने कहा, '' इस तरह का सीधा थ्रो फेंकना आसान नहीं है। यह असाधारण है।'' कोहली ने अब तक आईपीएल के इस सत्र में 12 मैचों में 634 रन बना दिया है। मूडी ने कहा, '' वह सिर्फ स्टार बल्लेबाज ही नहीं एक अच्छा क्षेत्ररक्षक भी है। उसने 92 रन की बेहतरीन पारी खेली और इतने समय बल्लेबाजी करने के बावजूद मैदान पर जबरदस्त क्षेत्ररक्षण भी किया। उसमें खेल का जुनून और गजब की उर्जा है।

# देश में बढ़ रही महिला फुटबॉल की लोकप्रियता



नई दिल्ली। देश में महिला फुटबॉल की लोकपियता बढ़ने के साथ ही इसमें आने वाली प्रतिभाओं की तादाद भी बढ़ी है। महिला फुटबॉल लीग के शुरु होने से भी इस खेल के प्रति आकर्षण बढ़ा है। देश की कुछ खिलाड़ी अब विदेशी लीग में भी खेल रही हैं। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अनुसार पिछले दो साल में महिला फुटबॉल खिलाड़ियों की संख्या में 138 फीसदी की बढ़त आई है। अभी भारतीय महिला टीम फीफा रैंकिंग में 66वें नंबर पर है। टीम की पांच खिलाड़ी मानुषा कल्याण, ज्योति चौहान, एमके कशमीना, किरण पिस्दा और ई पान्थोई विदेश की बड़ी लीग में खेलती हैं। वहीं जानकारों के अनुसार महिला टीम के अब विश्व कप में क्वालीफाई करने की संभावना भी बढ़ती जा रही हैं। इसलिए फुटबॉल संघ को उनकी और अधिक सहायता करनी चाहिए। महिला फुटबॉल लीग में अब अब होम और अवे मैच (घरेलू और बाहर के मैदान) का प्रारुप भी शुरू कर दिया है। इसके साथ ही इस सत्र में दूसरी श्रेणी की लीग आईडब्ल्यूएल 2 भी शुरू हुई है, जिसमें से 15 टीमों में से 2 टीमों को प्रमोशन मिलेगा। वहीं जितनी ज्यादा टीमें होंगी। उतने ही खिलाड़ियों को खेलने के अधिक अवसर मिलेंगे। अभी दो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की महिला टीमें भी हैं। साथ ही तीन बार की चैंपियन गोकुलम केरला भी है, जो विदेशों में प्रतियोगिता खेलने वाली भारत की पहली महिला टीम थी। अब यह भी बदलाव हुआ है कि महिला फुटबॉल खिलाड़ियों को क्लब पेशेवर अनुबंध भी देने लगे हैं। इससे खिलाड़ियों को अच्छी रकम भी मिल रही हैं।

# घरेलू क्रिकेटरों का बढ़ सकता है वेतन

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीआई) अब घरेलू क्रिकेट का स्तर बढ़ाने के लिए घरेलू क्रिकेटरों का वेतन बढ़ाने जा रहा है। बीसीसाई का मानना है कि इससे युवा खिलाड़ी घरेलू क्रिकेट की उपेक्षा नहीं करेंगे। हाल के दिनों में युवा क्रिकेटर अधिक कमाई के लिए लीग क्रिकेट की ओर जाने लगे हैं। वहीं एक रिपोर्ट के




अनुसार बीसीसीआई चयन समिति ने घरेलू क्रिकेटरों का वेतन बढ़ाने की योजना पर काम करना शुरु कर दिया है। हाल में जिस प्रकार टेस्ट क्रिकेटरों का वेतन बढ़ाया गया है ,उसी तर्ज पर अब घरेलू क्रिकेटरों का भी वेतन बढ़ेगा। उनके लिए भी टेस्ट क्रिकेटरों की तरह ही इंसेंटिव स्कीम होगी। बीसीसीआई का मानना है कि जो खिलाड़ी आईपीएल में नही खेलते हैं उन्हें इसका फायदा मिल सकता है। बीसीसीआई की इस नयी योजना से घरेलू क्रिकेट खेलने वाले खिलाड़ियों को रणजी ट्रॉफी मुकाबलों की संख्या के आधार पर सालाना 1 करोड़ रुपये मिल सकते हैं। बीसीसीआई रणजी ट्रॉफी के 10 मैच खेलने वाले खिलाड़ियों को 75 लाख से 1 करोड़ रुपये तक सालाना वेतन देगा। अभी घरेलू क्रिकेट में अनुभव के आधार पर वेतन मिलता है। इसके तहत ही 40 से ज्यादा रणजी ट्रॉफी मैच खेलने वाले खिलाड़ियों को हर दिन मैच फीस के रूप में 60 हजार रुपये मिलते हैं। वहीं 21 से 40 मैच खेल चुके प्लेयर्स को 50 हजार रुपये तक मिलते हैं। इसी तरह 20 मैच खेल चुके खिलाड़ियों को हर दिन के 40 हजार रुपये मिलते हैं।

# तीन साल बाद घरेलू दर्शकों के सामने खेल रहे नीरज चोपड़ा पर होगी निगाहें

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा रविवार से यहां शुरू होने वाली राष्ट्रीय फेडरेशन कप एथलेटिक्स प्रतियोगिता में आकर्षण का केंद्र होंगे लेकिन कई अन्य शीर्ष खिलाड़ियों की अनुपस्थिति के कारण चार दिन तक चलने वाली इस प्रतियोगिता की चमक थोड़ी काम हो गई है। यहां 26 वर्षीय खिलाड़ी तीन साल बाद पहली बार किसी घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा लेगा।

इससे पहले चोपड़ा ने फेडरेशन कप में ही 21 मार्च 2021 को भाग लिया था और तब उन्होंने 87.80 मीटर भाला फेंककर स्वर्ण पदक जीता था। इसके बाद चोपड़ा ने तोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीता था। वह 2022 में डायमंड लीग और 2023 में विश्व चैंपियन बने। उन्होंने चीन में एशियाई खेलों में अपने खिताब का भी बचाव किया था। चोपड़ा ने इस बीच डायमंड लीग के तीन व्यक्तिगत चरण भी जीते और 2022 में विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक हासिल किया।

यह भारतीय खिलाड़ी हालांकि अभी तक 90 मीटर की दूरी को छूने में नाकाम रहा है। उनका सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत प्रदर्शन 89.94 मीटर है जो राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है। यह स्टार खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक की तैयारी में जुटा है और उन्हें उम्मीद है कि वह ओलंपिक खेलों में अपने खिताब का बचाव करने में सफल रहेंगे। उन्होंने इस सत्र की शुरुआत दोहा में डायमंड लीग से की जिसमें वह दूसरे स्थान पर रहे। चोपड़ा ने लंबे समय बाद भारत में खेलने के संबंध में कहा,''मेरे लिए मेरा खेल सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। अगर मैं भारत में खेलता हूं तो यह मेरे प्रोफाइल के लिए अच्छा होगा। तोक्यो ओलंपिक से पहले मैं भारत में ही अभ्यास करता था लेकिन अभी मैं केवल अपने खेल पर ध्यान देना चाहता हूं। मैं बाद में भारत में अभ्यास करूंगा।''

गोला फेंक के एथलीट तेजिंदर पाल सिंह तूर जैसे कुछ खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक के यह क्वालीफाई करने या रैंकिंग अंक हासिल करने की कोशिश करेंगे। दोहा डायमंड लीग में नौवें स्थान पर रहे किशोर जेना भी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे। ऐसे में सभी की निगाहें पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा पर टिकी रहेंगी। भाला फेंक में क्वालीफाइंग राउंड 14 मई को और फाइनल 15 मई को होगा।

एशियाई खेलों के पदक विजेता अविनाश साबले (पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज़), ज्योति याराजी (महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़), पारुल चौधरी (महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज), अन्नू रानी (महिलाओं की भाला फेंक) और हरमिलन बैंस (महिलाओं की 800 मीटर और 1500 मीटर) उन शीर्ष एथलीटों में शामिल हैं जो विदेशों में अभ्यास करने के कारण इस प्रतियोगिता में भाग नहीं लेपाएंगे। फर्राटा धावक मणिकांत होबलीधर (100 मीटर) और अमलान बोरगोहेन (200 मीटर) भी इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले रहे हैं।



## बसपा इकलौती पार्टी जिसने चुनावी बांड से एक रुपये तक नहीं लिया : मायावती

कानपुर । मायावती ने भाजपा और कांग्रेस पार्टी पर तंज कसते हुए दावा किया कि इन पार्टियों ने अमीरों से पैसा लिया और उन पर उपकार किया जबकि बसपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जिसे चुनावी बांड के जरिये एक रुपये तक नहीं लिया। मायावती ने कानपुर लोकसभा सीट से पार्टी प्रत्याशी कुलदीप भदौरिया और अकबरपुर सीट से राजेश द्विवेदी को चुनाव जिताने की अपील कर कहा कि विपक्षी पार्टियों ने अमीरों से पैसा लिया और उन पर उपकार किया, जबकि बसपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जिसने चुनावी बांड के द्वारा एक रुपये भी नही लिया, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने अवैध घोषित किया था। उन्होंने कहा कि बसपा पार्टी का जबसे गठन हुआ तब से यह पार्टी कार्यकर्ताओं के सहयोग से चल रही है। उन्होंने कहा, भाजपा पूंजीपतियों (धन्ना सेठों) की पार्टी बन गई है और मोदी सरकार ने गरीबों, दलितों और पिछड़ों के लिए कुछ नही किया। बसपा प्रमुख ने कहा, भाजपा ने खोखली गारंटी दी है। अगर चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से हुए तब उसके लिए केंद्र में सत्ता बरकरार रखना मुश्किल होगा। उन्होंने भाजपा और कांग्रेस पर सभी संघीय जांच एजेंसियों का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया। मायावती ने दावा किया कि सरकार ने पिछले एक साल में सरकारी नौकरियों में दलितों, आदिवासियों और अन्य पिछड़े वर्गों का कोटा पूरा नही किया है। कानपुर और अकबरपुर लोकसभा सीट पर चौथे चरण में 13 मई को मतदान होगा।



## पाकिस्तान ड्रोन फिर आया नजर, जवानों ने की फायरिंग, वापस सीमा में भागा, तलाश अभियान शुरु

बिश्नाह। जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में सीमा के पास एक पाकिस्तानी ड्रोन को बीएसएफ जवानों ने गोलीबारी कर दी। दो दर्जन से ज्यादा राउंड फायरिंग के बाद भी ड्रोन पाकिस्तानी सीमा में वापस चला गया। बीएसएफ ने तलाश अभियान शुरु कर दिया है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि बीएसएफ के जवानों ने शुक्रवार देर रात पाकिस्तान की ओर से ड्रोन की आवाजाही सुनाई दी और दो दर्जन राउंड फायरिंग की। फायरिंग के बाद ड्रोन वापस पाकिस्तानी सीमा की ओर चला गया। इसके बाद शनिवार सुबह रामगढ़ सेक्टर के नारायणपुर में बोर्डेट चौकी क्षेत्र को साफ करने के लिए एक तलाशी अभियान शुरू किया गया है जिससे यह पता लगाने की कोशिश की कि ड्रोन के जरिए किसी हथियार या नशीले पदार्थ की तस्करी न की गई हो। अधिकारियों ने बताया कि बीएसएफ के जवानों ने पाकिस्तान की अशरफ अली पोस्ट से भारत की नारयण पोस्ट की तरफ ड्रोन को प्रवेश करने का प्रयास करते हुए देखा। इसके बाद जवानों ने उस पर फायरिंग की, जिसके बाद ड्रोन वापस पाकिस्तान चला गया। इससे पहले भी पाक रेंजरों की इस नापाक हरकत को बीएसएफ जवानों ने नाकाम कर पाकिस्तानी ड्रोनों को वापस भागने पर मजबूर कर दिया था।

## दिल्ली-एनसीआर में आंधी-तूफान से दो लोगों की मौत

नई दिल्ली । एनसीआर में शुक्रवार रात अचानक आई तेज आंधी-तूफान से लोगों को काफी परेशानी हुई। बताया जा रहा है ?कि आंधी तूफान से दिल्ली में दो लोगों की मौत हो गई है। वहीं दिल्ली-एनसीआर में शुक्रवार की रात तेज आंधी के चलते कई इलाकों में अफरा-तफरी मच गई और नोएडा में भी एक बिल्डिंग की सेटरिंग गिरने से 3 से 4 लोग घायल हो गए और करीब 10 गाड़ियां उसकी चपेट में आ गईं। पुलिस घायलों को अस्पताल पहुंचाने में जुटी हुई है। यह घटना नोएडा के थाना सेक्टर 58 क्षेत्र की है। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, 150 से ज्यादा जगहों पर पेड़ उखड़ गए और 55 से ज्यादा इमारत क्षतिग्रस्त हुई हैं। तेज आंधी के चलते कई इलाकों में बिजली की आपूर्ति ठप रही। दिल्ली और आसपास के इलाकों में शुक्रवार रात तेज आंधी के साथ कुछ स्थानों पर हल्की बारिश भी हुई। तेज हवाएं चलने के कारण दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा के कई इलाकों में बिजली आपूर्ति भी बाधित हुई। कई जगहों पर बिजली के तार भी टूट गए। मौसम में आए अचानक इस बदलाव से दिल्ली, नोएडा व गाजियाबाद में कई जगहों पर ट्रैफिक जाम देखने को मिला। मौसम विभाग के मुताबिक दिल्ली-एनसीआर में धूल भरी आंधी व तूफान के साथ बारिश हो सकती है। यहां 50 से 70 किमीमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज हवा चलने का अनुमान है। इंदिरापुरम, हिंडन एयर फोर्स स्टेशन, गाजियाबाद, नोएडा, लोनी, छप्परौला, ग्रेटर नोएडा, दादरी आदि में हल्की बारिश और बूंदाबांदी का अनुमान है।

## पाकिस्तानी गर्लफेंड को खुश करने के लिए बन गया जासूस

मुजफ्फरपुर। पाकिस्तानी आईएसआई एजेंट ने सोशल मीडिया के जरिए युवक को हनी ट्रैप में फंसाया और फिर से गोपनीय जानकारी लेने लगा। सीआईडी क्राइम ने बिहार के मुजफ्फरपुर के रहने वाले पाकिस्तानी जासूस को गुजरात के भरूच से गिरफ्तार किया है। आर्मी इंटेलिजेंस की ओर से दी गई खुफिया रिपोर्ट के आधार पर गुजरात पुलिस, सीआईडी क्राइम और मुजफ्फरपुर पुलिस की टीम फिलहाल छापेमारी कर रही है। बताया जा रहा है कि सीआईडी क्राइम ने भरूच से प्रवीण मिश्रा नामक युवक को गिरफ्तार किया है। उसे आर्मी इंटेलिजेंस की एमआई उधमपुर यूनिट से पाकिस्तानी जासूसों के बारे में जानकारी मिली थी। सीआईडी क्राइम के अनुसार, आरोपी भारत से खुफिया जानकारी पाकिस्तान में आईएसआईएस एजेंटों को भेज रहा था। खबर है कि उसके मोबाइल से कई संवेदनशील जानकारी मिली है। इसमें पाकिस्तान खुफिया एजेंसी के साथ वॉट्सएप चैट और ऑडियो कॉल जैसी जानकारियां हैं। गिरफ्तार जासूस प्रवीण मिश्रा से पूछताछ में सीआईडी क्राइम ने खुलासा किया कि उसने सोशल मीडिया पर अपनी गर्लफेंड को इम्प्रेस करने के लिए जासूसी शुरू की थी। जांच में पता चला कि एक पाकिस्तानी खुफिया एजेंट ने फेसबुक पर फर्जी प्रोफाइल बनाकर उसे हनीट्रैप में फंसाया था। आईएसआई एजेंट सोनल गर्ग ने प्रवीण मिश्रा के नाम का इस्तेमाल किया था। मैसेज के जरिए दोनों की दोस्ती हुई। इसके बाद उन्होंने वॉट्सऐप नंबर भी एक्सचेंज किए।

## मूसलाधार बारिश के चलते रुकी केदारनाथ-बद्रीनाथ यात्रा, सिरोबगड़ के पास हाइवे बंद

ऋषिकेश। अक्षय तृतीया के दिन केदारनाथ के कपाट खुले हैं। कपाट खुलने से पहले ही 10,000 से ज्यादा तीर्थ यात्री वहां पहुंच चुके था। शुक्रवार को केदारनाथधाम में 29030 श्रद्धालुओं ने बाबा केदार के दर्शन किए। अब मूसला धार बारिश के कारण यात्रा को विराम देना पड़ा है। भारी बारिश के कारण बद्रीनाथ से ऋषिकेश हाईवे सिरोबगड़ के पास बंद होने के कारण केदारनाथ-बद्रीनाथ यात्रा रुक गई है। इस कारण से बद्रीनाथ और केदारनाथ जाने वाले यात्रियों को फिलहाल श्रीकोट-श्रीनगर और कलियासौड़ में ही रोका गया है। जिला प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। श्रीनगर कोतवाल होशियार सिंह पंखोली ने बताया कि यात्रियों को कोई परेशानी न हो इसका ध्यान रखा जा रहा है। सिरोबगड़ में लगातार मलबा गिरने से अभी तक सड़क नहीं खुल पाई है। यहां काफी संख्या में यात्री फंसे हुए हैं।

## वॉटसएप पर कॉलिंग के लिए नया फीचर

नई दिल्ली(ईएमएस) ।वॉट्सऐप का इस्तेमाल लाखों लोग ऑडियो या वीडियो कॉल के लिए करते हैं। लेकिन कोई न कोई कमी हमेशा ही दिखाई देती है। ऐसे में कंपनी भी लोगों के एक्सपीरिएंस को बेहतर बनाने के लिए नए-नए फीचर्स प्रदान करती है। अब लोगों की परेशानी को समझते हुए एक और नया फीचर लाने पर काम कर रही है। ऐप पर एक ऐसा फीचर आ रहा है जिससे कि जब कोई व्यक्ति कॉल पर होगा तब उसके सामने नया कॉल हाइलाइटेड दिखाई दे जाएगा। वह शख्स उस कॉल को वहीं से म्यूट या एंड कर सकेगा, और ऐसा करने के लिए उसे मेन स्क्रीन पर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

# जी20 शिखर सम्मेलन का समापन सबसे संतोषजनक क्षण : एस जयशंकर



नयी दिल्ली(एजेंसी)। । विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि जी20 शिखर सम्मेलन का समापन अगर उनके करियर का सबसे संतोषजनक क्षण था तो पिछले पांच वर्षों के दौरान सबसे महत्वपूर्ण क्षण अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात और जापान जैसे देशों के साथ रिश्तों में भारी बदलाव से जुड़ा था। जयशंकर ने कहा, पिछले दशक के पांच वर्षों में ये रिश्ते वास्तव में जबरदस्त तरीके से बदल गए हैं। और क्वाड का विकास भी कुछ ऐसा ही है, जिसे हमने डेढ़ दशक पहले आजमाया था, लेकिन सफल नहीं हुए, परंतु दूसरी बार ऐसा संभव हुआ। इस बार इसने वास्तव में काम किया।

जयशंकर ने लगभग एक घंटे लंबे साक्षात्कार में कई मुद्दों पर बात की। इनमें आगे के 10 वर्षों में दुनिया के बारे में उनका दृष्टिकोण, भारत के सामने आने वाली चुनौतियां और उनकी देखरेख में अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में देश की बढ़ती छवि शामिल है। उन्होंने कहा कि पिछले साल जी20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी करना सिर्फ कड़ी मेहनत नहीं थी , कई मायनों में देश की प्रतिष्ठा इस पर निर्भर थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नौ सितंबर को नई दिल्ली घोषणा-पत्र को अपनाने का ऐलान किया था, जो भारत की जी20 अध्यक्षता के लिए एक महत्वपूर्ण जीत थी, क्योंकि यह (जीत) यूक्रेन संघर्ष को लेकर बढ़ते तनाव और भिन्न-भिन्न विचारों के बीचप्राप्त हुई थी।

घोषणा पर सर्वसम्मति और उसके बाद अपनाने की घोषणा भारत द्वारा यूक्रेन संघर्ष के बारे में जी20 देशों को अवगत कराने के लिए एक नया मसौदा जारी करने के कुछ घंटों बाद आई। जयशंकर ने कहा, यह हमारे इतिहास में उठाई गई सबसे बड़ी कूटनीतिक जिम्मेदारी थी। हमने जिस तरह से इसे निभाया वह भी बहुत अनोखा था। मैं कूटनीतिक क्षेत्र में लंबे समय से हूं। मैंने विदेश नीति पर ऐसा कोई कार्यक्रम नहीं देखा है, जिससे भारतीय जनता इतनी जुड़ी हो और समाहित हो। जी20 का उल्लेख करने के बाद जयशंकर ने कहा, आपने मुझसे यह नहीं पूछा कि सबसे महत्वपूर्ण क्या था।

एक मंत्री के रूप में मेरे कार्यकाल में और (उस) अवधि के दौरान कुछ बहुत ही महत्वपूर्ण रिश्तों में भारी बदलावों से जुड़ा होना सबसे महत्वपूर्ण रहा है। इनमें अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात, ऑस्ट्रेलिया और कुछ हद तक जापान को भी शामिल कर सकते हैं। कूटनीति में लगभग 50 वर्षों के अनुभव वाले सबसे प्रसिद्ध विदेश मंत्रियों में से एक जयशंकर पहले चीन और अमेरिका में राजदूत और उसके बाद भारत के विदेश सचिव रह चुके हैं। उन्होंने विदेश मंत्रालय की छवि घरेलू स्तर पर बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह पूछे जाने पर कि क्या उन्हें अपने कार्यों को लोगों द्वारा पहचाने जाने का एहसास है, उन्होंने कहा, मैं निश्चित रूप से देश की विदेश नीति के प्रति बहुत गहरी रुचि देखता हूं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर जो स्थान बनाया है, उस पर लोगों को बहुत गर्व है।

## केजरीवाल की रिहाई पर पाकिस्तानी नेता का बयान... पीएम के लिए यह हार

नई दिल्ली । पाकिस्तान के पूर्व मंत्री फवाद चौधरी ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा अंतरिम जमानत के बाद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को तिहाड़ जेल से रिहा होने पर प्रतिक्रिया देकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए एक और लड़ाई की हार बताया है। उन्होंने कहा कि 10 मई को नई दिल्ली में जो घटनाक्रम हुआ वह उदारवादी भारत के लिए एक अच्छी खबर थी। मौजूदा लोकसभा चुनावों में चुनाव प्रचार के लिए शीर्ष अदालत द्वारा अंतरिम जमानत दिए जाने के बाद, केजरीवाल तिहाड़ से बाहर चले गए। उन्हें 2 जून को आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया गया था। पाकिस्तानी नेता चौधरी ने ने पोस्ट किया, मोदी जी एक और लड़ाई हार गए ।केजरीवाल रिहा... उदारवादी भारत के लिए अच्छी खबर। वहीं इसके पहले फवाद चौधरी द्वारा राहुल गांधी की तारीफ करने पर पीएम मोदी ने प्रतिक्रिया देकर कहा कि पाकिस्तान और कांग्रेस के बीच साझेदारी उजागर हो गई है। पीएम मोदी ने कहा संयोग देखिए, आज भारत में कांग्रेस कमजोर हो रही है। मजे की बात यह है कि देश में कांग्रेस मर रही है और वहां पाकिस्तान रो रहा है। अब पाकिस्तानी नेता कांग्रेस के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। पाकिस्तान शहजादे को प्रधानमंत्री बनाने के लिए उत्सुक है और हम पहले से ही पीएम मोदी ने गुजरात के आनंद में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए कहा, मुझे पता है कि कांग्रेस पाकिस्तान की प्रशंसक है।

# राहुल ने दिए कांग्रेस में बदलाव के संकेत, बोले गलतियां तो हुई हैं



लखनऊ (एजेंसी)। आने वाले समय में यानी लोकसभा चुनाव के बाद कांग्रेस में बड़े पैमाने पर बदलाव हो सकते हैं। इसके संकेत कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने खुद दिए हैं। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी ने भी गलतियां की हैं और उन्हें भविष्य में अपनी राजनीति बदलनी होगी। ये बात मैं कांग्रेस पार्टी से होते हुए कह रहा हूं। हालांकि, राहुल गांधी ने इस बात का जिक्र नहीं किया कि कांग्रेस ने क्या गलतियां की। अब जानकार बयान के मायने निकाल रहे हैं। माना जाने लगा है कि लोकसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद कांग्रेस पार्टी में बड़े बदलाव के संकेत हो सकते हैं। बता दें कि चुनाव के दौरान कई कांग्रेस नेता सक्रिय होकर ऐसे बयान देते हैं जिससे कई बार कांग्रेस को नुकसान उठाना पड़ता है।

राहुल गांधी ने आगे कहा कि 90 प्रतिशत आबादी एससी/एसटी, ओबीसी, दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक और सामान्य समुदाय के गरीबों की है, जिन्हें समान भागीदारी नहीं दी जाती है। अगर देश को मजबूत करना है, तो 90 फीसदी को शामिल किए बिना ऐसा नहीं किया जा सकता। अगर आप कहते हैं कि 90 फीसदी नौकरशाही, खेल, मीडिया, न्यायपालिका और यहां तक कि सौंदर्य प्रतियोगिताओं में भी नहीं आएंगे, तो आप कौन सी महाशक्ति बनेंगे। क्या आप 10 प्रतिशत आबादी को महाशक्ति बनाना चाहते हैं?

लोकसभा चुनाव 2024 के बीच कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने लखनऊ में मोदी सरकार के खिलाफ निशाना साधा। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में शुक्रवार को समृद्ध भारत फाउंडेशन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में राहुल गांधी ने कहा कि राजनीति में दो तरह के लोग होते हैं। एक, जो सुबह से शाम तक सत्ता के लिए दौड़ते हैं। सच्चाई नहीं स्वीकार करते हैं। बस किसी भी तरह सत्ता में आ जाएं, इसी में लगे रहते हैं। दूसरे वे लोग होते हैं जो सच्चाई सामने दिख रही है उसको स्वीकार करते हैं। आंबेडकर, गांधी, बुद्ध, पेरियार ने यही किया। राहुल गांधी ने आगे कहा कि वो पीएम मोदी के साथ डिबेट करने के लिए तैयार थे, लेकिन उन्हें पता था कि पीएम मोदी उनके साथ डिबेट नहीं करेंगे। राहुल गांधी ने ये भी दावा किया कि लोकसभा चुनाव में सत्तारूढ़ भाजपा 180 से कम सीटों पर सिमट जाएगी। गौरतलब है कि कांग्रेस नेता ने इस कार्यक्रम में एक ऐसी बात कही, जिस पर काफी राजनीतिक चर्चा हो रही है। राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि उनकी पार्टी ने भी गलतियां की हैं और उन्हें भविष्य में अपनी राजनीति बदलनी होगी। ये बात मैं कांग्रेस पार्टी से होते हुए कह रहा हूं। हालांकि, राहुल गांधी ने इस बात का जिक्र नहीं किया कि कांग्रेस ने क्या गलतियां की।

## यह राम मंदिर, भक्ति और आध्यात्म की हमारी गौरवशाली परंपरा का जीता जागता प्रतीक : धनखड़



अयोध्या (एजेंसी)। देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अयोध्या में प्रभु रामलला की भव्य प्रतिमा के दर्शन किए। दर्शन से अभिभूत उपराष्ट्रपति ने पोस्ट किया, यह मंदिर, भक्ति और आध्यात्म की हमारी गौरवशाली परंपरा का जीता जागता प्रतीक है। आज जब हमारा देश एक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में ताकत से अग्रसर है, तब प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद भारत भूमि पर बना रहे, यही प्रार्थना है। उन्होंने कहा यह मौका मेरे और मेरे परिवार के लिए, मेरे दिल, मेरे दिमाग और आत्मा को एक साथ एकत्र करता है। हमारे संविधान के भाग तीन में श्री राम, माता सीता और लक्ष्मण का चित्र अंकित है। उन्होंने मंदिर निर्माण में लगे कारीगरों तथा श्रमिक कर्मियों के योगदान का अभिनंदन किया। इसके पहले उपराष्ट्रपति ने अपनी संक्षिप्त धार्मिक यात्रा की शुरुआत प्राचीन हनुमानगढ़ी मंदिर से की और सपरिवार रामभक्त हनुमान के दर्शन किए। उन्होंने कहा साहस, शक्ति और भक्ति के प्रतीक बजरंगबली के चरणों में शीश नवाकर तन-मन प्रसन्नता और ऊर्जा से भर गया। इसके बाद उपराष्ट्रपति ने कुबेर टीला में कामेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना की और भक्ति एवं साहस के प्रतीक पक्षीराज जटायु के दर्शन किए। अपनी अयोध्या यात्रा के अंत में उपराष्ट्रपति ने सपरिवार सरयू नदी के दर्शन किए और आरती की। इस अवसर कर उन्होंने कहा कि सरयू नदी अनादि काल से भारतीय सभ्यता तथा सांस्कृतिक चेतना का अभिन्न हिस्सा रही है, यह दिव्य अनुभव अगाध आध्यात्मिक शांति प्रदान करने वाला है। इस अवसर पर हरिवंश नारायण सिंह, राज्यसभा उपसभापति, सूर्य प्रताप शाही, मंत्री, उत्तर प्रदेश, पी. सी. मोदी, राज्यसभा महासचिव, चंपत राय, श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव उपस्थित थे।

## बस्तर के 18 मजदूर तेलंगाना व कर्नाटक में बंधक

जगदलपुर : बस्तर जिले के नक्सल प्रभावित कोलेंग और मुंडागढ़ इलाके के 18 ग्रामीण तेलंगाना और कर्नाटक में बंधक बनाए गए हैं। इसकी सूचना बंधक बनाये गये सोमडू मरकाम ने अपने परिजनों को दी है। बंधक बनाये गये सोमडू मरकाम ने बताया कि वे तीन महीने पहले काम के सिलसिले में एक एजेंट के जरिए वहां गए थे। बताया जा रहा है कि बेंगलुरु में करीब 13 लोग और हैदराबाद में पांच लोग बंधक बनाए गए हैं। यहां अब ठेकेदार इन्हें न पैसे दे रहा है और न ही वापस लौटने दे रहा है। हैदराबाद के मजदूरों की स्थिति तो और भी खराब है। यहां उनसे मारपीट और मोबाइल भी छीन लेने की बात कही जा रही है। बंधक ग्रामीण अब वापसी के लिए जिला प्रशासन से गुहार लगा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि बस्तर संभाग से ग्रामीण मजदूर बड़ी संख्या में मजदूरी के लिए विभिन्न प्रदेशों में जाते हैं, वहां से अक्सर मजदूरों को बंधक बनाये जाने की सूचना मिलती रहती है। बस्तर संभाग के सातों जिलों के प्रशासन द्वारा ऐसे बंधक मजदूरों की वापसी के लिए अभियान चलाया जाता रहा है, वहीं इनकी बकाया मजदूरी भी दिलाने का प्रयास करती है। लेबर इंस्पेक्टर नमिता जॉन ने बताया कि दरभा के कोलेंग व मुंडागढ़ के लगभग 18 ग्रामीणों के फंसे होने की जानकारी मिली हैं। प्रशासन उनकी वापसी के लिए प्रयास कर रहा है। इस संबंध में बस्तर के एक ग्रामीण बंधक से बात भी हुई थी और कर्नाटक के ठेकेदार को उचित निर्देश भी दिया गया है। उन्हें जल्द बस्तर वापस लाने के लिए प्रशासन उचित कदम उठाएगा।


सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता

चुनाव का पर्व DESH KA GARV LOK SABHA ELECTION 2024

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड का कार्यालय,
निर्वाचन सदन, सेक्टर-2, धुर्वा, राँची-834004
E-mail : ceocomputercell1@gmail.com

आम सूचना

कोई मतदाता न छूटे

लोकसभा आम निर्वाचन - 2024
चतुर्थ चरण
मतदान की तिथि - 13 मई, 2024

लोकसभा आम निर्वाचन - 2024 के अवसर पर निर्वाचन प्रक्रिया पर निगरानी रखने एवं पर्यवेक्षण कार्य हेतु 10-सिंहभूम, 11-खूंटी, 12-लोहरदगा एवं 13-पलामू संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के लिए भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के स्तर से नियुक्त सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक एवं व्यय प्रेक्षक की विवरणी निम्न प्रकार से है :-

| क्रम सं0 | संसदीय निर्वाचन क्षेत्र | सामान्य प्रेक्षक का नाम एवं मोबाइल नम्बर | पुलिस प्रेक्षक का नाम एवं मोबाइल नम्बर | व्यय प्रेक्षक क नाम एवं मोबाइल नम्बर |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 10 - सिंहभूम (अ0ज0जा0) | G. Christ Kishore Kumar Mob.: 9263559550 | Sanjay Dnyanadeo Kharat Mob.: 9341222170 | Sunil V. Mob.: 9142315257 |
| 2. | 11 - खूंटी (अ0ज0जा0) | Dorje Chhering Negi Mob.: 7367822951 | Dr. Manoj Kumar Mob.: 7765057225 | S.R. Nedumaran Mob.: 7762998225 |
| 3. | 12 - लोहरदगा (अ0ज0जा0) | K.D. Kunjam Mob.: 9431970361 | Dr. Manoj Kumar Mob.: 7765057225 | Rejoy Krishnan Mob.: 9431970350 |
| 4. | 13 - पलामू (अ0जा0) | R.M. Moothadath Mob.: 8797766081 | Rohit Malpani Mob.: 8797765909 | G. Kannan Mob.: 7367938131 |

10-सिंहभूम, 11-खूंटी, 12-लोहरदगा एवं 13-पलामू संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के सभी मतदाता, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि एवं प्रत्याशी लोकसभा आम निर्वाचन - 2024 के दौरान चुनाव प्रक्रिया से जुड़ी किसी भी प्रकार की शिकायत/सुझाव के संबंध में आवश्यकतानुसार संबंधित प्रेक्षकों से संपर्क कर सकते हैं।

वोटर्स हेल्पलाईन (टॉलफ्री) - 1950 / 1800-331-1950

बेहतर सुविधा और अधिक जानकारी के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मोबाइल एप्प को डाउनलोड करें

Voter Helpline cVIGIL Saksham-ECI KYC-ECI

(के0 रवि कुमार)
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड

इस बार दिन भर मतदान

PR- 324730 (Election) 24-25


नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशंनस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रधान संपादक-देवेंद्र सिंह*** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**